सुप्रभात
रांची, सोमवार
16.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 96 12

अयोध्या : रामलीला में वेदवती बनेंगी भाग्यश्री

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

827
माध्यमिक शिक्षकों का
नियुक्ति पत्र
वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति
श्रीमती महुआ माजी
माननीया सांसद, राज्यसभा

श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा रांची

श्री सी.पी. सिंह
माननीय विधायक, विधानसभा रांची

दिनांक : 16 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : स्व॰ रामदयाल मुण्डा फुटबॉल मैदान मोराबादी, रांची

PRNO 309188 ( School Education and Literacy) IPRD 23-24

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार



सभी जिलों में तैनाती के लिए किया कॉलअप, 18 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रहेगी तैनाती

# दुर्गा पूजा को लेकर राज्यभर में 5000 होमगार्ड के जवान किये जायेंगे तैनात

## सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था के संधारण के लिए राज्य के 24 जिलों में करीब 5000 होमगार्ड के जवानों की तैनाती की जा रही है। दुर्गा पूजा में तैनाती के लिए होमगार्ड जवानों के कॉल अप की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति आदेश में यह बताया गया है कि दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर विधि व्यवस्था के संधारण के लिए सभी जिलों के लिए 18 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक कुल 9 दिन के लिए 5000 होमगार्ड की तैनाती की जाएगी। 28 अक्टूबर को सभी होमगार्ड अपने-अपने जिलों में योगदान दे देंगे, जहां से जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें विधि व्यवस्था के संधारण में लगाया जाएगा।

### किस जिले को कितना मिला बल (होमगार्ड)

रांची- 400, खूंटी- 100, रामगढ़- 150, लोहरदगा- 200, गुमला- 250, सिमडेगा- 150, जमशेदपुर- 500, चाईबासा-150, सरायकेला- 100, धनबाद- 400, बोकारो- 300, पलामू- 200, गढ़वा- 150, लातेहार- 100, हजारीबाग- 250, चतरा- 200, कोडरमा- 300, गिरिडीह- 200, दुमका- 250, जामताड़ा- 100, साहिबगंज- 125, गोड्डा- 150, देवघर- 150

> दुर्गापूजा के दौरान राज्य का विधि- व्यवस्था सुचारू करना राज्य पुलिस का दायित्व है। जिले के एसपी को इस संबंध में निर्देश जारी कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।
>
> **अमोल विणुकांत होमकर**
> **आइजी सह प्रवक्ता**
> **झारखंड पुलिस**

### पुलिस अधीक्षक करेंगे मॉनीटरिंग

झारखंड के जमशेदपुर और राजधानी रांची में सबसे ज्यादा 500-400 होमगार्ड जवानों की तैनाती की जा रही है, जिलों में योगदान देने के बाद सभी होमगार्ड के जवानों को जिलों के एसपी के द्वारा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर अन्य सुरक्षा बलों के साथ तैनात किया जाएगा। कुछ स्थानों पर इन्हें ट्रैफिक के संधारण में भी लगाया जाएगा। इनकी पूरी कोशिश रहेगी कि दुर्गा पूजा के दौरान लोगों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो और विधि व्यवस्था ठीक बनी रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, मुक्कमल तैयारी : बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी समेत राज्यभर में दुर्गोत्सव शुरू हो चुका है। लोग हर्षोल्लास के साथ त्योहार मना रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस ली है। दुर्गा पूजा के अलावा आगामी त्योहारों को लेकर सभी हॉस्पिटलों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि त्योहार सभी के लिए है इसलिए ध्यान रखें कि आपकी वजह से किसी का घर न जले या किसी का नुकसान न हो। सभी मिलकर शांति से त्योहार मनायें।

### स्वास्थ्य विभाग हर स्थिति से निपटने को तैयार



राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर हर स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। डायरिया को लेकर सूचना मिली थी। इसे लेकर विभाग ने तत्काल कदम उठाए हैं। प्रभावित इलाकों में ओआरएस और दवाएं बांटी गई है। लोगों को भी एहतियात बरतने को कहा गया है। डेंगू-चिकनगुनिया को लेकर भी लोग अपने से ध्यान रखें। गंदगी और जल जमाव जैसी समस्या न हो इसका भी ध्यान रखना होगा। हॉस्पिटलों में भी इससे निपटने की तैयारी रखी गई है।

# अस्पतालों के रखरखाव के लिए ₹6.46 करोड़ आवंटित

### किस जिलों को मिले कितने रुपये



| | |
|---|---|
| रांची | 5671000 |
| पूर्वी सिंहभूम | 3548000 |
| गुमला | 3481000 |
| सरायकेला | 2933000 |
| सिमडेगा | 2268500 |
| लोहरदगा | 1446500 |
| चतरा | 1978500 |
| धनबाद | 2662500 |
| गोड्डा | 2698500 |
| पलामू | 3295000 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 4886000 |
| दुमका | 4449000 |
| जामताड़ा | 2073000 |
| लातेहार | 1755500 |
| पाकुड़ | 1936500 |
| साहेबगंज | 2438500 |
| खूंटी | 1663000 |
| बोकारो | 2402000 |
| देवघर | 2634500 |
| गढ़वा | 2448500 |
| कोडरमा | 1186500 |
| हजारीबाग | 2732500 |
| रामगढ़ | 1082000 |
| गिरिडीह | 3001000 |

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य स्कीम के तहत स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रण में स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल एवं आवासीय परिसरों के नियमित रखरखाव, संचालन, प्रबंधन एवं मरम्मत की योजना के लिए 6 करोड़ 46 लाख 71 हजार रुपये का आवंटन किया गया है। बताते चलें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राशि का आवंटन किया गया है। रांची जिले को सबसे ज्यादा 56 लाख 71000 हजार का आवंटन किया गया है। राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे, जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

# नेतरहाट को नजदीकी रेलवे स्टेशन से जोड़ने की तैयारी में राज्य सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से झारखंड के फेमस हिल स्टेशन नेतरहाट (लातेहार जिला) को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी है। सरकार और रेलवे के स्तर पर इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। रेलवे मंत्रालय और झारखंड सरकार के ज्वाइंट वेंचर झारखंड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इसके लिए कदम बढ़ाया है। कॉरपोरेशन के जेनरल मैनेजर (प्रोजेक्ट) की ओर से इसके लिए टेंडर नोटिस जारी कर योग्य एजेंसियों से मदद मांगी गई है। टेंडर जारी करते कहा गया है कि नेतरहाट को नजदीकी रेलवे स्टेशन से जोड़ने के संबंध में ट्रैफिक, रूट और जरूरी खर्चे के लिए कंसल्टेंसी सर्विसेज की उसे आवश्यकता है। इसके लिए योग्य एजेंसियां 28 नवंबर तक आवेदन कर सकती हैं। इसी दिन बिड खोले भी जाएंगे।

### 8 महीने में जमा करनी होगी रिपोर्ट

डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुताबिक नेतरहाट को रेलवे कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए चयनित कंसल्टेंसी सर्विसेज को अपना काम 32 सप्ताह में कर देना होगा। जिस एजेंसी को कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए चुना जाएगा, वह करीब 8 महीने में अपनी जरूरी और निर्धारित रिपोर्ट सरकार को सौंप देगा। आवेदन करने वाले को बिड प्रोसेसिंग फीस के तौर पर 10 हजार रुपये लगेंगे, जबकि बिड सिक्योरिटी के तौर पर एक लाख रुपये जमा करने होंगे।

एक मांग वेतनमान के साथ टेट पास पारा शिक्षकों ने घेरा कांग्रेस कार्यालय, दिया धरना

# टेट पास पारा शिक्षकों को सुनियोजित तरीके से धोखा दे रही सरकार : शिक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के टेट पास सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) रविवार को एक मांग वेतनमान को लेकर कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और धरना पर बैठ गये। घेराव से पहले पारा शिक्षक कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। धरना पर बैठे पारा शिक्षकों का कहना था कि सरकार हमें धोखा दे रही है। दुर्गा-पूजा, दिवाली, छठ जैसे त्योहार आने वाले हैं, लेकिन सरकार हमारी मांग को अनसुना कर रही है।

संघ के प्रमोद कुमार ने बताया कि सरकार कह रही है कि पारा शिक्षकों की सारा समस्याएं दूर कर ली गयीं है, जो सरासर गलत है। अगर समस्या का समाधान हो गया होता तो सहायक अध्यापक आज धरना पर नहीं बैठते।

पारा शिक्षकों का कहना है कि झारखंड के सभी मंत्री और विधायक आश्वासन देकर कन्नी काटते हैं। टेट पास पारा शिक्षकों की धैर्य की परीक्षा न ले और अपनी वादा को पूरा करे। मालूम हो कि पिछले दिनों पारा शिक्षकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय का भी घेराव किया था। वहीं लगातार 54 दिनों से पारा शिक्षक राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

मौके पर प्रमोद कुमार, झरीलाल महतो, मीना, मनोज शर्मा, नफीस अंसारी, संनीफ अंसारी, राजेन्द्र प्रसाद दत्ता, प्रभु लोहरा, रामदयाल महतो, राजकिशोर महतो, योगेश्वर प्रजापति, सिबधन महतो, बिन्दु, किरण वर्मा, जितेंद्र कुमार, संचिता किस्पोटा, अजय कुमार, जैकी कुमार, प्रकाश यादव, अरविद पांडे, नीरज, अमित, बालेश्वर महतो, बंसत महतो, थनेश्वर महतो, महेन्द्र, नारायण चौधरी, हरिहर मोदी, लखन महतो, राजन उरांव, ब्रजेश, राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, बासुदेव यादव, अमित रॉय, अशोक सिंह, सुभाष महतो, राजेश चौधरी, सुनील प्रमाणिक, महादेव पासवान, रश्मि तिर्की, अंजना कुजूर, नुसरत परवीन, सावित्री, अनिता लिंडा, श्रीकांत, शमीम अंसारी, अलसफा, मो एहसान, डिंबुराज मुण्डा, प्रीतम तिर्की, कृष्णा कच्छप और हातिम अंसारी प्रसाद सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

# गाजा में हमले बंद करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संयुक्त ट्रेड यूनियनों एवं किसान संगठनों ने रविवार को गाजा में इजराइल के हमले को बंद करने की मांग को लेकर अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। गाजा पर अनाधिकृत कब्जा से इस्राइल वापस हटो के नारे के साथ ऐक्टू, एटक, सीटू, किसान सभा और एआईपीएफ ने अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ऐक्टू के प्रदेश महासचिव शुभेंदु सेन ने कहा कि भारत को हत्यारों के पक्ष में खड़ा होने के बजाये विश्व बंधुत्व के लिए शांति के पक्ष में खड़ा होना चाहिये। उन्होंने कहा कि युद्ध नहीं शान्ति चाहिये। किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र पाठक ने कहा कि गाजा में नरसंहार मानवता को कलांकित करने वाला है। हमला अविलांब बंद किया जाना चाहिये। मौके पर भुवनेश्वर केवट, अजय सिंह, नदीम खान, इजहार राही, गोपाल शरण, सरिता तिग्गा, शेख सहदूल, गणेश महतो, किशोर खंडित, एनामुल आदि उपस्थित थे।

छात्र-छात्राओं के लिए अपार आइडी योजना लेकर आ रही है केंद्र सरकार

# वन नेशन-वन वोटर आइडी के लिए सरकारी स्कूलों में आज से अभियान

### बच्चों के आधार नंबर से भी लिंक रहेगा अपार आइडी

**सुधीर**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों का वन नेशनन-वन वोटर आइडी के तहत ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिर रजिस्ट्री (अपार आइडी) बनाया जायेगा। इसके लिए राज्य के स्कूलों में 16 से 18 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत विद्यालयों में पीटीएम आयोजित कर सभी अभिभावकों को इस बारे में जानकारी दी जायेगी। इसमें बताया जायेगा कि अपार-आइडी किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता है। सारे अभिभावकों को एक सहमति पत्र भी दिया जायेगा, जिसमें वह यश और नो मार्क लगाकर सौंप देंगे।

### क्या है अपार-आइडी

अपार-आइडी एक तरह का ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट है। देश भर में जितने भी स्कूल हैं, हर स्कूल के बच्चों का अपार आइडी तैयार किया जाएगा। एडमिशन में भी अपार आइडी का इस्तेमाल किया जाएगा। देश के किसी भी जिले के स्कूल में एडमिशन लेना हो तो केवल अपार नंबर डालने से उसका पूरा डिटेल सामने होगा।

### केंद्र सरकार की है योजना

केंद्र सरकार स्टूडेंट्स के लिए आइडी योजना लेकर आ रही है। इसके तहत हर बच्चों का एक आइडी तैयार किया जाएगा और उसमें सभी एकेडमिक जानकारी भी दी जायेगी। आप इसे आधार कार्ड की तरह समझ सकते हैं। इस स्टूडेंट्स आइडी का नाम **अपार आइडी** रखा गया है। इस कार्ड में बच्चे की एक-एक जानकारी होगी। बच्चे का नाम, पता, जन्मतिथि, फोटो के साथ-साथ बच्चे के खेलकूद की एक्टिविटीज, एजुकेशन लोन, स्कॉलरशिप, जितने अवार्ड मिले है। ये सभी डाटा इस आइडी में उपलब्ध होगी।

### बच्चों के लिए क्यों है जरूरी केंद्र सरकार

नई शिक्षा नीति (एनईपी- 2020) के तहत इस अपार आइडी की पहल की गई है। अपार आइडी को बच्चों के आधार नंबर से भी लिंक किया जाएगा। अपार आइडी को लेकर सरकार की कई योजनाएं भी शामिल हैं, जैसे बैंक अकाउंट का क्रेडिट स्कोर कितना है। उसी क्रेडिट स्कोर पर उन्हें लोन जैसी सुविधाएं मिलेगी। इस आइडी के जरिए स्टूडेंट्स को क्रेडिट स्कोर मिलेंगे। इसका फायदा हायर एजुकेशन या जॉब के समय होगा। रिपोर्ट की मानें तो कहा जा रहा है कि एनटीए या अन्य विश्वविद्यालयों में आयोजित होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## अधिवक्ता को जान से मारने की मिली धमकी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता नवीन सिंह को केस मैनेज नहीं करने पर जान से मारने की धमकी मिली है। साथ ही उनसे पांच लाख की रंगदारी की भी मांग की गयी है। नवीन सिंह ने रामगढ़ के पंकज महतो व उसके साथियों के खिलाफ धुर्वा थाना में मामला दर्ज कराया है। थाना में दिये आवेदन में नवीन सिंह ने कहा कि पंकज महतो उससे लीगल नोटिस करवाने के संदर्भ में मिला था जो उन्होंने किया लेकिन इस बीच पंकज महतो किसी केस में जेल चला गया। जेल से बाहर आने के बाद पंकज महतो ने उन्हें सूचक की तरफ से मामले में हाजिर करवाकर जमानत का विरोध करने को कहा। उनपर दोनों केस में मैनेज करने के लिए दबाव बनाया गया। जिससे वह विवश होकर पकंज महतो को अपनी दोनों फाइल व अन्य कागजात ले जाने को कहा, जिसका सारांश व्हाट्सएप चैटिंग में है। इसके बाद पंकज महतो ने उनके मोबाइल नंबर पर कॉल कर धमकी दी।

# इजराइल से लौटी विनिता घोष से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

### प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और भाजपा का जताया आभार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की टीम रविवार को आरती कुजूर के नेतृत्व में रातू रोड निवासी विनीता घोष और उसके परिजनों से मुलाकात की। मालूम हो कि विनीता घोष इजराइल में पीएचडी की पढ़ाई कर रही है और पिछले डेढ़ साल से वहां रह रही थी। लेकिन, कुछ दिनों से युद्ध के कारण इजराइल का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। और ऐसे में अपने देश वापस लौटने की गुंजाइश नहीं दिख रही थी। परंतु प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन अजय के माध्यम से इजराइल में फसें छात्रों को वापस लाने का काम किया। विनीता और उनके परिजन प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर और इजराइल के राजदूतों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनके पहल के कारण पहली फ्लाईट से अपने घर और परिजनों के पास लौटने का मौका मिला। विनीता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे लगातार झारखंड के लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहे हैं। समय पर उन्होंने मदद भी की है।

भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के भय वाले बयान पर किया पलटवार

# सीएम कैसे समझ रहे कि वे जेल जायेंगे : प्रतुल

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा, झारखंड के 23 वर्षों में 12 वर्ष तक झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राज किया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सीएम हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें कहा गया था कि उन्हें जेल भेजने की तैयारी चल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह जानना चाहा कि वह किस आधार पर कह रहे हैं कि उन्हें जेल भेजने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा सिर्फ उन्हें समन किया गया है लेकिन, मुख्यमंत्री शायद अपनी अंतरात्मा की आवाज से यह बात कह रहे हैं क्योंकि अंतरात्मा को सारी सच्चाई पता होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस भी 41-ए के तहत हजारों नोटिस निर्गत करती है तो एक केंद्रीय एजेंसी के नोटिस से मुख्यमंत्री इतना परेशान क्यों होकर बेचैन दिख रहे हैं। जाहिर है मुख्यमंत्री जी को पता है की जजमेंट-डे निकट आ रहा है और सारे घपले घोटाले का हिसाब देना होगा। मुख्यमंत्री जी को यह भी पता है कि इसका अंतिम अंजाम क्या होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद को आदिवासी बता कर विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन, वे भूल रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उनसे 28 मार्च 2010 को एसआईटी ने 10 घंटे तक पूछताछ की थी। उस समय तो उन्होंने अपने पिछड़ी जाति के होने का हवाला देकर यूपीए सरकार पर कोई आरोप नहीं लगाया था। बाद में इस केस में एसआईटी ने मोदी जी को यूपीए शासन काल में ही क्लीन चिट दे दी। इसे बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने भी सही माना। सीबीआई ने भी गृह मंत्री अमित शाह जी से 7 अगस्त, 2010 को 9 घंटे तक लंबी पूछताछ की थी। बाद में 1 अगस्त 2016 को अमित शाह जी को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई।

### मोदी सरकार ने हेमंत सरकार को दी अधिक मदद

सीएम भाजपा पर 20 साल राज करने का आरोप लगा रहे हैं। जबकि इस प्रदेश के 23 वर्षों में 12 साल तक झामुमो, कांग्रेस ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राज किया। 2005 में 9 दिनों के लिए शिबू सोरेन मुख्यमंत्री बने। निर्दलीय मधु कोड़ा एक साल 346 दिन मुख्यमंत्री रहे। जिन्हें झामुमो, कांग्रेस चला रही थी। 2008 से 2010 के बीच में शिबू सोरेन दो बार 145 दिन और 153 दिन के लिये मुख्यमंत्री रहे। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2012 से 2014 में 1 साल 168 दिन तक मुख्यमंत्री बने रहे। वर्तमान में 29 दिसंबर 2019 से लगभग 3 वर्ष 10 महीने तक वह मुख्यमंत्री बने हुये हैं। केंद्र सरकार के असहयोग पर पलटवार करते हुये उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने रघुवर सरकार के समय से भी ज्यादा मदद हेमंत सरकार को दिया है। इनके वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विधानसभा में भी केंद्र सरकार के सहयोग की प्रशंसा की थी। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में तैयारी बैठक का आयोजन

# दुर्गा पूजा के बाद मोरहाबादी में संकल्प यात्रा का होगा समापन : गंगोत्री कुजूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में रविवार को रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला की संयुक्त बैठक हुई। इस अवसर पर गंगोत्री कुजूर ने कहा कि अबतक आठ चरण में 71 विधानसभा क्षेत्र में संपन्न संकल्प यात्रा में जनता का को स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इससे स्पष्ट है कि समापन कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। उन्होंने सभी से कार्यक्रम की सफलता में चार चांद लगाने के लिए कार्यकर्ताओं को तन मन से जुट जाने का आह्वान किया।

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता भाजपा के नीति-सिद्धातों और विचारों पर विश्वास कर राज्य को भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, हत्या- लूट, बलात्कार से उबारने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि समापन कार्यक्रम में आने केलिये घर-घर जाकर कार्यकर्ता जनता से आग्रह करेंगे। जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा को जनभागीदारी ने जन संकल्प यात्रा में बदल दिया। इस यात्रा ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा राज्य की जनभावनाओं की आवाज है।

वहीं सांसद संजय सेठ ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा ने जनता को भरोसा दिलाया है। जनता की टूटती उम्मीद को फिर भाजपा ही जोड़ सकती है।

बैठक में सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, शोभा यादव, संतोष कुमार, सुनील गुप्ता, राजीव रंजन, मनोज मिश्रा, कमाल खान, लक्ष्मी चंद दीक्षित, सूरज चौरसिया, रविनाथ किशोर, मुनचुन राय, अरुण झा, संदीप वर्मा, रमेश सिंह,केके गुप्ता, वरुण साहु, बलराम सिंह, जितेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, अनीता वर्मा, अरविन्द सिंह पिंटू, रोमित नारायण सिंह, रामलगन राम, गोपाल सोनी, लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, जॉनी वॉकर खान,उमेश यादव, आरती कुजूर आदि थे।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, सोमवार

16.10.2023

नगर संस्करण । पेज : 12

आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 96 | khabarmantra.net

## ब्रह्मचारिणी



दधाना करपद्माभ्याम
अक्षमाला कमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

मां दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप का आचरण करने वाली है। कहा भी है- वेदस्तत्वं तपो ब्रह्म-वेद तत्व और तप ब्रह्म शब्द का अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय और भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला और बायें हाथ में कमंडल है। मां ने भगवान शिव को पति स्वरूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस वजह से उन्हें तपश्चारिणी नाम से भी जाना जाता है। देवी ब्रह्मचारिणी को शक्कर अर्पित करने से परिवार के सभी सदस्यों की लंबी उम्र मिलती है।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली व आसपास के इलाके में एकबार फिर भूकंप

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में एक बार फिर भूकंप के झटके आये। रविवार को फरीदाबाद में आये भूकंप से दिल्ली समेत आसपास के सभी शहर हिल गये। 4:08 बजे यह भूकंप आया। नोएडा गुरुग्राम में भी झटके महसूस किये गये। इसका केंद्र दिल्ली के नजदीक फरीदाबाद से 9 किलोमीटर पूर्व में था। भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण जानमाल की क्षति नहीं हुई। महीने दो बार भूकंप आ जाने की वजह से लोग घबरा गये हैं।

### 25 लाख की अफीम के साथ तीन तस्कर धराये

**हजारीबाग।** बरही पुलिस ने रविवार को चुकरा टांड से भारी मात्रा में अफीम जब्त की है। पुलिस ने ब्रेजा कार (जेएच 01डी 3907) सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में चतरा लाइन मुहल्ला के बुलंद अख्तर ,लातेहार चंदवा के मुकेश प्रसाद और तीसरा बरही थाना क्षेत्र के कोयली गांव के रहनेवाला है। बरही जेल के समीप ब्रेजा कार को पुलिस ने रोका तो उसमें बैठे तीनों तस्कर भागने लगे। छापामारी दल ने तीनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। कार में एक प्लास्टिक पॉलीथीन में पांच किग्रा अफीम मिली।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू



एदलहातू में शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को 1100 कलश की स्थापना कर मां भगवती की पूजा-अर्चना शुरू की गयी।

### रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सीएम आज करेंगे जे-गुरुजी एप की लांचिंग

# झारखंड के 827 माध्यमिक शिक्षकों को देंगे नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राज्य के 827 माध्यमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। मोरहाबादी मैदान स्थित रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सीएम हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में सफल इन अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटेंगे। साथ ही स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से बच्चों को डिजिटल शिक्षा देने के लिए बने जे-गुरुजी एप को भी लांच करेंगे। इस एप से झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे ऑनलाइन शिक्षा पा सकेंगे। कार्यक्रम में सबसे अधिक नियुक्त पत्र पाने वाला जिला पश्चिम सिंहभूम होगा। वहां के 100 शिक्षकों नियुक्ति पत्र दिया जायेगा, जबकि सबसे कम 5-5 नियुक्ति पत्र खूंटी और लोहरदगा जिले के शिक्षकों को मिलेगा।

**क्या है जे-गुरुजी एप :** जे-गुरुजी एक ऐसा एप है जिसमें कई फीचर्स हैं। इस एप में बच्चों की पढ़ाई का मूल्यांकन करने की भी व्यवस्था है। गलत उत्तर की व्याख्या करने और सही उत्तर देने की भी व्यवस्था की गयी है। बच्चे एप से स्कूल के बाद घर में ऑडियो-वीडियो माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे। यह एप स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से बिल्कुल फ्री डाउनलोड होगा। एप का इस्तेमाल करने के लिए उसमें रजिस्ट्रेशन करना होगा। एप में हर स्कूल के लिए अलग-अलग कोड होगा। स्कूल, शिक्षक और मैनेजमेंट के लिए अलग-अलग लॉगिन और पासवर्ड होगा।

### किस जिले से कितने शिक्षक चयनित

पश्चिमी सिंहभूम -100, पलामू -74, गिरिडीह- 74, लातेहार-70, चतरा-61, पूर्वी सिंहभूम -52, दुमका-52, सरायकेला-40, गोड्डा -39, रांची- 8, गुमला -13, खूंटी-05, लोहरदगा-05, सिमडेगा -24, गढ़वा -32, बोकारो-06, धनबाद -11, हजारीबाग -35, कोडरमा-13, रामगढ़ -35, देवघर -16, जामताड़ा-16, पाकुड़ -12 एवं साहिबगंज -34

## इजरायली स्ट्राइक में मारा गया हमास का टॉप कमांडर बिलाल

### जो बाइडन ने नेतन्याहू और अब्बास से की बात

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** इजराइल और हमास के बीच नौवें दिन भी जंग जारी है। इस बीच खबर है कि इजरायली सैनिकों ने शनिवार की देर रात दक्षिणी खान यूनिस बटालियन में नहबा बल के टॉप कमांडर बिलाल अल-कदरा को एयर स्ट्राइक में ढेर कर दिया। इसके साथ ही इस्लामिक जेहाद के हेडक्वॉर्टर को भी ध्वस्त कर दिया। इजरायली वायुसैनिकों ने लड़ाकू विमानों से गाजा पट्टी पर एयर स्ट्राइक की जिसमें बिलाल को मार गिराया। बिलाल ने इजरायल में किबुत्ज निरिम और निरओज इलाके में घरों में घुसकर लोगों की हत्या की थी। बिलाल हमास के साथ काम करने के अलावा कदरा फिलिस्तानी इस्लामिक जिहाद संगठन में अहम भूमिका निभा रहा था। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने युद्ध के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की।

**गाजा पर व्यापक हमला शीघ :** इजराइली सेना के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागारी ने शनिवार रात राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित एक संबोधन में निवासियों से दक्षिणी गाजा पट्टी इलाके में जाने के लिए एक नयी अपील जारी की। उन्होंने कहा, हम जल्द ही गाजा शहर पर व्यापक हमला करने जा रहे हैं। उन्होंने हमास पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इजराइल ने संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा की लगभग आधी आबादी को उनके घर खाली करने का आदेश दिया है। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से 2,329 फिलिस्तीनी मारे गये हैं और यह गाजा में फिलिस्तीनियों के लिए सबसे घातक युद्ध बन गया है। घायलों की संख्या 8,714 हो चुकी है।

## अमर बाउरी बने भाजपा विधायक दल के नेता



**रांची।** झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विधायक अमर कुमार बाउरी को भाजपा विधायक दल का नेता नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार पार्टी ने रविवार को श्री बाउरी के नाम की घोषणा कर दी। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक जेपी पटेल को विधानसभा में पार्टी का सचेतक घोषित किया गया है। भाजपा के अधिकृत पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की रिपोर्ट एवं उसपर सम्यक विचारोपरांत के बाद इसका फैसला लिया है।

## सड़क हादसों में 25 की गयी जान

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देश के तीन राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान और बिहार में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत हुई है। इन दुर्घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। शनिवार देर रात महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर (पूर्व में औरंगाबाद) में एक टैंपो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा एक्सप्रेस-वे पर बैजापुर टोल प्लाजा के पास हुआ। पीएम मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। वहीं बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 के सुजावलपुर के पास बस और ऑटो की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी। गुस्साए लोगों ने घंटों एनएच-28 जाम लगाकर हंगामा भी किया। उग्र लोगों और पुलिस के बीच हल्की नोक-झोंक भी हुई। तीसरी घटना राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में रविवार को हुई। एक ट्रक और क्रूजर जीप में हुंइ टक्कर जीप में सवार सात लोगों की मौत हो गयी। कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## बॉर्डर पर 'परमाणु साजिश' होगी नाकाम

### पाकिस्तान, बांग्लादेश म्यांमार, नेपाल सीमा पर लगेंगे खास उपकरण

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रेडियोधर्मी सामग्री की तस्करी को रोकने लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और नेपाल की सीमा पर जल्द ही विकिरण जांच उपकरण (आरडीइ) लगाये जायेंगे, ताकि परमाणु यंत्र बनाने में इसके संभावित इस्तेमाल पर लगाम लगायी जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरडीई को एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) और भूमि पारगमन स्थल पर लगाया जायेगा। यह अटारी (पाकिस्तान सीमा), पेट्रापोल, अगरतला, डावकी और सुतारकांडी (बांग्लादेश सीमा पर), रक्सौल और जोगबनी (नेपाल) और मोरेह (म्यांमार सीमा) पर लगाये जायेंगे। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने विकिरण जांच उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव के लिए कार्य आदेश पिछले साल हुए एक समझौते के माध्यम से प्रदान कर दिया था और संबंधित विक्रेता जल्द ही इसकी आपूर्ति करेगा और इन्हें लगाने का काम पूरा होगा। केंद्र सरकार ने आरडीइ स्थापित करने की पहल इसलिए की है ताकि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से रेडियोधर्मी सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगायी जा सके।

### पी-20 अब तक का सबसे सफल सम्मेलन

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जी-20 देशों की संसद के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन पी-20 को अब तक का सबसे सफल शिखर सम्मेलन बताया है। बिरला ने रविवार को कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के नेतृत्व में संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति के बाद अब पी-20 में भी देश संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाने में कामयाब रहे।

### 'ऑपरेशन-अजय' 471 लौटे

**नयी दिल्ली।** तेल अवीव से कुल 471 भारतीयों को लेकर दो विमान रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। इनमें से एक उड़ान एअर इंडिया और दूसरी उड़ान स्पाइस जेट की थी। ऑपरेशन अजय के तहत कुल चार उड़ानें संचालित की गयी हैं।

## शक्तिपीठ ज्वाला देवी मंदिर से आयी ज्योत अनवरत जल रही है

### शक्ति मंदिर धनबाद में भक्तों की सभी मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद के प्रसिद्ध शक्ति मंदिर का संबंध हिमाचल प्रदेश की ज्वाला देवी मंदिर से है। यह मंदिर भक्तों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र है। ऐसी मान्यता है कि मंदिर में ज्योत अनवरत जलती रहती है और उनके दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस ज्योत का सीधा संबंध हिमाचल प्रदेश की ज्वाला देवी मंदिर से है। दिसंबर 1989 स्थापित शक्ति मंदिर के लिए ज्योत 19 फरवरी 1997 को हिमाचल प्रदेश स्थित शक्तिपीठ ज्वाला देवी मंदिर से लायी गयी थी। पूरे क्षेत्र में भ्रमण के बाद वह ज्योत शक्ति मंदिर में स्थापित की गयी। शक्तिपीठ ज्वाला जी की कृपा धनबाद के शक्ति मंदिर पर हमेशा बनी रही और तब से ज्वाला जी ये ज्योत अनवरत जल रही है। धनबाद शक्ति मंदिर समेत जिले के अन्य मंदिरों में रविवार को कलश स्थापना के साथ नवरात्रि की पूजा शुरू हो गयी। यह मंदिर भक्तों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र है। अनवरत जलती ज्योत के दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसको लेकर मंदिर कमेटी उपाध्यक्ष राजीव सचदेवा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसके लिए मंदिर के स्टाफ, सेवादार श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। मंदिर प्रांगण को सीसीटीवी कैमरा से भी मॉनिटर किया जा रहा है। भक्तों की भीड़ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उमड़ी है और सभी ने शांतिपूर्वक लाइन में लगकर माता के दर्शन और पूजा अर्चना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शक्ति मंदिर प्रांगण में आम दिनों के मुकाबले नवरात्रि के 9 दिन माता की आरती सुबह 5:00 बजे, सुबह 7:00 बजे और संध्या आरती 8:00 बजे होती है। इस समय में श्रद्धालुओं की काफई भीड़ होती है। इसके अलावा यहां आने वाले भक्त को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए स्वास्थ्य सुविधा का भी इंतजाम किया गया है।



# कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र शुरू, भक्तिमय हुआ पलामू

## स्पीड न्यूज

### राजपरिवार ने बनाया था गढ़देवी मंदिर शक्ति पीठ के रूप में है प्रसिद्ध



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय में राजपरिवार द्वारा बनवाया गया मां आदिशक्ति का गढ़देवी मंदिर काफी प्राचीन है। यह मंदिर बिश्रामपुर राजपरिवार के गढ़ परिसर में ही स्थित है। यह गढ़देवी मंदिर पलामू प्रमंडल में शक्ति पीठ के रूप में प्रसिद्ध है। जिसमे चांदी से बना हुआ मां आदिशक्ति की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित मां आदिशक्ति बिश्रामपुर राज परिवार की कुलदेवी भी हैं। राज परिवार मंदिर में स्थापित अपने कुल देवी की पूजा अर्चना 150 वर्ष पूर्व से करते आ रहा है। राजपरिवार पूजा के दौरान मां आदिशक्ति से परिवार की समृद्धि और प्रजा की भलाई के अलावा क्षेत्र में अमन शांति, हरियाली ब खुशहाली की दुआ मांगता है। वैसे तो प्रत्येक दिन सुबह शाम मां की पूजा आरती होती है जिसे राज पुरोहित पंडित अच्युयतानंद पांडेय करते हैं। राजपरिवार के सदस्य भी पूजा अर्चना करने आते रहते हैं। लेकिन शारदीय नवरात्र व चैत नवरात्र में में यहां विशेष पूजा अर्चना होती है। जिसमे राजपरिवार के सभी सदस्य शामिल होते हैं। दोनो नवरात्र में इस मंदिर का कपाट आम लोगों के लिए भी खोल दिया जाता है। नवरात्र के दौरान आसपास के दर्जनों गांव के लोग भी यहां पूजा अर्चना करने आते हैं। इस परंपरा को राजा रंजित राय,रानी रागनी सिंह ब युवराज शशांक शेखर आज भी जीवित रखे हुए हैं। नवरात्र के प्रथम दिन से ही राजपरिवार के सभी सदस्य पूजा अर्चना में लग जाते हैं। राजा रंजित राय व उनकी पत्नी रानी रागनी सिंह ने आज पांच कलश की स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू कर दिया है। यहां बली प्रथा आज भी कायम है। पौराणिक मान्यता है कि यहां शुद्ध मन से जो भी मन्नत मांगी जाती है वह अवश्य पूर्ण होती है। राजपुरोहित पंडित अच्युतानंद पांडेय ने बताया कि राज परिवार की कुलदेवी इस मंदिर में वास करती हैं। इनकी बड़ी महिमा है। यहां दूर दूर से लोग पूजा अर्चना करने आते हैं। जो भी सच्चे मन से मां की पूजा अर्चना करता है, मा उसे कबुल करती हैं और मनोकामना भी पूर्ण होता है। राजा रंजित राय ने कहा कि मां आदिशक्ति की भक्ति से शक्ति मिलती है। भक्ति से मिले शक्ति को आम लोगों की भलाई हेतु उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बिश्रामपुरवासियों को नवरात्र की शुभकामना देते हुए उम्मीद जताया कि मां अम्बे सबको प्रसन्नचित रखेंगी।

### उंटारी रोड : दुर्गा पूजा के नवरात्र को लेकर निकली कलश यात्रा



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखण्ड के बिरजा गांव में नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बिरजा से चलकर कल्याणपुर नदी के लिए रवाना हुई। कलश यात्रा का नेतृत्व दिनेश चौधरी, सचिव बिक्रमा, उपाध्यक्ष गोविंद, कोषाध्यक्ष रामाशीष ने किया। साथ ही मां शैलपुत्री की पूजा की गई। जिसमें श्रद्धालू शामिल थे। इस मौके पर चार दिवसीय नाटक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

### पलामू लोकसभा के सामान्य समिति की बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के सामान्य समिति की बैठक की गई बैठक का अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया एवं बैठक में मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के संयोजक भीम कुमार उपस्थित थे। बैठक में सर्व समिति से प्रस्ताव पास हुआ कि पलामू लोकसभा कांग्रेस पार्टी को ही लड़ना चाहिए। इंडिया गठबंधन के लिए सुनिश्चित होगी जीत। बहुत जल्द एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात करेगा और सभी बातों से अवगत कराया जाएगा। पंचायत तक संगठन खड़ा होकर तैयार है और भूत कमेटी का कार्य लगातार प्रतिदिन हो रहा है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी प्रदेश महासचिव विजय चौबे, चंद्रशेखर शुक्ला, श्याम नारायण सिंह, लक्ष्मी नारायण तिवारी, रामाशीष पांडे, ओमप्रकाश अमन, पप्पू पासवान, पूर्णिमा पांडे ,बलराम पांडे, भिखारी राम, राकेश चौबे ,मुकेश सिंह, विकास सिंह शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ने किया।

### कांग्रेस ने पांडू व उंटारी में किया नुक्कड़ सभा आयोजित



**पांडू/ उंटारी पलामू।** पांडू और उंटारी प्रखण्ड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी द्वारा पोल खोल-हल्ला बोल अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया लक्ष्य-2024 को लेकर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोल हल्ला-बोल अभियान पलामू जिला के सभी प्रखंड में आयोजित किया जा रहा है। पांडू में आयोजित नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता सच्चिदानंद शुक्ला तथा उंटारी में संजीव सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया। सभा में जैश रंजन पाठक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने चुनाव के समय देश की जनता से वादा किया था कि प्रत्येक वर्ष दो करोड़ रोजगार देंगे, भ्रष्टाचार मुक्त करेंगे, महंगाई कम करेंगे, किसानों की आय दुगुनी करेंगे। परंतु केंद्र की मोदी सरकार ने चुनाव जीतने के बाद सभी कामों को अपने वादे के विपरीत किया है। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बजाय, भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार बढ़ा है। पलामू लोकसभा संयोजक भीम कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार भ्रष्टाचार कम करने के लिए नोटबंदी किया और 1000 के नोट के बदले 2000 का नोट चलाकर भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दिया जब चारों ओर का भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला 20 सुत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, सत्यानंद दुबे, पूर्णिमा पांडे, अब्दुल्लाह अंसारी, अरविंद तूफानी, बडू दुबे, सतनारायण तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मिट्ठू खान, सत्येंद्र सिंह, छोटू पाठक, रवींद्र शुक्ला, शैलेश मेहता, मुकेश सिंह, विक्की तिवारी, रिंकू सिंह, श्याम नारायण तिवारी ,अशोक सिंह, श्याम नारायण सिंह, रविंद्र दीक्षित, सत्येंद्र गुप्ता, केदार पांडे, राजेश सिंह, संजय सिंह, पप्पू सिंह, सुनील तिवारी, भूपेंद्र दुबे, सुरेश चौधरी, सुनील चौधरी, राजेश चंद्रवंशी, युगल सिंह, नरेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

### भव्य व आकर्षक बना है तोलरा का दुर्गा पूजा पंडाल, कारीगर दे रहे अंतिम रूप



**विश्रामपुर पलामू।** भारत में धर्म के प्रति लोगो में गहरी आस्था है और इन दिनों श्रद्धा से शारदीय नवरात्र की जगह-जगह धूम मची है। कही लाखो रुपए तो कहीं करोड़ो रुपए खर्च कर भक्त इन दिनों दुर्गा पुजा के लिए पंडाल बनाने में लगे हैं। पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव में भी इन दिनों कलकत्ता के कुशल कारीगर द्वारा भव्य व आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है। नवयुवक संघ तोलरा के युवाओं द्वारा रात्री में छोटे पर्दे पर रामायण का एपीसोड दिखाया जा रहा है। भक्ती के रंग में रंगा यह गांव अनोखा छटा बिखेर रही है कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर तिवारी, सचिव रंधा तिवारी, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, मिडिया प्रभारी राम निवास तिवारी, दिपु तिवारी आदि तैयारी में लगे हैं तोलरा के मीडिल स्कूल में भक्तों के लिए सायंकाल से हीं राम लक्ष्मण माता सीता सहित रामायण में हनुमान सुग्रीव वशिष्ठ एवं अन्य की झलक के रुप में देख सकेंगे।

### रास्ता विवाद में मारपीट, एक की मौत

**पड़वा पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ी में दो भाईयों के बीच रास्ता विवाद को मारपीट में एक 60 वर्षीय रामराज महतो की मौत हो गई। घटना शनिवार की देर रात की है। इस संबंध में मृतक रामराज के पुत्र अजेन्द्र मेहता ने अपने चाचा चाची सहित पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि चाचा के साथ बहुत दिनों से रास्ता को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गया।

## गांव में भक्तों ने मां का किया आह्वान

**मेदिनीनगर (खबर मन्त्र संवाददाता)।** जिले में कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गई है। पूजा पंडालों में चहल पहल बढ़ गई है। शहर से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक मां की जयघोष से समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया है। कई पूजा पंडालों में कलश यात्रा के साथ श्रीरामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ तो कई पंडालों में धारावाहिक कार्यक्रम भी शुरू हो गया। शहर के सुदना, बैरिया चौक, हमीदगंज, बेलवाटिका, बाल समाज, जय भवानी संघ, किशोर समाज, जनता सेवक संघ, रेड़मा ठाकुरबाड़ी समेत जिले के सभी प्रखंडों में पूजा समितियों द्वारा पंडाल को आकर्षक तरीके से सजाने से लेकर मां दुर्गे की आकर्षक झांकी प्रस्तुत किये जायेंगे। जो भक्तों को आकर्षित करेगा। इधर जिले के पंडवा, पाटन, विश्रामपुर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, चैनपुर, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, पांडू, पांकी, मनातू, लेस्लीगंज, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहा बाजार समेत सभी प्रखंडों में शारदीय नवरात्र के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडवा प्रखंड के लोहड़ा गांव में नवयुवक संघ के तत्वावधान मे आयोजित श्रीरामचरित्रमानस नवाह्नपरायण पाठ की पूर्व संध्या पर हनुमत पूजा का आयोजन किया गया।

## नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने निकाली जलयात्रा



**नौडीहा बजार पलामू।** प्रखंड के नावाटाडं पंचायत के नौडीहा बजार में नवरात्र के लेकर सुबह कलश स्थापना को लेकर ग्रामीणों के द्वारा जलयात्रा निकाल गया। जो नौडीहा बजार महाबिर मंदिर से निकल कर सोरहर मोहर नदी से जल लाया गया। उसके बाद कलश स्थापना की गई। मौके मुख्य अतिथि जिला पार्षद सदस्य सुदामा प्रसाद एवं प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी मौजूद थे । मौके पर उन्होंने कहा कि इस नवरात्रि में सभी लोग को बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए और बुराई को छोड़कर अच्छा कर्म करने का संकल्प लेना चाहिए । मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुना श्रीवास्तव मुना सिंह, अक्षय किशोर विश्वकर्मा, अलोक यादव, दिपू कुमार गुप्ता, काशी प्रसाद एवं परोहित मार्कण्डेय पाठक मौजूद थे।

## सैकड़ों कुंवारी कन्याओं ने बिश्रामपुर में निकाली कलश यात्रा, गूंज उठा जय माता दी



बिश्रामपुर पलामू। विश्रामपुर प्रखंड में शारदीय नवरात्र की शुरूआत में श्रद्धा के साथ कलश स्थापना कर बिश्रामपुर के विभिन्न स्थानों पर वैदिक मंत्रोच्चारण से मंदिर समेत पूरा इलाका गूंज उठा है, मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रबशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार विधायक नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल, सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पाण्डेय, निबर्तमान पर्सद पूनम देवी,समाज सेवी नईमुदिन अंसारी ,मुंशी गुप्ता,विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से सैकड़ो कुंवारी कन्याओं के जत्था को जलभर कलश यात्रा निकाली जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण कर देवी के जयघोष के साथ ही रविवार से शारदीय नवरात्र श्रद्धा भक्ति से शुरू हो गया। श्री चंद्रबशी ने कहा कि मां प्रदान करती हैं सुख और समृद्धि अपनी मनोकामना और मन्नतों की पूर्ति के लिए मां के चरणों में माथा टेका जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि नवरात्रि में श्रद्धापूर्वक आराधना करने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर सुख शांति और समृद्धि प्रदान करती हैं। जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। मौके पर सार्वजनिक दुर्गा मंडप के अध्यक्ष राकेश केशरी, नवयुवक संघ सोरडिहा अध्यक्ष संतोष कुमार, गोपाल सोनी, मुकेश कुमार, दिलीप चंद्रवंशी, आनंद राज, जयंत चौहान,सचिव विकाश कुमार,राहुल कुमार,रवि कुमार,सूचित कुमार,विशाल कुमार,मोहित कुमार,गजेंद्र कुमार,सुनील कुमार,अंकित कुमार, राजा कुमार, अंशु कुमार सहित सार्वजनिक दुर्गा मंडप,नवयुवक संघ ,आदर्श कला केंद्र सोरडीहा, जागृति युवा क्लब के पदाधिकारी, सदस्य एव सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

## गाजे-बाजे के साथ खरौंधा के श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



**पाटन पलामू।** शारदीय नवरात्र के पवन अवसर पर ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम खरौंधा में जय भवानी क्लब के तत्वाधान में कलश यात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा में पकरी, राजहरा, खरौंधी के श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सगुना के मुखिया मंजू देवी, पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, पलामू जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह, झामुमो पाटन प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत सिंह, मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह, जंघासी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, झारखण्ड समग्र विकास केंद्र के उपाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह,समाजसेवी रंजीत सिंह,जय भवानी क्लब के पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जनाब मुस्तकीम अंसारी,विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, उमेश सिंह, समाजसेवी प्रमोद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह शामिल हुए। मौके पर प्रतिनिधियों ने कहा कि कलश यात्रा के बाद नवरात्र पूजा प्रारंभ होगा। कहा कि नवरात्र में मां दुर्गे की आराधना सुख, समृद्धिव शक्ति मिलती है। कहा कि पूजा अर्चना से क्षेत्र के लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है। जलयात्रा कार्यक्रम का संचालन मुखिया प्रतिनिधि रंजीत सिंह ने किया।

## बघमनवा पंचायत में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ नवरात्र महोत्सव



**बिश्रामपुर पलामू।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को बघमनवा पंचायत के चोरटिया एव बघमनवा ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह कलश यात्रा निकाली गई। इसके उपरांत विधिवत पूजा अर्चना कर कलश स्थापना किया गयी। इस कड़ी मे बतौर मुख्य अतिथि बघमनवा मुखिया मंजू देवी एव समाज सेवी मनिष कुमार बिशेष रूप से मौजूद रहे। क्षेत्र में पूरे गाजे बाजे के साथ उत्साहपूर्ण कलश यात्रा निकाली गई। जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं के जत्था को जलभर मुखिया मंजू देवी ने कलश यात्रा की शुरूवात की। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण कर देवी के जयघोष के साथ ही रविवार से शारदीय नवरात्र श्रद्धा भक्ति से शुरू हो गया।

## शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में उंटारी रोड में कई जगहों पर निकाली गयी कलश शोभायात्रा



उंटारी रोड। जिले के उंटारी रोड प्रखंड के कुल्ही, बिरजा, जरही टोला, करकट्टा सहित कई जगहों से रविवार को शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कुल्ही गांव में पूजा स्थल से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में सैकड़ों महिला पुरुष जय माता दी के नारों के जयघोष लगाते हुए बांकी नदी तट पहुंचे जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जलभराई के बाद विधिवत कलश को पूजा पंडाल में स्थापित किया गया। इसके बाद माता शैलपुत्री की विधिवत पूजा अर्चना की गई। जहां बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने भी कलश यात्रा व पूजा अर्चना में शामिल हुए। कलश यात्रा में कामेश्वर चौधरी,दिलीप राम,अजय विश्वकर्मा, प्रयाग चौधरी, बीरेंद्र चौधरी, शिक्षक प्रमोद चौधरी, आशीष चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ : नवरात्र पर निकली कलश यात्रा



रामगढ़ पलामू। प्रखंड में शरद नवरात्र को लेकर रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। फिर या देवी सर्व भूतेषू मातृ रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः आदि मंत्रों के साथ मां शैलपुत्री देवी की पूजा आरंभ हुई। इसको लेकर काचन, सरहुआ, माधवखाड़ के सभी मंदिरों में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर रामगढ़ बाजार के विभिन्न पूजा पंडालों व मंदिरों पर देवी प्रतिमा की स्थापना कर पूजन आरम्भ किया गया। सबसे पहले कन्याओं ने कलश यात्रा निकाला। मौके पर अध्यक्ष दीपक यादव ने बताया कि वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा कृष्णलीला का भी आयोजन किया गया। पूजा समिति माधवखाड़ अध्यक्ष दीपक यादव कोषाध्यक्ष विनोद यादव सचिव दयाशंकर प्रसाद एवं सर्व सनातन समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष ब्रहादेव भुईयां, सचिव जमुंद्र यादव, कोषाध्यक्ष हरीलाल यादव आदि सक्रिय सदस्यों ने भी बढ़ चढ़कर कलश यात्रा को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र आरंभ



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को कलश स्थापना होने के साथ ही शारदीय नवरात्र महोत्सव आरंभ हो गया। सुबह में मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से ढोल ताशा के साथ जलयात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण करते हुए बटाने नदी पर पहुची। यहा से जल कलश भर कर मंदिर मे स्थापित किया गया। साथ ही पंडित श्यामसुंदर वैद्य के द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती का सस्वर नवाह पाठ से पूरा शहर भक्तिमय बन गया है। आयोजक नवयुवक सांस्कृतिक समिति के द्वारा मंदिर तथा आसपास सजावट किया गया है। इस अवसर पर आयोजक समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अकेला, राबर्ट गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सन्नी गुप्ता, पवन कुमार, दिलीप स्वर्णकार, बीनू जायसवाल, अशोक सिंह, विकास जायसवाल, रंजित कुमार, रामजी सिंह, पंकज, आशीष जायसवाल, दिलीप कुमार, दिनेश स्वर्णकार, करण राजवीर, शशि सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भक्ति से मिलती है शक्ति : डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के बसौरा ग्राम में आयोजित कलश यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने श्रद्धालुओं को कलश देकर व फीता काटकर किया। इस मौके पर पूजा कमिटी के सदस्यों ने विधायक को फूल माला व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। वहीं ग्राम झरकटिया में विधायक ने वेदमंत्रोच्चारण के बीच कलश यात्रा कार्यक्रम का उदघाटन किया। जबकि परसिया ग्राम में फीता काटकर व श्रद्धालुओं के बीच कलश वितरण कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूजा कमिटी के सदस्यों द्वारा विधायक डा मेहता का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डा मेहता ने कहा कि भक्ति से ही शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र पर मां भगवती की कृपा बरसती है इसकी कामना करता हूं। साथ ही इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र हिंदुओं का पावन व पवित्र पर्व है। इसमें काफी शुद्धता के साथ भक्त मां देवी की आराधना करते हैं। मां की आराधना से गांव घर व समाज में सुख, शांति व समृद्धि आती है। इसके साथ ही समाज में फैले विद्वेष भी समाप्त होता है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, कमेश यादव, लाला प्रसाद यादव, मुखिया गुड्डी देवी, सुधीर तिवारी, अध्यक्ष गौरव जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## चारदीवारी निर्माण होने से बच्चे रहेंगे सुरक्षित : जिप सदस्य

सुआ स्कूल की चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत सुआ ग्राम में जिला परिषद बासु देवी, सुआ मुखिया दुलारी देवी ने 37 लाख 92 हजार की लागत से सुआ स्कूल चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। मेदिनीनगर स्कूल के चारदीवारी निर्माण जिला परिषद बासु देवी के प्रयास का परिणाम है। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि जिला परिषद बनने के बाद क्षेत्र का समुचित विकास हुआ है। क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिले इसके लिए प्रयासरत्त हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के चार दीवारी निर्माण हो जाने से विद्यार्थी सुरक्षित रहेंगे। सुआ मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि सुआ पंचायत में कई तरह की योजनाएं धरातल पर संचालित है। उन्होंने कहा कि स्कूल में चार दीवारी नहीं होने से स्कूली बच्चे असुरक्षित थे। मौके पर पंसस अजीत सिंह ने कहा कि जिला परिषद बासु देवी के नेतृत्व में क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है। जिप सदस्य सरकार की योजना को धरातल पर उतारने में सफल रहे हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ह्रदया सिंह ने बताया कि बासु देवी द्वारा समस्या का समाधान किया जाता है। मौके पर उप प्रमुख शीतल सिंह, सरजा मुखिया आनंद कुमार, उपाध्याय सिंह, कौड़िया अजीत सिंह, रविंद्र सिंह, उपाध्याय सिंह, भरदूल सिंह, सुरेंद्र साव, अजय ठाकुर, उदेश्वर बैठा, अभिमन्यु तिवारी समेत कई लोग शामिल थे।

## भाजपा नेता कर्नल संजय ने नेत्र क्लिनिक का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता




**हैदरनगर (पलामू)।** जपला हैदर नगर मुख्य मार्ग पर ग्राम दिवान बिघा में शिखा आई केयर का शुभारंभ हुआ। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस आई केयर का उदघाटन किया। मौके पर कर्नल संजय ने नेत्र रोग से संबंधित होने वाले इलाज को सूक्ष्म तरीके से जाना। मौके पर कर्नल संजय सिंह के अलावा पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सहायक शिक्षक अभय सिंह, चंचल सिंह, सुनील सिंह समेत नेत्र परिक्षक डॉ विपिन कुशवाहा और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि शिखा आई केयर क्लिनिक आम लोगों और गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि डॉ. विपिन और इनका परिवार मानव सेवा के उद्देश्य से अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं इसके लिए इन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

## धर्मांतरण करा रहे युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ दबोचा

अवध किशोर राय राजू

**नीलांबर पितांबरपुर।** थाना क्षेत्र के जुरू में बिहार के रहने वाले एक युवक को ग्रामीणों ने प्रभु राम के घर से पकड़ लिया। बताया जाता है कि रोहतास जिले का वह युवक अपना नाम देव मुनि कुमार चंद्रवंशी बताया। जबकि सहयोगी के रूप में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी नागेंद्र रवि और लातेहार की नीतू कुमारी को भी पकड़ा गया है। सूचना मिलने पर विधायक जरू पहुंचे और मामले की अपने स्तर से जांच पड़ताल की। विधायक ने अपने उपस्थिति में लेस्लीगंज थाना को धमानांतरण कार्य में शामिल युवक देवमुनि को संबंधित कारवाई करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व धमानांतरण कार्य में संबंधित युवक के शामिल होने की शिकायत वहां के दर्जनों ग्रामीणों ने की। ग्रामीणों ने बताया कि यह युवक प्रत्येक रविवार को यहां बीमारी ठीक करने के नाम पर प्रभु राम के घर में प्रार्थना सभा का आयोजन करता था और यह आयोजन बंद कमरे में किया जाता था। वहां दूसरे किसी व्यक्ति को जाने की इजाजत भी नहीं होती थी। इससे ग्रामीणों का शक बढ़ गया और आज नवरात्र के अवसर पर ग्रामीणों ने उसे प्रभु राम के घर से पकड़ लिया। वहां पर पुलिस की उपस्थिति में ईसाई धर्म से संबंधित कई पुस्तक बरामद किया गया है।

### क्या कहते हैं विधायक



विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि बैंक विधानसभा क्षेत्र के किसी गांव में धमानांतरण का खेल उनके रहते नहीं चलने दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं के स्तर से लगातार सूचना प्राप्त हो रही है कि गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदाय के लोगों को बहला कर धर्मांतरण का खेल किया जा रहा है। इस खेल को वह पूरी तरह से बंद कर देंगे और वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करेंगे। यदि इसमें पुलिस प्रशासन की मिली भगत सामने आती है तो इस मामले को लेकर व राज्यपाल से मिलकर पूरी वस्तु की स्थिति रखेंगे।

**दर्जन भर ग्रामीणों को करायी गयी घर वापसी :** विधायक मेहता के नेतृत्व में तत्काल प्रभु राम के घर में पाए गए दर्जन भर लोगों को गांव के मंदिर में ले जाकर गंगा जल से आचमन कराया गया। वैदिक रीति रिवाज से मंत्र कर कर उन्हें शुद्धिकरण किया गया। वैसे ग्रामीणों ने संकल्प व्यक्त किया कि वह अब किसी के बहकावे में नहीं आकर दूसरे धर्म की बात नहीं करेंगे।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

थाना प्रभारी गौतम राय ने बताया कि तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है जिसमें देव मुनि चंद्रवंशी नागेंद्र रवि और नीतू कुमारी शामिल है आवेदन मिलने पर अग्रतार करवाई किया जाएगा।

## यज्ञ से क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि आती है : थाना प्रभारी

### सतबरवा में नवाह्न पारायण महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** नवयुवक संघ महावीर चौक सतबरवा के तत्वधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 32 वें नवाहन पारायण महायज्ञ को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। कलश यात्रा का शुभारंभ थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी तथा जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने मुख्य यजमान लक्ष्मण सोनी तथा उनकी धर्मपत्नी देवंती देवी और मनोज कुमार सोनी तथा उनकी धर्मपत्नी सीता देवी को कलश देकर संयुक्त रूप से किया।

मौके पर अमीत कुमार सोनी ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि आती है। सुधा कुमारी ने कहा कि पूजा अर्चना करने से मन की शांति मिलती है इस प्रकार के धार्मिक कार्यों में चढ़ बढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई और जय श्री राम के जयघोष से पुरा नगर भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा सतबरवा का नगर भ्रमण करते हुए रामघाट सतबरवा पहूंची और मलय नदी से मंत्रोचार के साथ श्रद्धालु भक्तों ने अपने-अपने कलश में जल भरे। तत्पश्चाप यज्ञ मंडप में कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, अजय उरांव, कुंदन जायसवाल, हरिद्वार प्रसाद श्यामबिहारी प्रसाद समेत काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल थे। पूजा कमेटी के लोगों ने बताया कि शारदीय नवरात्र के दौरान प्रत्येक दिन रात्रि में विद्वानों के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम होगा।

## जिप सदस्य व कौड़िया के मुखिया प्रतिनिधि ने किया मयंक टी स्टॉल का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत कौड़िया गोदाम चौक के बगल में मयंक टी स्टॉल का उदघाटन जिप सदस्य बासु देवी, सदर विधायक प्रतिनिधि ह्रदया सिंह, कौड़िया मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि जिप सदस्य बासु देवी, कौड़िया मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र सिंह व ह्रदया सिंह को बुके देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद बासु देवी ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग काफी गरीब हैं। गोदाम चौक पर चाय स्टॉल व फल दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को सामग्री आसानी से उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि लोग छोटे दुकानों से भी मेहनत कर अधिक पैसे कमा सकते हैं। टी स्टॉल के संचालक मयंक कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तायुक्त चाय व फल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का विश्वास मेरी संतुष्टि है। इस मौके पर कौड़िया मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने कहा कि लोग छोटे व्यवसाय कर भी आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को व्यवसाय करने के लिए ऋण भी दे रही है। लोग व्यवसाय कर अपने परिवार का भरण पोषण करें। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ह्रदया सिंह ने कहा कि क्षेत्र में नया दुकान का खुलना विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गोदाम चौक पर चाय दुकान नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। अब लोग चाय का स्वाद आसानी से ले सकते हैं। मौके पर सरफुदीन अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# साकची धालभूम क्लब में धूमधाम से आयोजित हुआ अग्रसेन जयंती समारोह, निकली भव्य शोभायात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में आयोजित हो रही अग्रसेन जयंती के समापन दिवस का आयोजन साकची धालभूम क्लब में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजन अग्रसेन जी के शोभा यात्रा के साथ हुई। साकची जेएनएसी के समीप से शुरू हुई शोभायात्रा साकची के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए अग्रसेन भवन में समाप्त हुई।

**इन संस्थाओं ने निकाली झांकिया**

शोभायात्रा में मारवाड़ी समाज की विभिन्न संस्थाओं की झांकिया शामिल हुई। जिनमें मारवाड़ी युवा मंच आकृति व्हील्स कालिमाटी, स्टील सिटी सुरभि शाखा, जमशेदपुर शाखा, स्टील सिटी शाखा, श्याम रात्रि निशान परिवार, कृतांश एक नई पहल, राणी सती सत्संग समिति, राजस्थान शिव मंदिर जुगसलाई, श्याम गुणगान बाल मंडल, महासर माता परिवार, नारायणी सती परिवार, श्याम परिवार साकची, हम भारत की बेटियां, भायली महिला मंडल सोनारी, सत्यनारायण ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट महालक्ष्मी मंदिर साकची, नारी जागरण गोलमुरी, राणी सती सेवा संघ साकची, वॉकिंग अलांग यूथ आदित्यपुर, नई उड़ान टुइलाडुंगरी, मानव कल्याण सेवा समिति जुगसलाई, मानस सत्संग समिति, मारवाडी महिला मंच जमशेदपुर शाखा, कालका माता परिवार एवं राधा रानी ग्रुप साकची





अग्रसेन जयंती समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।



कार्यक्रम का आनंद लेते मंत्री बन्ना गुप्ता, सुधा गुप्ता व अन्य।

**बिलासपुर से आया बैंड**

कुलदेवी माता महालक्ष्मी एवं भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा में बिलासपुर छत्तीसगढ़ से आया हुआ आकर्षक बैंड शामिल हुआ जिसमें लगभग पचास लोग थे। बैंड ने काफी सरहानीय प्रस्तुती दी।

**महिलाओं व बच्चों ने उठाया अग्रसेन मेला का लुफ्त**

इस अवसर पर जीवनी दामोदर मोदी सभागार, धालभूम क्लब ग्राउंड में अग्रसेन मेला का आयोजन किया गया. जिसमें फूड, फन, गेम, राइडिंग, सेल्फी, टैटू, तोता पंडित जैसे कई स्टॉल लगाए गए. कसेरा डायग्नोस्टीक की तरफ से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही थी। मारवाड़ी समाज की महिलाओं और बच्चों ने जमकर मेला का लुफ्त उठाया।

**कोलकाता के कलाकारों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम**

कोलकाता से आई कलाकारों की टीम ने गणेश वंदना, शिव तांडव, राधा कृष्ण, अग्रसेन विवाह जैसे धार्मिक विषयों पर छः नृत्य नाटिकाओं की प्रस्तुती दी।

**कई हुए पुरस्कृत :** पुरस्कार सह समापन समारोह कार्यक्रम धालभूम क्लब में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री बन्ना गुप्ता, सम्मानित अतिथि रमेश अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी, सुधा गुप्ता समाजसेविका, दिनेश सोंथालिया समाजसेवी, विजय सरावगी सरंक्षक झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच, बसंत कुमार मित्तल, प्रदेश अध्यक्ष झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, प्रभाकर अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष झारखंड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन उपस्थित थे। विगत 8 दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हो रही प्रतियोगिताएं मे विजय हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मारवाड़ी समाज की संस्थाओं के अलावा अन्य समाजिक संस्थाओं में अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर जो समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं, ऐसे व्यक्तित्वों भी हुआ सम्मान। सुभाष मूनका, अध्यक्ष सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन, कैलाश अग्रवाल अधिवक्ता कोषाध्यक्ष कॉवंस कलेक्टर्स क्लब, शिवशंकर गाडिया जोन चेयरपर्सन लायंस इंटरनेशनल, बिमल जालान कोषाध्यक्ष सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, नीता अग्रवाल अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट, नेहा अग्रवाल निदेशक रोटरी जमशेदपुर फेमिना, प्रीति गोयल अध्यक्ष इनर व्हील जेस्ट, बबिता केडिया इनरव्हील क्लब जमशेदपुर वेस्ट, नेहा चौधरी अध्यक्ष लायंस क्लब ऑफ मपुर प्रीमियम, निशा अग्रवाल, सचिव, जमशेदपुर लेडीज सर्कल इंडिया, संगीता काबरा अध्यक्ष जेसीआई पहचान, डॉ एकता अग्रवाल सहसचिव, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मिडटाउन, सुचित्रा रूंगटा, अध्यक्ष लॉयंस क्लब ऑफ जमशेदपुर फेमिना को सम्मानित किया गया।

**नयी बहुओं और बुर्जुग दंपत्तियों को भी किया गया सम्मानित**

**अक्टूबर, 2022 से सितंबर, 2023 के बीच जो नई बहु परिवार में आई हैं उनको सम्मनित किया गया। साठ में भी ठाठ बुजुर्ग दंपत्तियों 60 वर्ष से ऊपर को भी सम्मानित किया गया।**

## स्पीड न्यूज

### श्री श्री राममंदिर दुर्गा पूजा समिति, टेल्को के दुर्गोत्सव की तैयारी चरम पर



**जमशेदपुर।** नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ शक्ति की उपासना देवी दुर्गा का पाठ शुरू हो गया। श्री राममंदिर टेल्को के प्रांगण में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर अंतिम बैठक हुई। यह बैठक मंदिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूजा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। इस वर्ष राममंदिर टेल्को में पूजा धूमधाम से मनाई जायेगी उसको लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है। राममंदिर पूजा ज्ञान मंडप की साफ सफाई की गई। पूजा मंडप को सजाने का काम किया जा रहा है। पूरे मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। बंगाल से आ रही ढाकी बाजा आकर्षण का केंद्र होगी। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ दुर्गा पाठ शुरू हो गया। दुर्गा पूजा का विधिवत उदघाटन षष्टी के दिन बिलवाभिमंत्रन (बेलभरनी पूजा) से शुरू होगा, उसी दिन सामूहिक आरती भी होगी। इस बैठक में मंदिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह,कृष्ण कुमार मिश्रा, बबन पाण्डेय,कमलेश्वर सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह (हैप्पी),नंदलाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, राकेश कुमार सिंह,वेंकट राव, राजेश भोजपुरिया, राजेश पाण्डेय, सुनील कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, राजेश कुमार, भरत पाठक, सुधीर सिंह, मनंजय पाण्डेय, अभय पाण्डेय, शैलेश सिंह, मनोज कुमार पाण्डेय, प्रह्लाद सिंह, निगम पाण्डेय, अर्जुन चौबे, दीपक सिंह, राजेश दास, सुमन मिश्रा, शशि कुमार, दीपक कुमार,जयशंकर दूबे, संजय सिंह, अरविंद प्रसाद, कन्हैया, मुकेश कुमार सिंह, सुरेश दूबे, जितेंद्र उपाध्याय,रमेश दूबे,रूबी दिवाकर,रागिनी, गौरी शंकर दूबे, राजकुमार सिंह इत्यादि उपस्थित हुये।

### ऑपरेशन के बाद नेत्र रोगियों को दी गयी विदाई



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित 696वें नेत्र शिविर में ऑपरेशन सत्र के दौरान नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया गया। नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन फीता काटकर राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह, कमल किशोर लड्ढा, कार्यकर्ता विशाल कुमार सिंह, चन्दन कुमार सिंह, राजु बिन्द ने संयुक्त रूप से किया। जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 24 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया। ऑपरेशन सत्र के दौरान कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, आशीष सिंह, अशोक कुमार सिंह, किशन अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थें। शिविर का संचालन कर रहे रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने बताया कि कल सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की जायेगी।

### उत्कल दुर्गापूजा कमेटी के शिविर में रक्तदान




जमशेदपुर। शारदीय नवरात्र में मां की आराधना में अपना 9 दिन लगाने वाले उत्कल दुर्गा पूजा कमिटी, कदमा ने ग्रीन एन्कलेव क्लब हाउस कदमा में प्रत्येक वर्ष की भांति पूजा के पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन कर बताया कि नर सेवा नारायण सेवा का ही दूसरा नाम है। समिति के सदस्यों ने इस रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्तदान करने में सफलता पायी। जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के महाप्रबंधक संजय चौधुरी ने रक्तदान शिविर का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। रक्तदान शिविर में निलय नाग ने 50वां रक्तदान पूरा किया, जिन्हे सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस पूर्वी सिंहभूम के कार्यकर्ता श्रवण सिन्हा, कौशिक राय, त्रिवेदी ने जमशेदपुर ब्लड सेन्टर की टीम के साथ सामंजस्य कर रक्तदान को सफल बनाया।

### नीमडीह में पदाधिकारी व कर्मचारी आवास का विधायक ने किया उद्घाटन



**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को नवरात्र के प्रथम दिन विधायक सविता महतो ने बीडीओ, सिओ एवं कर्मचारी आवास का विधिवत रूप से शिलापट्ट अनावरण व फीता काटकर किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि नीमडीह प्रखंड मुख्यालय में आवासों का निर्माण 5 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से किया गया है।

# अधूरे केबल टाउन बिरला मंदिर को पूर्ण करायेंगे विधायक सरयू राय

## कल मंदिर निर्माण की बाधाओं को दूर करने के लिए होगी शंख ध्वनि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित केबल टाऊन में 25 वर्षों से अधिक समय से अधूरा पड़े मंदिर के निर्माण की बाधाओं को दूर करने के लिए नवरात्र के तीसरे दिन 17 अक्टूबर, 2023 दिन मंगलवार को मंदिर प्रांगण में शंख ध्वनि की जाएगी और मां दुर्गा की शक्ति का आह्वान किया जाएगा कि मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वाले जो भी बाधक तत्व यहां मौजूद हैं वे मंदिर परिसर को त्याग दें। कारण कि जमशेदपुर की जनता ने तय किया है कि अब इस मंदिर का निर्माण होकर रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने बताया कि 17 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे बड़ी संख्या में पूजारी और श्रद्धालु अपना अपना शंख के साथ मंदिर परिसर में उपस्थित होंगे और वहां स्थित हनुमान मंदिर से हनुमान जी की अज्ञा लेकर शंख ध्वनि आरंभ करेंगे। बता दें कि सरयू राय ने मंदिर जीर्णोद्धार के लिए महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना के ट्रस्ट एवं पूर्व डीजीपी आचार्य किशोर कुणाल से भी चर्चा की है। आचार्य किशोर कुणाल ने जमशेदपुर आकर मंदिर का अवलोकन करने पर भी सहमति दी है। विधायक ने बताया कि गत 25 से अधिक वर्षों से अधूरा पड़े इस मंदिर के बारे में बहुत सारी भ्रम भ्रांतियां फैली हुई हैं कि जो भी इस मंदिर का जीर्णोद्धार के लिए आगे बढ़ता है उसका कोई न कोई बड़ा नुकसान हो जाता है। सामुहिक शंख ध्वनि से इस भ्रांति को दूर किया जाएगा। भ्रांति जो चाहे जो भी हो। दृश्य अदृश्य शक्ति मंदिर परिसर में मौजूद हो सकता है उसे भी मंदिर परिसर से दूर किया जा सकता है। विधायक राय ने कहा है कि उन्होंने कतिपय अन्य श्रद्धालुजनों के साथ मंदिर के जीर्णोद्धार की भ्रांतियों के विषय में देश के कतिपय महान संतो से चर्चा किया है और इस हेतु उनकी सहमति और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया है। इसलिए भरोसा है कि जब जनता की सामुहिक शक्ति जागृह हो जाएगी, संतजनों के साथ ही मां दुर्गा का आशीर्वाद और श्री हनुमान जी का आदेश मलने के बाद समस्त बाधक शक्तियां अनुकूल हो जाएंगी और भ्रांतियां दूर हो जाएंगी। सामुहिक शंख ध्वनि इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए एक विनम्र पहल है। इसके उपरांत जमशेदपुर वासियों से आवश्यक परामर्श के उपरांत मंदिर के जीर्णोद्धार को मूर्त रूप देने का कार्य किया जाएगा। राय ने सभी श्रद्धालुजनों से अनुरोध किया है कि आगामी 17 अक्टूबर, 2023 दिन मंगलवार को दोपहर 2.30 बजे केबल टाऊन मंदिर परिसर में उपस्थित होंगे।

## अंगूठा दबाने के बाद भी तीन महीने से नहीं मिल रहा राशन, भड़के लोग

कालाबाजारी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं : विकास सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मानगो उलीडीह के पंडित लाईन स्थिति जय प्रकाश सरकारी राशन स्टोर से विगत तीन महीनों से लाभुकों को राशन नहीं देने की शिकायतें मिली। दर्जनों की संख्या में राशन कार्ड लेकर दुकान पहुंचे लाभुकों जब राशन नहीं दिया गया तो उन लोगों ने भाजपा नेता विकास सिंह को मौके में बुलाकर मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बिगत तीन महीना से राशन कार्डधारियों का बायोमेट्रिक सिस्टम में अंगूठा लगवाने के साथ कॉपी में एंट्री करा कर लाभुकों का हस्ताक्षर ले लिया जाता है लेकिन बदले में राशन नहीं दिया जाता। मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने मार्केटिंग ऑफिसर संतोष कुमार को दूरभाष में मामले की जानकारी देते हुए कहा की लाभुकों अगर राशन नहीं दिया जाएगा तो विकास सिंह अपना डेरा डंडा लाभुकों के साथ डाल देंगे। जिसके बाद लोगों को इस महीना का राशन उपलब्ध कराया गया।

## कपाली में मंत्री बन्ना गुप्ता ने की जन सुनवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां के तत्वाधान में पार्टी पैलेस बैंक्वेट हॉल, कपाली में केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में इचागढ़ कपाली आदि क्षेत्रों से लोग उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्याओं को बन्ना गुप्ता के समक्ष रखा। बन्ना के समक्ष 110 से अधिक लोगो ने अपनी समस्याओं को रखा जिसमें से अधिकांश फरियादियों के मामलों को मंत्री ने तुरंत संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। वही बहुत सारे मामलों में मंत्री ने अपने लेटर पैड पर विभागीय पत्र लिखकर समस्याओं के निदान हेतु कार्य करने के निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिए। आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप से कपाली थाना, बिजली विभाग, जमीन विवाद से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखी गई। वही स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कैंसर इलाज हेतु, विकलांग प्रमाण पत्र जारी करने, एमजीएम, रिम्स आदि में इलाज आदि उपलब्ध कराने के संबंध में फरियादियों ने अपनी बात रखी जिसमें से अनेकों मामलों का निदान त्वरित रूप से किया गया। जन सुनवाई कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मनोज झा, संजय तिवारी, संजय ठाकुर, बिलाल गुफरानी, इरशाद भाई, माजिद अख्तर, आफताब अहमद शिद्दकी, शानूर रहमान, शेरू अली, आलम, सिद्दीक, उपस्थित थे।

## यूनियन बाइक शोरूम में हर्ले डेविडसन बाइक लांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




यूनियन बाइक, साकची शोरूम में हर्ले डेविडसन बाइक के साथ शो रुम के मालिक गुलशन आहुजा ।

**जमशेदपुर।** साकची में हीरो के अधिकृत डीलर यूनियन बाइक हीरो शो रुम में हर्ले डेविडसन बाइक को लांच किया गया। आज पहले दिन चार ग्राहकों को बाइक की डिलीवरी भी दी गई। इस अवसर पर शो रुम के मालिक गुलशन आहुजा व उनके परिजनों के अलावा हीरो कंपनी के टेरिटरी मैनेजर शुभाशीष स्वाईं, विनोद सिंह व अन्य उपस्थित थे।

बता दें कि हीरो कंपनी ने हर्ले डेविडसन,यूएसए के साथ संयुक्त उद्यम के तहत अपने तमिलनाडु निमार्णा प्लांट में हर्ले डेविडसन बाइक का उत्पादन कर रही है. अब ये बाइक हीरो के सभी शो रुम में उपलब्ध होंगे। जमशेदपुर में चार वैरियंट में हर्ले डेविडसन बाइक लांच की गई जिनकी एक्स शो रुम कीमत 2.39 लाख रुपये से लेकर 2.79 लाख रुपये तक है। हर्ले बाइक बुक कराने के एक महीने बाद ही ग्राहक उसकी डिलीवरी ले सकते हैं।

## आज खुलेगा जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का बॉक्स ऑफिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** रविवार, 22 अक्टूबर को होने वाले जमशेदपुर एफसी और पंजाब एफसी के बीच आगामी मैच के लिए बॉक्स ऑफिस सोमवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। फैंस अपने टिकट स्ट्रेट माइल रोड, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर पारसी मंदिर के बगल में स्थित बॉक्स ऑफिस से सीधे व्यक्तिगत रूप से खरीद सकते हैं। ऑनलाइन टिकट टिकटजेनी.इन पर भी उपलब्ध हैं। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में री ताचिकावा के गोल से हासिल की गई हैदराबाद एफसी पर जमशेदपुर एफसी की हालिया जीत के बाद, मेन ऑफ स्टील पंजाब एफसी के खिलाफ जीत के सिलसिले को जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। पंजाब एफसी ने अपने पिछले सभी आईएसएल मैचों में लगातार स्कोर किया है। दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है क्योंकि मुख्य मुख्य कोच स्कॉट कूपर की टीम 3 अंक हासिल करने के लिए बेकरार है।

## विश्व एनेस्थीसिया दिवस पर चिकित्सकों ने किया वॉक, पौधरोपण भी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वॉकथॉन में शामिल शहर के एनेस्थीसिया डॉक्टर।

**जमशेदपुर।** 15 अक्तूबर को विश्व एनेस्थिसिया दिवस पर जमशेदपुर सोसायटी ऑफ एनेस्थीसिया का दो दिवसीय कार्यक्रम रविवार सुबह वॉक थॉन से शुरु हुआ। सोमवार को कॉल, एजीएम और शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

रविवार की सुबह पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत करीब 70 एनेस्थीसिया डॉक्टर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स मुख्य द्वार पर वॉकथॉन के लिए जुटे। इस अवसर पर सोसायटी की ओर से सदस्यों के लिए विशेष टी-शर्ट डिजाइन किया गया था जिसे पहन कर सभी ने वॉक किया। वॉक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स से शुरु होकर रुसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस गोलचक्कर होते हुए जुबिली पार्क जयंती सरोवर मार्ग पहुंचा। वहां से जू गेट के पास वॉक करते हुएए डॉक्टर पहुंचे और 100 करंज समेत अन्य पौधों का रोपण किया। फिर यहां से वॉक करते हुए डॉक्टर वापस जेआरडी टाटा स्पोर्टस कंपलेक्स गेट तक आये और वॉकथॉन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष डा स्वातिका चक्रवर्ती ने सदस्यों को विश्व एनेस्थीसिया दिवस की बधाई दी,और चिकित्सकों को बदलते समय की चुनौतियों को देखते हुए अपनी दक्षता को समय-समय पर निखारने की जरुरत पर बल दिया। इस अवसर पर बोलते हुए डा शरद कुमार ने कहा कि देश में चिकित्सा सुविधाओं का जिस गति से विकास हो रहा है, उसके अनुपात में नये एनेस्थीसिया डॉक्टर तैयार नहीं किये जा रहे हैं। इसकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में डेढ लाख एनेस्थीसिया डॉक्टरों की जरुरत है जबकि मात्र 40 हजार एनेस्थीसिया डॉक्टर ही उपलब्ध हैं। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि एनेस्थीसिया की पढाई एमबीबीएस लेवल से शुरु कर देनी चाहिए बल्कि हर मेडिकल कॉलेज में एनेस्थीसिया की पढाई अनिवार्य करनी चाहिए ताकि देश में एनेस्थेसिया डॉक्टरों की कमी दूर की जा सके। कार्यक्रम के आयोजन में जमशेदपुर सोसायटी ऑफ एनेस्थीसिया के डॉ उमेश प्रसाद, डॉ स्वास्तिका चक्रवर्ती, डॉ पल्लवी गौतम, डॉ नीलम सिन्हा, डॉ सुनील कुमार केडिया, डॉ वैमसी और डॉ शरद कुमार की मुख्य भूमिका रही।

## खबर एक नजर में

### रिवर व्यू कॉलोनी में विधायक संजीव सरदार ने दो सड़कों का किया शिलान्यास




**जमशेदपुर।** रविवार नवरात्र के प्रथम दिन विधायक योजना के अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड में पश्चिमी बागबेड़ा पंचायत के रिवर व्यू कॉलोनी में फेज संख्या 2 रोड संख्या 6 में विहंगम योग युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा के घर से संजय मिश्रा के घर तक एवं रोड संख्या 7 में सुनील मिश्रा के घर से राणा प्रताप सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक संजीव सरदार के कर कमलों द्वारा किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष प्रवीण सिंह द्वारा विधायक संजीव सरदार को माला पहनाकर स्वागत किया गया। पंडित जी द्वारा विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई एवम विधायक जी द्वारा फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर दो रोड का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में सुनील भालोटिया, रंजन सहाय, नीरज मिश्रा संग सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा विधायक जी को धन्यवाद दिया गया। संजीव सरदार ने बताया कि काफी दिनों से सोसायटी की यह मांग थी जिसे आज नवरात्र के शुभारंभ में पूरा किया जा रहा है और उन्होंने दुर्गा पूजा की शुभकामना सभी सदस्यों को दी।

### बीएसीईटी में करियर काउंसिलिंग सेमिनार संपन्न



**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर में कैरियर गाइडेंस पर एक सेमिनार का आयोजन कॉलेज के विश्वेस्वरया हॉल में किया गया, जिसके विशेषज्ञ वक्ता मेसर्स कैंपस ज्ञानी प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर एवं सीइओ चंद्रकांत सिंह थे। अपने संबोधन में सिंह ने छात्रों को सलाह दी कि जीवन में दीर्घकालीन लक्ष्य की जगह छोटी अवधी के लक्ष्य निर्धारित करनी चाहिए और ये भी जरुरी नहीं है कि जिस विषय की शिक्षा ली जाये उसमे ही अपना करियर बनाया जाये। सेमीनार में उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीप प्रज्वलित करके और मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया। प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि को गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण पूजा कुमारी, संचालन डॉ सुदर्शना बनर्जी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ डॉली चक्रबोर्ती ने किया।

### सिदगोड़ा फूड प्लाजा परिसर में शारदीय नवरात्र शुरू



जमशेदपुर। सार्वजनिक दुर्गा पुजा कमिटी सिदगोड़ा (फुड प्लाजा) में आज शारदीय नवरात्र-2023 का शुभारंभ पहले दिन की पुजा अथार्त कलशस्थापन पुजा से शुरू हुई। कमिटि की ओर से प्रधान कलशस्थापना का संकल्प पुजा कमिटी के महासचिव श्री धर्मेश कुमार झा (लड्डु) के द्वारा किया गया एवं इसके अलावा कमिटि के अन्य सदस्यों के द्वारा अपने-अपने नाम गोत्र के अनुसार संकल्प लिया गया। पंडाल में प्रधान कलश के अलावा अन्य और लगभग पचीस लोगों ने कलश बैठाया। प्रथम दिन के पुजा के शुभ अवसर पर कमिटि द्वारा मिथिला समाज के गणमान्य लोगों को एवं पुजा मे विशेष सहयोग देने वाले लोगों को मिथिला परंपरानुसार पाग शाल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कमिटि के अध्यक्ष मोहन ठाकुर महासचिव धर्मेश जी कोषाध्यक्ष राजेंद्र कर्ण के साथ कमिटी के पुर्व महासचिव प्रवीण मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य शदाशिव झा,प्रमोद कुमार मिश्र, मिथलेश झा, संजय कुमार झा, चंदन जी, प्रदिप कुमार झा, विपिन कुमार झा, अंकित झा, सुजीत कुमार झा, आनंद कुमार मिश्र, शिशिर झा के अलावा काफी संख्या में कमिटी के सदस्य उपस्थित थे। आज पहले दिन से ही पंडाल में धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत रामायण पाठ से हुई एवं प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन रहेगा। यह जानकारी संयोजक राजेश कुमार झा ने दिया।

### नारायण आइटीआइ में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनी



**जमशेदपुर।** रविवार को नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडेय ने कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति, जानेमाने वैज्ञानिक और अभियंता (इंजीनियर) के रूप में विख्यात थे। उन्होंने सिखाया कि जीवन में चाहें जैसे भी परिस्थिति क्यों न हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गांव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम अंसार परिवार में इनका जन्म हुआ। इनके पिता जैनुलाब्दीन न तो ज्यादा पढ़े-लिखे थे, न ही पैसे वाले थे। इनके पिता मछुआरों को नाव किराये पर दिया करते थे। अब्दुल कलाम संयुक्त परिवार में रहते थे। यह स्वयं पांच भाई एवं पांच बहन थे और घर में तीन परिवार रहा करते थे। इन्होंने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक डीआरडीओ और इसरो संभाला व भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी शामिल रहे। इन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में 'मिसाइल मैन' के रूप में जाना जाता है। कलाम भाजपा व विपक्षी कांग्रेस दोनों के समर्थन के साथ 2002 में भारत के राष्ट्रपति चुने गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रोफेसर सुदिष्ट कुमार, शांति राम महतो, एडवाकेट निखिल कुमार, देवकृष्णा महतो, कृष्ण पद महतो, जीयदीप पांडेय, पवन महतो, अजय मण्डल, गौरव महतो, आदि मौजूद थे।

### बिष्टुपुर में लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी का समापन आज



जमशेदपुर। रविवार को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में दो दिवसीय ब्रांडेड लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सोमवार तक चलने वाले इस प्रदर्शनी का आयोजन झारखंड प्रदेश के नामचीन ग्रुप आईना द्वारा किया गया हैं। रविवार को उद्घाटन के अवसर पर अतिथि के रूप में समाजसेविका बीना खिरवाल, निशा सिंघल, कवल दुगल, समाजसेवी बाबूलाल गर्ग, कमल नरेडी आदि उपस्थित थे। आईना ग्रुप की संचालिका अनीता खिरवाल, प्रीति रामसीसरिया, रुचि झुनझुनवाला एवं नीलम मोदी ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रवेश नि:शुल्क हैं। जिसमें 35 स्टॉल लगे है। स्टॉल लगाने के लिए झारखंड के जमशेदपुर, रांची, रामगढ़, धनबाद सहित दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, पुरूलिया से महिला एवं पुरुष व्यापारी आये हैं। इन व्यापारियों की सारी वस्तुएं उचित मूल्य पर एक हीं छत के नीचे मिलने से लोगो को समय की भी बचत हो जाती हैं। पहले दिन प्रदर्शनी में स्टाइलिश कपड़े, आर्टिफीसियल ज्वैलरी, फुटवियर, बच्चों के खूबसूरत डिजाइनर कपड़े, कॉस्मेटिक और रियल ज्वेलरी आदि लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्टॉल लगाये व्यापारियों सहित प्रदर्शनी में आए हुए लोगों ने भी यहां की व्यवस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

स्पीड न्यूज

## मांडू में पूर्व विधायक योगेंद्र साव ने किया दुर्गा मंडप का उद्घाटन



**मांडू।** मांडू डीह पड़ाव दुर्गा मंडप का उद्घाटन पूर्व विधायक योगेन्द्र साव ने किया गया। पूर्व विधायक ने माता दुर्गा के मंडप में मत्था टेकर आशीर्वाद लिया। पंडित निरंजन पांडे और अभिषेक पांडे ने चंदन लगाकर मौलीधागा बांधाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व प्रमुख छोटेलाल साहू, अमरेंद्र कुमार गुप्ता, अशोक साहू, कृष्ण कुमार,राजेंद्र साव, बैजनाथ साहू,बैजनाथ राम,छोटेलाल भुइया,संजय साव,महेश मंडल,सुरेश चंद्र साहू शिवकुमार साहू,सतीश कुमार,रमेश कुमार, रोहित कुमार,बंसी साव,राजमोहन साव, नवरत्न कुमार, अर्जुन राम,कुणाल कुमार, अरुण साव, किरण देवी, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

## अशोक स्वीट्स का हुआ उद्घाटन

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित सुभाष चौक के निकट के रविवार को अशोक स्वीट्स एंड नमकीन दुकान का उद्घाटन झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया। सिन्हा ने प्रतिष्ठान के संचालक रोहित कुमार गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहर की हृदयस्थली सुभाष चौक के निकट ऐसे प्रतिष्ठान की जरूरत थी। उन्होंने कहा की इस स्थल पर प्रतिष्ठान के आरंभ होने से लोगों को काफी लाभ होगा। क्योंकि यह स्थल शहर का ऐसा स्थान है जहां से प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। वहीं, प्रतिष्ठान के संचालक रोहित गुप्ता ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए स्वादिष्ट ,मीठा एवं नमकीन उचित मूल्य पर उपलब्ध है। प्रतिष्ठान के उदघाटन के मौके पर शैलेंद्र ठाकुर ,नवनीत कुमार ,अशोक गुप्ता, रोहित गुप्ता, रवि गुप्ता ,मोहम्मद सलीम, सीताराम सिंह ,अजय कुमार ,मोहम्मद खुर्शीद ,अरविंद कुमार सहित कई गण लोग मौजूद थे।

## योग शिविर का हुआ समापन



**रामगढ़।** जिला मैदान में चल रहे 7 दिवसीय योग शिविर का रविवार को पूजन और हवन के साथ समापन हुआ। योग शिविर के संचालन कर्ता ठाकुर प्रसाद की देखदेख में शिविर में शामिल लोगों को योग के विभिन्न प्रकार के आसन और उससे होने वाले लाभ बताए गए। हवन और पूजन में मुख्य यजमान के रूप में सीए अजीत जायसवाल , डॉ रणधीर , प्रमोद ने सपत्नीक भाग लिया। योग शिविर के समापन के मौके पर रंजन फौजी , प्रमोद लाल आदि मौजूद थे।

## कुजू में शारदीय नवरात्र शुरू



**कुजू।** शारदीय नवरात्र को कलश स्थापना के साथ ही कुजू व आस पास के क्षेत्रों में नवरात्र दूर्गा पूजा प्रारंभ हो गया। पूजा के अवसर पर कुजू दुर्गा मंदिर, देवी मंडप, नाग कन्या, कुजू कोलियरी, मुरपा, ओरला, सांडी, तोपा, आरा, सारूबेड़ा, बोंगावर, दिगवार, करमा, रतवे के मंदिरों में प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से की गई। इधर पूजा को लेकर समिति के द्वारा मंदिरों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया गया है। जिससे बजने वाले भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र राममय बना हुआ है।

## हाथ धोने के सिखाये गये गुर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय भवन में रविवार को हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जनों महिला-पुरुषों को ठीक तरह से हाथ धुलाया गया। साथ ही बेहतर तरीके से हाथ धोने का गुर भी सिखाया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने कहा कि ठीक तरह से हाथ नहीं धाने पर हाथों में गंदगी रह जाती है। गंदगी के कारण ही कई संक्रामक बीमारियों को खतरा बढ़ जाता है।

## दुर्गा मंदिर का डीसी ने किया उद्घाटन



**कुजू।** उपायुक्त चंदन कुमार ने दिगवार लाइन टोला के समीप करीब 35 लाख रुपए की लागत से बने नव निर्मित दुर्गा मंदिर का उद्घाटन रविवार को फीता काटकर किया। पंडितों न उन्हें विधिवत पूजा अर्चना कराया। उपायुक्त ने कहा कि जगत जननी मां जगदंबा श्रद्धालुओं पर अपनी असीम कृपा बनाए, ताकि क्षेत्र में अमन - चैन और सुख- शांति बनी रहे। बाद में उन्होंने समिति के लोगों से मंदिर परिसर के सुंदरीकरण का भरोसा दिलाया।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये अत्यंत गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह व शिक्षक भुपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकु द्वारा 120 गरीबों के बीच खीर-पुरी व सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने सबों को शारदीय नवरात्रा की बधाई देते हुए कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, डॉ. जयश्री मेहता, राकेश शर्मा, शिवकुमार यादव, संजू सिंह, जयप्रकाश पांडेय आदि का विशेष योगदान रहा।

# बरही में पांच किलो अफीम जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**चतरा के बुलंद अख्तर, लातेहार के चंदवा निवासी मुकेश प्रसाद और हजारीबाग के कोयली के जमील को पुलिस ने पकड़ा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत चकुराटांड के पास से ब्रेजा गाड़ी से 5 किलो अफीम बरामद कर तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग चौथे मनोज रतन ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सूचना के आधार पर बरही थाना क्षेत्र के बरही जेल के नजदीक चुकराटांड में शनिवार शाम 7 बजे बजे अफीम कारोबारियों के द्वारा अफीम की बिक्री किया जाना है। सत्यापन हेतु नाजीर अख्तर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही हजारीबाग के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के दौरान जेल के नजदीक चकुराटॉड़ के पास एक सफेद रंग का ब्रेजा गाड़ी नंबर जेएच 01 डी 3907 लगी हुई थी तथा उसमें कुछ लोग गाडी के अंदर बैठे हुए थे। जैसे ही छापामारी टीम गाड़ी के पास पहुँची तो गाड़ी में बैठे लोग गेट खोलकर इधर-उधर भागने लगे। भागने के दौरान छापामारी टीम के द्वारा पीछा कर तीन लोगों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये तीनों व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर बुलन्द अख्तर उम्र-44 वर्ष पिता स्व अबिद हुसैन, चतरा लाईन मुहल्ला, चौक सदर थाना चतरा, मुकेश प्रसाद, पिता -स्व रामचन्द्र साव, चन्दवा, थाना चन्दवा, जिला लातेहार, मो जमील, पिता -मो समीम, साकिन कोयली, थाना बरही, जिला हजारीबाग बताया गया। साथ ही ब्रेजा गाड़ी का तलासी लिया गया। जिसमें ब्रेजा गाड़ी के बोनट के अंदर में छिपाकर रखा गया 01-01 किलोग्राम का कुल 05 किलोग्राम प्लास्टिक थैली में रखा अफीम बरामद किया गया। छापामारी टीम में एसडीपीओ नाजीर अख्तर, पुनि सह थाना प्रभारी बरही रोहित कुमार सिंह, पुअनि अमित खाखा, बरही थाना के पुलिस छापामारी में शामिल थे।

# शाहपुर में वाहनों में आग लगाने वाले उग्रवादी धराये

**11 अक्टूबर को रॉयल इंफ्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर कई वाहनों को जलाया था**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर में 11 अक्टूबर को निर्माण कार्य में लगे रॉयल इन्फ्रा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड कम्पनी के साईट पर करीब 12-15 अज्ञात अपराधी जिसमें से कुछ वर्दी में थे, आकर यहाँ पर खड़े तीन हाईवा, एक रोलर एवं एक टैंकर में आग लगा दिया गया था, एवं वहाँ उपस्थित कंपनी के कमार्चारियों के साथ मारपीट कर लेवी लेने के उद्देश्य से धमकाया गया था एवं उनका मोबाइल अपने साथ अपराधियों द्वारा ले जाया गया था। कांड का त्वरित उद्‌भेदन एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) हजारीबाग के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में इस कांड में सूत्रधार अभियुक्त के रूप में सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार की संलिप्तता में आयी। शनिवार रात गुप्त सूचना मिली कि सिमन्त बलबल नदी के पास जंगल में देखा गया है। एसआटी ने दल बल के साथ बलबल नदी के पास जंगल से सीमांत साव उर्फ सीमांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। सीमांत पास से घटना में प्रयुक्त हुआ वर्दी, बुट बरामद हुआ। पूछताछ में सिमन्त साव इस कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकारते हुए आगे बताया कि घटना के समय प्रयुक्त हुआ वर्दी, बुट छुपाने जा रहा था। उसके पास से एक देशी कट्टा भी बरामद हुआ, इस संबंध में उसने बताया कि इसी देशी कट्टा का भय दिखाकर हमलोग लेवी के लिए धमकाने का काम करते हैं। छापामारी दल में राजीव कुमार डीएसपी हजारीबाग, उत्तम तिवारी पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल, प्रशांत कुमार मिश्रा (थाना प्रभारी) कटकमसांडी थाना, पुअनि सुदीप कुमार पाण्डेय कटकमसांडी थाना, पुअनिअमर कुमार कटकमसांडी थाना, सशस्त्र बल एवं चालक सुधांशु कुमार सिंह आरक्षी कटकमसांडी थाना शामिल थे ।

## अच्छाई की जीत का प्रतीक है दुर्गा पूजा : अरुण साहू



**बरही।** बरही में पूजा पंडालों से नवरात्र के पहले दिन सभी जगहों से भव्य कलश यात्रा निकली, जिसमें तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के विधायक उम्मीदवार अरूण साहू बरही नदी पर श्रद्धालुओं से मिले और उनके साथ घाट पर पूजा अर्चना की। साहू ने कहा कि माता जगत जननी सर्व शक्तिमान है। अगले नौ दिनों तक हम लोग माता के पूजा अर्चना में जुटे रहेंगे और नवरात्र प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मौके पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता विनय साव, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, राहुल गुप्ता सहित सैंकड़ों भक्त एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सांसद और विधायक ने की मां दुर्गा की पूजा



**रजरप्पा ।** शक्तिस्वरूपा जगतजननी मां जगदंबा की आराधना के पावन पर्व शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पत्नी एवं विधायक सुनीता चौधरी रांची स्थित आवास में मंत्रोच्चारण एवं पूर्ण विधि विधान के साथ कलश स्थापना कर पूजा अर्चना किया। सांसद ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना कर झारखंड वासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलमय कामनाओं के साथ शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान बनारस से आएं आचार्य द्वारा पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराकर मां दुर्गा की आरती कराई गई। सुनीता चौधरी ने कहा कि मां शैलपुत्री आप सबके जीवन में सुख, समृद्धि एवं शांति का संचार कर समस्त जगत का कल्याण करें। मौके पर पुत्र सूरज चौधरी, पीयूष चौधरी, सोनल प्रिया सहित कई मौजूद थे।

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत बीचा-हरिहरपुर पंचायत के बरघुटवा चौक से जसीमुद्दीन के घर तक 54 लाख की लागत से बनने वाले पथ निर्माण कार्य का विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का ढोल-बाजे के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ही विधायक अंबा प्रसाद की कार्यशाली व विकास नीति से प्रभावित होकर हरिहरपुर पंचायत अंतर्गत बरघुटवा के समस्त ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

## देवी के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा



**भदानीनगर (रामगढ़)।** या देवी सर्वभूतेषु....., जय जयंती मंगलाकाली.... आदि मंत्रो से भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। अवसर है शारदीय नवरात्र का। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिभर साईड सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में रविवार को विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पाठ का शुभारंभ हुआ। मौके पर मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अराधना की गई। साथ ही श्री दुर्गा सप्तशती पाठ सहित कई पूजा अनुष्ठान हुए। सयाल उरीमारी कोयलांचल में भी शारदीय नवरात्र पाठ का शुभारंभ हुआ। कोयलांचल के विभिन्न मंदिरो में भी भक्तिभाव शारदीय नवरात्र पाठ का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष भी भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक जगहों पर शारदीय नवरात्र पाठ हो रहा है। इधर नवरात्र को ले ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र के जवाहर नगर, बिरसा चौक, ग्लास फैक्सी, थाना मैदान, रिभर साईड शास्त्री पार्क, नेहरू पार्क व गांधी पार्क, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा, पटेलनगर, चैनगडा, बलकुदरा, लबगा, बौनर धौड़ा शितला मंदिर आदि क्षेत्रों में पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोरशोर से चल रहा है।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर सीएम से मिलेंगे ग्रामीण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में बलकुदरा आम बगीचा में रविवार को पीवीयूएनएल के विस्थापित-प्रभावित महिला पुरुष ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में जयनगर, रसदा व बलकुदरा गावं के ग्रामीणों ने पीवीयूएनएल द्वारा प्रस्तावित छाई डैम के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। मौके पर ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि प्रस्तावित छाई डैम की भूमि हम ग्रामीणों की बची- खुची जमीन है, इसी से हम अपने परिवार का पेट चला रहे हैं। आज तक किसी को एक फूटी कौड़ी मुआवजा नहीं मिला है। न ही किसी को स्थाई नौकरी, पुर्नवास मिला है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उनसे गुहार लगाने के लिए दुर्गा पूजा के बाद यहां के सभी विस्थापित-प्रभावित महिला-पुरुष बच्चे सहित भारी संख्या में ग्रामीण रांची जायेंगे।

# 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनायें : नवीन जिंदल

**ओडिशा के रवेनशॉ विवि में फहराया 108 फीट का ध्वज**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बासल (रामगढ़)।** फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एफओआई) के अध्यक्ष और जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने आह्वान किया है कि 23 जनवरी को हमें राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाना चाहिए। ओडिशा के कटक स्थित रवेनशॉ विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को 108 फुट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज फहराने के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए श्री जिन्दल ने कहा कि दुनिया के प्रत्येक देश में राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि देशवासियों को गर्व और सम्मान के साथ प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार है इसलिए हमें इसी पवित्र दिन को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रवेनशॉ विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित 108 फुट ऊंचा यह झंडा छात्रों, शिक्षकों समेत समस्त आने-जाने वाले लोगों के मन में देशप्रेम की भावना का संचार करेगा। गौरतलब है कि श्री जिन्दल ने प्रत्येक भारतीय को गर्व और सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने और उसे प्रदर्शित करने का अधिकार दिलाने के लिए एक दशक लंबा कानूनी संघर्ष किया था। विश्वविद्यालय परिसर का अवलोकन करते हुए श्री जिन्दल ने गोथिक वास्तुकला के अनुसार ब्रिटिश काल में बने यहां के शैक्षणिक भवनों को सुरक्षित रखने के लिए ओडिशा सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन की सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर भारत के अग्रणी निजी विश्वविद्यालय ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी और रवेनशॉ विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक सहयोग का आह्वान भी किया। झंडारोहण मौके पर ओडिशा के कई जनप्रतिनिधियों सहित विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय कुमार नायक, रजिस्ट्रार केसी मल्लिक, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल (रि.) अशीम कोहली और जेएसपी के सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता मौजूद थे।

एक नजर में

## पेलावल ओपी में शांति समिति की बैठक



**कटकमसांडी।** पेलावल ओपी थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डीएसपी राजीव कुमार ने किया । थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, अंचल अधिकारी अनील कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदांती कुमारी तथा पेलावल ओ पी क्षेत्र के दुर्गा पूजा कमिटी के सदस्यों से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से पूजा करने का निर्देश दिया। डीएसपी राजीव कुमार ने कहा की डी जे साउंड सिस्टम पर पहले की तरह पुर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में सर्वधर्म मानवता मंच के संस्थापक निसार खान, जिप प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू, पबरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रंजीत रजक, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, महेन्द्र साव, मो. कमालुद्दीन, रामू राम, गदोखर पंचायत मुखिया नारायण साव, कंचनपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जगतगुरु श्रीरामकृष्ण जल्द होगी रिलीज

**हजारीबाग।** झारखंड में बनी फिल्म जगतगुरु श्रीरामकृष्ण बहुत जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्मों को देखने से आपको मंनोरंजन मिल सकता है लेकिन मंनोरंजन के साथ साथ आपको अच्छे विचार, अपने जीवन की समस्याओं का समाधान, जीवन जीने का नजरिया यदि किसी फिल्म में मिल सकता है तो वह फिल्म है जगतगुरू श्री रामकृष्ण। बच्चों को जीवन जीने की सही दिशा देने वाली बात है इस फिल्म में। स्वामी विवेकानंद किस प्रकार नरेन्द्र से विवेकानंद बनते हैं और किस प्रकार अपने जीवन को महान बनाते हैं, उनके गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस उनको किस प्रकार से शिक्षा देते हैं, यह सब भी आप देखेंगे। भजन सम्राट अनूप जलोटा सुरेश वाडकर महालक्ष्मी अय्यर ने अपनी मधुर गीत गाते हुए इस फिल्म को मनोरंजक और आकर्षक बना दिया है। हजारीबाग, झारखंड के कलाकरों ने बहुत ही सुन्दर अभिनव द्वारा इस फिल्म को जीवंत कर दिया है।जगतगुरू श्री रामकृष्ण परमहंस के जीवनी और शिक्षाओं पर आधारित फिल्म जगतगुरू श्री रामकृष्ण आपके नजदीकी सिनेमाघरों में जल्द ही रिलीज होगी।

## चरही में हुई क्लश की स्थापना

**चरही।**चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में नव दिवसीय नवरात्र दुर्गा पूजा क्लश स्थापन के साथ ही शुभारंभ हो गया है।पहले दिन भगवती दुर्गा की प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना विधि-विधना के साथ की गई।शंखध्वनि और मंत्राचार से चारों दिशाएं गूंज उठा है।महाआरती करने के बाद पंडाल के समीप उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच पंचांमृत और प्रसाद का वितरण किया गया।संध्या महाआरती करने के बाद रात्री में चरही कीर्तन मंडली के द्वारा भक्ति कीर्तन का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम देर-रात तक चलता रहा।पूजा को सफल बनाने को लेकर पूजा कमिटी के लोग जोर-शोर से लगे हुए है।और पूजन सामग्रियां को पूरा कर रहे हैं।क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों के समीप श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है।

## मंटू सोनी पर हाइकोर्ट ने लगाया जुर्माना

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह,चट्टी बरियातू एवं केरेडारी कोयला खनन परियोजनाओं पर एक के बाद एक निराधार आरोप लगाए जाते रहे हैं। इन आरोपों से जहां कंपनी की छवि धूमिल हुई है वहीं दबाव भी झेलना पड़ा है। अपनी इसी प्रवृत्ति को जारी रखते हुए मंटू सोनी ने एक बार पुनः झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में मंटू सोनी ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह पर भूमि मुआवजे में हुए घोटाले का आरोप लगाते हुए कोर्ट से कार्रवाई करने की मांग की थी। कोर्ट ने इस जनहित याचिका को खारिज करते हुए मंटू सोनी पर 100000 का जुर्माना लगाया है। यह जानकारी एनटीपीसी पकरी बरवाडी खनन परियोजना पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

## महिला उद्यमी बालासोर महोत्सव में शामिल

**हजारीबाग।** हजारीबाग से महिला उद्यमी बालासोर महोत्सव शामिल हुईं। बालासोर के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार माननीय प्रताप चंद्र सारंगी जी के द्वारा फीता काटकर किया गया। हजारीबाग से 09 नव संस्थाओं के द्वारा स्टॉल लगाया गया 1 सावंत एजुकेशनल सोसायटी 2 सीमा इंटरप्राइजेज 3 गुप्ता गृह उद्योग 4 बेली पराग 5 रंजना हैंडीक्राफ्ट 6 मंजू मिस्ठान भंडार 7 उमा आर्ट फ्यूजन 8 पूनम आर्ट एंड क्रॉफ्ट हाउस 9 संगीता आर्ट फैशन के द्वारा आपने अपने उत्पादों को स्टालों में लगाए हैं बालासोर के लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया और हुनर को हौसला कैसे बढ़ाना है उसके बारे में आयोजन समिति द्वारा प्रशिक्षण भी दिया गया।

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**टाटीझरिया ।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत सड़क - टाटीझरिया से धरमपुर भाया खंभवा तक सड़क का शिलान्यास रविवार को विधायक जय प्रकाश भाई पटेल,सांसद प्रतिनिधि मांडू विधानसभा क्षेत्र विपिन कुमार सिन्हा,प्रमुख संतोष मंडल,सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक, कैलासपति सिंह,मुखिया कांति देवी,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से किया । श्री पटेल ने कहा कि सांसद और मैं दोनों मिलकर क्षेत्र में विकास के काम तेजी से कर रहें हैं।आपलोगों की पुरानी मांग थी और सचमुच इस सड़क की स्थिति बहुत खराब है। क्षेत्र की कई अन्य सड़कें खराब है,नई सड़क बनाने की भी आवश्यकता है। राज्य सरकार की वजह से विकास कार्य ठप्प है। इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र का विकास होगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कोडरमा , विद्यायक प्रतिनिधी बरकट्ठा ,योधी प्रसाद यादव, राजू यादव,होपन सिंह,राजेश यादव, दीपक सिंह, लालचंद प्रसाद, शंभूनाथ पांडेय,शंकर बर्मन ,महेंद्र कुमार,लक्ष्मण यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरही।** कोरियाडीह व बरदाग में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने 100 केवीए का दो नया बिजली ट्रांसफार्मर उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विगत कई महीनों से उक्त गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था, जिससे गांव में अंधेरा पसरा हुआ था। अधिकारियों से मिन्नते करने के बावजूद ट्रांसफर्मर नही लगाया जा रहा था।जिसके लिए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में बिजली विभाग के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया था। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। वही कोरियाडीह व बरदाग के ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर मिलने पर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप के जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता का भी आभार जताया। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद,जगदीश महतो, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, विकाश यादव, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, उर्फ राजन, दिलीप कुशवाहा, विनय कुमार, प्रकाश साव, सुधीर प्रसाद, बसंती देवी, मालती देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।
१५ है पी ४ : मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ट्रांसफर उद्घाटन करते

## पदमा में नवरात्र को ले निकली कलश यात्रा

पदमा। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन क्लश स्थपना के लिए दुर्गा मंडम्प से हर्षोल्लास, भक्ति पूर्ण एवं गाजे बाजे के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाली, जो पूरे ग्राम भ्रमण करते हुए केवता नदी पहुंची और अपने कलश में जल भरकर वापस भरमन करते हुए दुर्गा मंडप पहुंची और कलश की स्थापना की गई । पदमा दुर्गा मंडप से लगभग 201 कलर्स के साथ यात्रा निकाली। चम्पाड़ीह दुर्गा मंडप से लगभग 51 महिला एवं बालिकाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।नवादी दुर्गा मंडप एवं सरिया दुर्गा मंडप में भी कलश की स्थापना की गई । क्लश यात्रा में पदमा पंचायत के मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता, राजेश मेहता संदीप मेहता, गौरी शंकर सिंह, रेखा देवी, रवि कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजेश यादव, सुनील सिंह, बचन राम, संजय चौबे, पंकज कुमार सिंह, दीपक कुमार, अमन कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### प्रथम दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा

**गुमला।** नवारात्रा के प्रथम दिन शक्ति की देवी मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने फल, फुल व अक्षत चढ़ाकर मां की पूजा की। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ भी आरंभ कर दिया। भक्त गण अपने सामर्थय के अनुसार निर्जला या फिर फल खाकर मां की आराधना की। जिले के सभी पूजा पंडालों में मां के प्रथम स्वरूप की पूजा की गई। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व धार्मिक विधि से पूजा संपन्न कराई गई।

### बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, दो हिरासत में

**कुडू, लोहरदगा ।** कुडू थाना पुलिस एवम खनन विभाग ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को टाटी चौक से जब्त किया है। मौके पर से दो लोगो को बाइक के साथ हिरासत में लिया गया है। जानकारी अनुसार विभाग को सूचना मिली थी कि रोक के बावजूद अवैध रूप से बालू घाट से टाटी चौक होते हुए चोरी छिपे बालू ले जाया जा रहा है। इसी सूचना पर खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद एवम कुडू थाना के द्वारा छापेमारी कर दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकडा गया। पूछताछ में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। वही गाड़ी का रेकी कर रहे दो बाइक सवार को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस की कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप है।

### भट्ठी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का नगर परिषद प्रशासक ने किया निरीक्षण

**गुमला।** दशहरा एवं छठ पर्व को लेकर रविवार को सिसई रोड स्थित भट्ठी तालाब में चल रहे तालाब सौंदर्यकरण कार्य का निरीक्षण नगर परिषद प्रशासक ने किया। इस दौरान नप प्रशासक ने संबंधित संवेदक को कार्य में प्रगति लाने एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। दशहरा पूजा विसर्जन कार्यक्रम एवम छठ के मद्देनजर साफ सफाई कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु उचित निर्णय लिया गया। वहीं उपायुक्त के निर्देश पर नगर परिषद के द्वारा विभिन्न स्थानों पर सड़कों में बने गड्ढे की मरम्मत की गई। निरीक्षण के दौरान सीटी मैनेजर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव में युवा कांग्रेस मजबूती के साथ करेगी काम : आजाद अंसारी

**सिसई।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सिसई प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटी की बैठक टाना भगत भवन में प्रखंड अध्यक्ष मनीष तिर्की की अध्यक्षता में हुई। जिसमें युवाओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि युवा कांग्रेस हर बुथ पर युवाओं को जोड़ने का काम कर रही है और मोदी सरकार की विफलताओं को बताने का काम कर रही। प्रखंड प्रभारी अरविंद साहू ने कहा मोदी सरकार जब से आई है युवाओं को ठगने का काम कर रही है। आने वाले चुनाव में युवा देश से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी ने कहा केंद्र की मोदी सरकार से देश की जनता परेशान हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। महंगाई बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर सिसई विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव, भरनो अध्यक्ष अशीष शाहदेव, जिनेश उरांव, तौकिर अंसारी, बेनाम उरांव, अजहर अब्बास, बहुरा उरांव, सफीक अंसारी, नीके उरांव, मुजीब अंसारी, बुधेश्वर उरांव, सफीक अंसारी, सहित कई युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नहन जयंती पर मधुकुंज ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**गुमला।** शहनी उपेंद्र पाल नहन की जयंती पर छोटानागपुरिया लोक संगीत व नृत्य कला केंद्र मधुकुंज के द्वारा रविवार को परमवीर अलर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का पगड़ी वाला टोप्पी पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. नहन जी की तास्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कैलाश नाग ने देते हुए स्व. नहन के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं शंकर नायक ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गायन के क्षेत्र में गायिका फुल कुमारी, रीमा देवी, सीमा देवी, वादन के लिए समरू राम, परमेश्वर खेरवार, सचिन नायक, अभिनय के लिए रामदयाल लोहरा, सीमा देवी, विनोद गोप एवं नृत्य के लिए ज्योति कुमारी को प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलाकार रीमा देवी ने ए साजन साजन गीत की प्रस्तुती कर कार्यक्रम में उमंग भर दी। इस अवसर पर कृष्ण कलाधर, शकुंतला मिश्रा, कलींद्र साहु, केशव साय, प्रदीप कुमार, रामवृक्ष साहु, देव कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जेएनडी व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की बैठक संपन्न

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के तत्वाधान में जन पुकार सभा की तैयारी को लेकर गुमला कचहरी परिसर के पास महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम शुरू करने के पूर्व नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार रहे स्वर्गीय सहनी उपेंद्रपाल नहन के जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि स्व. नहन बहुमुखी प्रतिभा के धनी साहित्यकार थे। नागपुरी भाषा साहित्य के लिए उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। श्री सिंह ने रांची के राजभवन के समक्ष होनेवाली जन पुकार सभा में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व महिला उत्पीड़न तथा ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों का खून पसीने का जमा पैसे का जल्द भुगतान करने की मांग को लेकर 7 नवंबर 2023 को सभा में गुमला जिला से सैकड़ो की संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### सीएम और ऊर्जा विभाग के एमडी का भाजपाइयों ने फूंका पुतला

**कुडू।** प्रखंड भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सरजु कुमार साहू के नेतृत्व में प्रखंड के वीर शिवाजी चौक रुद में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ऊर्जा विभाग की ट्रांसमिशन एमडी केके वर्मा का पुतला दहन किया गया। मौके पर सरजू कुमार साहू ने कहा कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा ऊर्जा विभाग में टेंडर मे अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा था और जवाब मांगा गया था। श्री साहू ने कहा कि इसमें हेमंत सोरेन के कार्यालय से कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं मिला बल्कि गैर जिम्मेदाराना तरीके से ऊर्जा विभाग के ट्रांसमिशन एमडी केके वर्मा के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए मामला से ध्यान भटकाने का कार्य किया।

# जगत जननी मां दुर्गा की आराधना में लीन हुए लोग

## मंदिर, घर व पूजा पंडालों में धार्मिक विधि के साथ किया गया कलश स्थापित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** या देवी सर्वभूतेषू मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। कलश स्थापना के साथ जिले में शक्ति की देवी मां दुर्गा की नौ दिवसीय आराधना रविवार से आरंभ हो गई। मां दुर्गा के मंदिरों व पूजा पंडालों में पूजा समितियों द्वारा धार्मिक विधि के साथ कलश की स्थापना की गई। वहीं घरों में भी लोगों ने कलश स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ कर दिया। नवरात्रा में भक्त निर्जला उपावास रखकर जगत जननी मां दुर्गा की आराधना करते हैं। जगतमाता मां दुर्गा की आराधना कर लोग अपने सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं दूसरी ओर भक्त सिद्धि के लिए भी मां दुर्गा की आराधना में आज से जुट गये हैं। शहर के बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में आचार्य श्री यमुना पाठक, पूजक हरिशंकर त्रिपाठी के द्वारा, पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर में आचार्य हरिशंकर मिश्र व ज्योति संघ में आचार्य सुधीर कुमार पांडेय, ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में कलश स्थापित किया गया। इस दौरान बड़ा दुर्गा मंदिर में यजमान के रूप में सचिव रमेश कुमार, अध्यक्ष निर्मल गोयल व अन्य बैठे थे साथ ही द्वारिका मिश्रा, रमेश नंद, अशोक शर्मा, भूपन साहु, संजय वर्मा, मिथुन कुमार, रूपेश कुमार, वीरेंद्र गुप्ता, रामनिवास प्रसाद आदि उपस्थित थे। वहीं पालकोट रोड स्थित शक्ति संघ में कलश स्थापना में यजमान के रूप में सरजु प्रसाद साहु व उनकी पत्नी उषारानी, शंकर सोनी व पत्नी मीना देवी व विनोद गुप्ता , शैल मिश्रा, आदि बैठे थे ज्योति संघ में यजमान के रूप में, दिनेश कुमार, नंदकिशोर साहु, नयन लाल, बदरी कुमार गुलशन आदि शामिल हुए। इधर ग्रामीण क्षेत्रों व जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी धार्मिक विधि के साथ पूजा समितियों द्वारा कलश स्थापना कराई गई। जिले के जारी, डुमरी, चैनपुर, रायडीह, भरनो, सिसई, कामडारा बसिया, पालकोट, घाघरा, विशुनपुर व गुमला प्रखंड के मुरकुंडा, कसीरा, टोटो, खरका आदि स्थानों में भी कलश की स्थापना कर भक्त मां दुर्गा की आराधना में जुट गये हैं।



शक्ति संघ के पंडाल में कलश स्थापना को लेकर पूजा करते लोग।

## राम कथा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा प्रखंड के नावाडीह गांव में रविवार को दरिद्र नारायण सेवा केंद्र व दुर्गा पूजा समिति गम्हरिया के द्वारा नवरात्रि एवं नव दिवसीय राम कथा को लेकर कलश यात्रा निकाला। नावाडीह गांव में कलश यात्रा गांव से शुरू होकर देवाकी डैम पहुंची। वहीं गम्हरिया गांव में गम्हरिया दुर्गा मंदिर परिसर से शुरू होकर विभिन्न चौक चौराहे होते हुए बालाखटंगा कोयल नदी पहुंची। जहां आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जलभरी कराई गयी। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला बच्चियां शामिल हुई। आचार्य परम पूज्य कुलदीप बाबा ने बताया कि दरिद्र नारायण सेवा केंद्र में सामूहिक रूप से लगभग 100 की संख्या में श्रद्धालु नवरात्रि करते हैं। साथ ही यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष कलश यात्रा के उपरांत कलश स्थापना के साथ नवरात्रि प्रारंभ होता है। जहां सामूहिक रूप से भक्ति भाव के साथ माता रानी की आराधना की जाती है। साथ ही नव दिवसीय राम कथा झांकी के साथ किया जाएगा। राम कथा के कथा वाचिका यशोदा दीदी के द्वारा राम कथा सुनायी जाएगी। गम्हरिया पूजा समिति के सचिव अरुण कुमार साहू ने बताया कि कलश स्थापना के पूर्व इस साल से कलश यात्रा की शुरूआत की जा रही है। जहां कोयल नदी से जल लाकर पूजन की शुरूआत होगी। नावाडीह में आयोजित कलश यात्रा में अजय साहू, यशोदा दीदी, कृष्णा साहू, लोकनाथ लोहरा, मुकेश साहू, राजेश कुमार, सुखदेव साहू, शंकर साहू, लाल साहू, शिव शंकर साहू, सुमित्रा देवी, देवंती देवी, संतोष लोहार व अरुण साहू, वही गम्हरिया में आयोजित कलश यात्रा में अरुण कुमार साहू ,रामेश्वर दुबे, रामविलास साहू, पवन साहू, कुलदीप दुबे, राजू तिवारी, जितेश्वर पासवान,शुशील पासवान, पवन साहू, विक्की सिंह, सुशील पासवान ,ललिता देवी, खुशबू कुमारी सहित कई महिलाएं बच्चियां व समिति के लोग शामिल थे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व बहनें।

## जन्मदर घटा नहीं, मृत्यु दर बढ़ा नहीं, फिर भी राज्य में आदिवासियों की संख्या कम कैसे हुई : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के मालम नावाटोली चर्च मैदान में रविवार को एकदिवसीय आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक भूषण तिर्की शामिल हुए। मौके पर विधायक श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज सिंधु घाटी से होते हुए रोहतासगढ़ झारखंड आए तथा पूरे भारतवर्ष में फैल गए। आज आदिवासी समाज की आबादी पूरे देश में 18 करोड़ है। वहीं झारखंड में जब देश आजाद हुआ तो हम लोग 30% से अधिक थे। लेकिन आज वर्तमान समय में आदिवासी समाज की जनसंख्या घटकर 26% हो गई है। जबकि हम लोगों का जन्म दर घटा नहीं और मृत्यु दर बढ़ा नहीं फिर भी हमारी आबादी कम कैसे हो गई। यह चिंता का विषय है। देश को स्वतंत्र हुए 70 साल से ज्यादा हो गये। झारखंड राज्य अलग हुए 20 साल पार कर गया। देश एवं राज्य में बहुत सारी सरकार आयी एवं चली गई लेकिन एक आदिवासी का बेटा हेमंत सोरेन ने बड़े-बड़े ऐतिहासिक एवं साहसिक फैसले लिए जो इतिहास में सुनहरे शब्दों में लिखा जाएगा। 1932 खतियान का मामला हो या मॉब लिंचिंग का प्रस्ताव लाकर कानून बनाने का मामला हो या फिर फील्ड फायरिंग रेंज का अवधि विस्तार देने से रोक लगाने का फैसला यह सब साहस भरा कदम है। झारखंड राज्य का करोड़ों रुपया बकाया राशि केंद्र सरकार के पास है। जिसे रोक कर रखा गया है। पूरे भारत वर्ष में एक अकेला आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं।



नृत्य प्रतियोगिता के विजेता को नगाड़ा प्रदान करते विधायक व अन्य।

## एक नजर में

### चैनपुर दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू, निकाली गयी कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल लोग।

**चैनपुर।** चैनपुर और आस पास के क्षेत्रों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र रविवार से आरंभ हो गया। चैनपुर दुर्गा मंदिर परिसर से पुरोहित विश्वनाथ पाठक के वैदिक मंत्रोचार एवं गाजे बाजे के साथ के साथ कलश यात्रा निकाला गई। कलश यात्रा सुबह 8 बजे निकाली गई। इसमें माताएं बहने अपने सर पर 201 कलश रख कर मंदिर प्रांगण से निकलकर मुख्य मार्ग से होता हुए चल रही थीं। सफी नदी से जल लेकर कलश यात्रा पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हो गई। नवरात्र के पहले दिन विभिन्न पूजा स्थलों और घरों में शक्ति के अराधकों ने शारदीय नवरात्र का कलश स्थापना की और श्री दुर्गा सप्तशति का पाठ आरंभ किया। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। लोक मान्यता है कि माता शैलपुत्री की उपासना से मानव में आध्यात्मिक जागरूकता का संचार होता है। अराधक श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी कलश स्थापना कराया और शारदीय नवरात्र का संकल्प लेकर पवित्रता, आस्था और भक्ति से मां दुर्गा का पाठ आरंभ किया। शक्ति की देवी की भक्ति से चैनपुर का माहौल भक्तिमय हो गया है। इधर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज साहू ने समस्त ग्राम वासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

## संस्कृति महोत्सव के लिए रवाना हुई इंटर कॉलेज की टीम

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** बोकारो के थर्ड सी स्थित विद्या मंदिर में 15 एवं 16 अक्टूबर को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेने के लिए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा की टीम रविवार को रवाना हुई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने शुभकामनाएं देकर तीन मार्गदर्शन शिक्षक सहित 30 सदस्यों की टीम को रवाना किया। टीम में वैदिक गणित प्रश्न मंच में अमर उरांव, मुनिका कुमारी व किरण कुमारी, विज्ञान प्रश्न मंच में ईशा कुमारी, रिया कुमारी व रोहित कुमार साहू, अंग्रेजी प्रश्न मंच में सुष्मिता कुमारी, नेहा कुमारी व अल्फा कुजूर, संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में आकांक्षा पांडे, ज्योति प्रिया कुजूर व आदित्य उरांव, त्वरित भाषण में रोशनी उरांव शामिल है । सांस्कृतिक प्रदर्शन में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी ,मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा, पूनम कुमारी, सुजीत उरांव , मंतोष उरांव, अनित उरांव, अंकित उरांव ,विकास उरांव ,धर्मदेव उरांव, सचिन भगत, अजीत उरांव, संदीप उरांव शामिल है। मार्गदर्शक आचार्य टोली में आचार्य पत्र वाचन की प्रतिभागी के रूप में नीतू कुमारी के अलावा रश्मि साहू और यशोदा कुमारी शामिल है।



महोत्सव में भाग लेने वाली टीम।

## एसपी से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में रविवार को पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह से मुलाकात किया और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस औपचारिक मुलाकात में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने एसपी से शहर में रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की और कई विषयों पर चर्चा की। साथ ही गुमला के नये थाना व टोटो थाना के विषय में भी चर्चा किया। चेंबर अध्यक्ष ने एसपी से पुलिस और चेंबर की बैठक तीन चार माह में एक बार कराने की मांग की।

### दुर्गा वाहिनी व मातृ शक्ति ने की शस्त्र पूजा

**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड स्थित संघ कार्यालय में रविवार को दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति के द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जगत जननी मां अंबे के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए दुर्गा वाहिनी गुमला जिला संयोजिका गंगा कुमारी ने कहा कि प्रत्येक साल दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति के द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया जाता है और सभी माता बहनों को लव जिहाद, धर्मांतरण जैसे मामलों को समझना तथा उसका विरोध करने की शिक्षा दी जाती है। जिस तरह लगातार समाज में लव जिहाद और धर्मान्तरण के मामले सामने आ रहे हैं हम सभी को मिलकर अपने समाज की महिलाओं और बहनों को मजबूत और सशक्त बनने की जरूरत है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह ने मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की और सभी का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विभाग संयोजक मुकेश सिंह, जिला संयोजक रविंद्र सिंह, प्रखंड संयोजक रवि नायक, साप्ताहिक मिलन प्रमुख यशराज सिंह, वार्ड संयोजिका वंदना सोनी ,मुद्रिका जी, विकास सिंह, मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।



शस्त्र पूजा से पूर्व मां दुर्गा की पूजा करते लोग।

## शोभायात्रा निकाली

**लोहरदगा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा देवीमंडप पावरगंज से सोमवार बाजार, शास्त्री चौक होते हुए ठाकुरबाड़ी मंदिर तक निकाली गई। कलश स्थापना कर अगले नौ दिनों तक ठाकुर बाड़ी मंदिर के प्रांगण में नवाह्न पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा में शहर के हजारों माता के भक्तगण और श्रद्धालु हाथों में ध्वजा ले कर शामिल हुए। ढोल नगाड़े और माता के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान हो रहा था। जगह जगह पुष्प वर्षा कर लोगों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने दुर्गा पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी को आपस में मिलजुल कर पूरे उत्साह और उमंग के साथ दुर्गा पूजा मनाना है।

## झारखंड अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है : भूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कामडारा प्रखंड के युवा क्लब जराकेल पोकला द्वारा आयोजित प्राइजमनी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को हुआ। जिसमें उदघाटन मैच हटिया फुटबाल क्लब और खुंटी बिरसा क्लब के बीच खेला गया। जिसमे खुंटी 2 गोल से विजय हुआ। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबाल को किक मारकर किया गया। मौके पर मुख्य अथिति के तौर पर उपस्थित मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें उचित प्लेट फार्म व संसाधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रतिभाओ को निखारने में ध्यान दे तो राज्य की तकदीर और तस्वीर बदल सकती है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेलों में रुचि रखने से जीवन के कठिन परिस्थितियों का सामना करने और शरीर व मस्तिष्क को तनाव रहित बनाने में मदद मिलता है। इस प्रतियोगिता में झारखंड, उड़ीसा व छतीसगढ राज्य से कुल 16 टीमें भाग ले रही है। विजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा दो लाख व उप विजेता टीम को एक लाख रूपया प्राईज के रूप में दिया जाएगा।



प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते भूषण भगत।

### भव्य कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र पाठ शुरू

**भंडरा ।** शाश्वत वैदिक मंत्रोच्चार, माता रानी के जयकारे व भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ रविवार को शारदीय नवरात्र महोत्सव का आगाज हो गया। शक्ति की देवी माँ अम्बे की आराधना का महापर्व नवरात्र भव्य कलश स्थापना के साथ भंडरा प्रखंड क्षेत्र में नवरात्र पाठ शुरू हुआ। नवरात्र के शुरू होते ही प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में भक्त जुट गए। भंडरा प्रखंड के भंडरा, चट्टी, भौंरो व बेदाल गांव में रविवार को कड़कड़ाती गर्मी के बावजूद कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई। सिद्धि दायनी दुर्गा मंदिर निर्माण पूजा समिति के 101 सदस्य के साथ नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति से 51 महिलाओं ने भौंरो नदी से विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पर पहुंची, जहां पूर्व से मौजूद आचार्य पंडितों ने कलश की विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना के साथ नौदिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया गया । कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व बच्चियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कलश यात्रा में मां दुर्गा के उद्घोष से पूरा क्षेत्र मां दुर्गा के पूजा आराधना में लीन लग रहा था।

### कैरो में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई मां दुर्गा की पूजा

कैरो लोहरदगा। कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति द्वारा नवरात्र का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा कलश स्थापित किया गया। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गे के शैलपुत्री रूप का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना किया गया। आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी द्वारा अनुष्ठान संपन्न कराए गए। कैरो में नंदिनी नदी से सैकड़ों महिला-पुरुष व बच्चों द्वारा कलश में जल उठाकर दुर्गा बाड़ी में स्थापित किया गया। जिसके बाद सभी अनुष्ठान संपन्न कराए गए। वहीं दूसरी ओर नगजुआ स्थित पंडाल में नंदिनी जलाशय से श्रद्धालुओं द्वारा जल उठाकर पूजा पंडाल में स्थापित किया गया। कलश यात्रा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, सचिव शंभू सोनी, कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद, रंजीत प्रजापति आदि शामिल थे।

## माता का ऐसा मंदिर जहां देवी-देवताओं के साथ होती है पशु-पक्षियों की पूजा

संदीप गुप्ता

**भंडरा ।** भारत ही एक ऐसा देश है जहां देवी-देवताओं को पूजा ही जाता है, साथ ही प्रकृति, पशु-पक्षियों को पूजन का भी विधान है। यही नहीं इन चीजों में भारतवासियों की आस्था भी है। आज आपको बताते हैं कि भंडरा में एक अनोखा मंदिर ऐसा भी जहां देवी देवताओ के साथ पशु पक्षी की भी पूजा की जाती है और उसमें भक्तों की पूरी आस्था भी है। यह पशु पक्षिओ को पूजने वाला अनोखा मंदिर लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत चट्टी गांव मे स्थित है । छत्तीस देवी माता मंदिर के नाम से विख्यात ये मंदिर चट्टी मुख्य पथ के समीप स्थित है । यहा जान कर आप और भी हैरान हो जाएगे की मंदिर का निर्माण एक छोटे मिठाई की दुकान चलाने वाले भक्त ने अपने मेहनत की कमाई का पाई पाई जोड़ कर मंदिर बनवाया है । मंदिर निर्माण मे माता के परम भक्त जगतपाल साहू ने लाखो की लागत से बना मंदिर मे किसी से चंदा नहीं लिया है । यही नहीं जगतपाल साहू की भगवान के प्रति भक्ति इतनी है की उहोने अपने मेहनत की कमाई से एक दो नही चार मंदिर का निर्माण करा दिया है । आज के इस कलयुगी जमाने मे लोगो को ईश्वर के भक्ति करने के लिए समय नही है । आज के लोग सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए पैसा कमा रहे है । जगतपाल साहू की भगवान के प्रति सच्ची आस्था और माता के प्रति भक्ति भावना से वे पूरे जिले मे उनकी अलग पहचान बन गयी है । आज वे भगत जी के रूप मे पूरे जिले मे विख्यात है । जगतपाल साहू के होटल की रसमलाई,गुड़ के लड्डू,पेड़े आदि मिठाई काफी फेमस है । माता के भक्त शुद्ध शाकाहारी जगतपाल साहू के होटल मे प्याज लहसुन का प्रयोग पुरी तरह वर्जित है । फिर भी होटल मे बने समोसे आदि का जायका लाजबाब होता है । रांची से लोहरदगा,या नेतरहाट जाने वाले सभी वीआईपी लोग जगतपाल साहू की दुकान की मिठाई का जायजा लिये आगे नही जाते । जगतपाल साहू का देवी देवताओ के साथ हि पशु पक्षियों से विशेष प्रेम है । उनके मंदिर मे विभिन्न पशु पक्षियों की चित्र व प्रतिमा बनवाकर पूजा की जाती है । उनके अनुसार आज समूचे भारत वर्ष में इस बात को समझने की जरूरत है कि सनातन धर्म के अनुसार हमारे आराध्य देवी-देवताओं को जो पशु-पक्षी प्रिय थे वे हमारी भी पसंद हों और हम सकारात्मक दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ उनके पालन-पोषण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।



मंदिर में पूजा करते भक्त।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है : बिरजू तिवारी

**कान्हाचट्टी।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत चारु गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उनके आगमन पर पूजा समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच कलश का वितरण किया। गाजे-बाजे के साथ दुर्गा मंडप से निकली कलश यात्रा पुरे गांव भ्रमण करते हुए चारु स्थित नदी तट पहुंची। यहां विधिवत पूजा अर्चना के जलभरी किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला- पुरुष श्रद्धालु छोटे बच्चे कलश यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है।

### शारदीय नवरात्र को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**गिद्धौर।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुखिया समीरा कुमारी शामिल हुए। उनके आगमन पर पूजा समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तपश्चात श्रद्धालुओं के बीच कलश का वितरण किया। गाजे-बाजे के साथ दुर्गा मंडप से निकली कलश यात्रा पुरे गांव भ्रमण करते हुए बारीसाखी स्थित नदी तट पहुंची। यहां विधिवत पूजा अर्चना के जलभरी किया गया.इसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु छोटे बच्चे कलश यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### शिव की शिष्यता मानव कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग : बरखा दीदी

**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर परिसर में शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक भजन संकीर्तन के साथ हुई। परिचर्चा में शिव गुरु बहन बरखा दीदी ने कहा कि शिव गुरु की शिष्यता मानव मात्र के कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग है। शिव को गुरु बनाकर व्यक्ति भक्ति व मुक्ति के मार्ग को सहजता से प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में शिव गुरु की शिष्यता ही लौकिक पारलौकिक मनोरथ को पूर्ण करने वाली है, जरूरत है हम हरिनदरानंद जी के बताए गए मार्ग पर चलें। उन्होंने शिव गुरु से जुड़ाव के तीन सूत्र दया चर्चा और नमः शिवाय से जुड़ने की बात बताई।

### थाना प्रभारी व सीओ ने किया दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण

**कान्हाचट्टी।** राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरक्षण थाना प्रभारी भोलानाथ दास व अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंडालों निरीक्षण किया। थाना प्रभारी भोलानाथ दास ने कहा कि पंडाल में प्रकाश की व्यवस्था के लिए अस्थाई कनेक्शन लें। जिसमे पूजा समिति के अध्यक्ष समिति के सदस्यगण को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### पत्थलगड़ा में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र आरंभ

**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमर पड़ी। वहीं प्रखंड मुख्यालय पत्थलगड़ा के सुभाष चौक में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी उपस्थित हुए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यालय डीएसपी केदारनाथ राम, उज्जवल दास एवं सुजीत भारती शामिल हुए। कलश यात्रा बरवाडीह ,पत्थलगड़ा तथा सिंघानी का श्रद्धालुओं द्वारा नगर भ्रमण किया गया।

### युवा जागृति सेवा मंच ने निकाली कलश यात्रा

**गढ़वा।** युवा जागृति सेवा मंच, मल्लाह टोली के तत्वावधान में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। नवरात्र के पहले दिन स्थापना दिवस के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। मौके पर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि नवरात्रि में पर्व और व्रत में कलश स्थापना का सबसे ज्यादा महत्व है। इसके बिना नवरात्रि का व्रत अधूरा माना जाता है।

### शारदीय नवरात्र पर विभिन्न पूजा पंडालों में की गयी कलश स्थापना

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विभिन्न पूजा कमेटी के सदस्यों के द्वारा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार पर है। इसके साथ ही शारदीय नवरात्र की शुरुआत के पहले दिन विभिन्न पूजा पंडालों में कलश स्थापित किया गया। इार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित अखौरी तहले गांव के देवी मंडप में कलश स्थापना को लेकर जलयात्रा निकाली गई। जल यात्रा में श्रद्धालुओं के अलावा नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए।

### नवरात्र अनुष्ठान के साथ गायत्री महामंत्र का जाप शुरू

**मझिआंव।** नगर पंचायत सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। नवरात्र के प्रथम दिन देवालयों, देवी मंदिरों एवं दुर्गा पूजा पंडालों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप में प्रतिष्ठापित माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। इार चन्द्री स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक नागेन्द्र सिंह के देख रेख में नवरात्रि का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। मां गायत्री, माता सरस्वती एवं माता लक्ष्मी तथा माता वैष्णो देवी की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात पूर्व में हुए 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दौरान जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी एवं युवा मंडल के जिला समन्वयक बिरेन्द्र सोनी द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार से लाये गये शक्ति कलश को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर गर्भगृह में स्थापित किया गया।

### कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में रविवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का प्रथम दिन शुरू हुआ। इस अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों एवं घरों में लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि पूर्वक कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती व नवाह्न परायण पाठ का शुभारंभ किया। शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही पूरा इलाका भक्ति के वातावरण से ओतप्रोत हो गया है। रमना में श्री सीताराम मानस मंदिर में नौ दिवसीय नवाह्न परायण पाठ तथा श्री रामदरबार का आयोजन किया गया है।

---

मंदिर में की गयी चार दर्जन से अधिक ज्योति कलश की स्थापना

# भद्रकाली मंदिर में गूंजने लगे दुर्गासप्तशती के मंत्र, बहने लगी है भक्ति की बयार





**पंकज सिंह**

**चतरा/इटखोरी।** माता के इस पवित्र दरबार में दुर्गा सप्तशती श्लोक और पाठ के मंत्रोच्चार भी गुंजायमान होने लगे हैं। चहुंओर भक्ति की बयार बहने लगी है। नवरात्र के पहले दिन रविवार की अहले सुबह चार बजे मां भद्रकाली की श्रृंगार पूजा हुई। माता की प्रतिमा को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का रूप दिया गया। श्रृंगार पूजा के बाद घी के दीये व कपूर से मां भद्रकाली की महाआरती उतारी गई। इस दौरान मां भद्रकाली का दरबार माता रानी के जयकारे से गूंजता रहा। श्रृंगार पूजा में शामिल श्रद्धालुओं के रोम-रोम पुलकित हो उठे। उसके बाद धार्मिक विधान से मंदिर के गर्भ गृह में शुभ मुहूर्त पर शारदीय नवरात्र का कलश स्थापित किया गया। नवरात्र का पहला कलश मंदिर प्रबंधन समिति ने स्थापित किया। मंदिर प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य सीताराम सिंह तथा केयरटेकर नागेश्वर यादव ने मंदिर के पुजारियों की देखरेख में नवरात्र का कलश स्थापित किया। उसके बाद भक्तों ने मंदिर के प्रथम कच्छ एवं परिक्रमा बरामदे में नवरात्र का कलश स्थापित किया। कलश स्थापना के बाद नवरात्र के पहले दिन मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पहला पाठ हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर में कलश स्थापित करने वाले भक्तों के अलावा दूरदराज के श्रद्धालु भी माता का दर्शन और पूजन करने के लिए मंदिर परिसर में पहुंचे। कई श्रद्धालु ढोल लेकर माता के दरबार में पधारे। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के पूजा पंडालों में भी भक्ति भाव के साथ नवरात्र के कलश स्थापित किए गए। प्रखंड में नगर मोहल्ला के टाल पर, इटखोरी बाजार, परोका बगीचा, करनी चौक, पितीज व गुल्ली गांव तथा तुम्बी चौक के भी पूजा पंडालों में नवरात्र का कलश स्थापित हुआ। इसके अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी मां दुर्गा की आराधना व उपासना के लिए नवरात्र का कलश स्थापित किया। इटखोरी भद्रकाली मंदिर में दूर दराज से साधकों का जुटान हुआ है, जो पूरे नौ दिन माता के अनुष्ठान में साधना में लीन रहेंगे। इसके अलावा चतरा के हंटरगंज स्थित मां कौलेश्वरी और पत्थलगड्डा के लेंबोइया माता मंदिर में भी आराधना आरंभ हो गई।

---

एक नजर में

### थाना प्रभारी व वनकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कान्हाचट्टी।** अफीम की खेती रोकथाम को लेकर ग्रामीणों के साथ राजपुर थाना प्रभारी भोलानाथ दास और वन विभाग ने बैठक का आयोजन किया।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी भोलानाथ दास ने किया। बैठक राजपुर थाना अंतर्गत कुरखेता तथा गाड़िया गांव के ग्रामीणों के बिच हुई। बैठक में ग्रामीणों को अफीम की खेती को रोकथाम व वनों को संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। थाना प्रभारी श्री दास ने सुझाव रखते हुए कहा की अफीम की खेती किसी भी दृष्टिकोण से सभ्यसमाज हित में नहीं है। यह समाज को मानसिक व शारीरिक रूप से विकलांग बना देता है। आगे कहा कि आमजन किसी के बहकावे में ना आए, किसी भी परिस्थिति में थाना क्षेत्र के अंतर्गत अफीम की खेती नहीं होने दी जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि इस जनजागरूकता के उपरांत भी यदी अफीम की खेती मे किसी को संलिप्ता पाए जाने की सूचना प्राप्त होती है, तो एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, वही उन्होंने कहा कि यदी गांव व वन भूमि पर अफीम की खेती लगाए जाने की सूचना मिलती है, तो इसकी सूचना राजपुर थाना पुलिस को सूचित करें। इसकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी। तथा लोगों को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा की अफीम की खेती रासायनिक संरचना व गुण दोनों हानिकारक है।

---

गुमो में 600 वर्षों से दुर्गा पूजा का हो रहा है आयोजन

## कलश स्थापना से नौ दिनों तक बलि देने की है प्रथा : दशरथ पांडेय







**लखन सिंह**

**कोडरमा।** जिले में कई जगहों पर भव्य तरीके से दुर्गा पूजा होती है, मगर नगर पर्षद क्षेत्र अंतर्गत गुमो का दुर्गा पूजा कई मायनों में खास होता है। मंदिर के मुख्य पुजारी और पूजा समिति से जुड़े लोगों का दावा है कि यहां 600 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। दुर्गा पूजा में पूरे नवरात्र के दौरान कलश स्थापना से लेकर नवमी तक पूरे नौ दिनों तक यहां बलि देने की प्रथा है। गुमो दुर्गा मंडप के मुख्य पुजारी दशरथ पांडेय व बुजुर्गों के अनुसार, 1300-1400 ई में गुमो में राजा रतन साईं और मर्दन साई का राज था। राजा द्वारा ही गुमो में दुर्गा पूजा की शुरुआत की गयी थी। इनकी मानें तो 1700 ई के आसपास देश में अंग्रेजों के अत्याचार से परेशान होकर राजा परिवार ने गुमो स्थित अपना राजा किला छोड़ कर जाने का निर्णय लिया। इस दौरान गुमो के ब्राह्मण समाज को राजा ने अपनी जमींदारी सौंप कर राजा परिवार द्वारा राजा गढ़ में शुरू की गयी दुर्गा पूजा को नियमित तौर पर जारी रखने का आग्रह किया था। शुरुआती दौर में राजा गढ़ पर ही दुर्गा पूजा का आयोजन होता था, इसके बाद राजा किला वस्त होने पर 150 वर्षों से राजा गढ़ से 500 मीटर की दूरी पर बने दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा को सफल बनाने में समिति के अयक्ष अशोक पांडेय, उपायक्ष दिनेश सिंह, शिवशंकर पांडेय, सचिव उमाकांत पांडेय, सह सचिव मनोज पांडेय, संजय पांडेय, कोषायक्ष सुनील पांडेय, सह कोषायक्ष राजन पांडेय के अलावा कार्यकारिणी सदस्य रतन पांडेय, विवेक पांडेय, पंचम पांडेय, अशोक राय, बच्चू पांडेय, सोमनाथ पांडेय, पंकज पांडेय, भारत लाल पांडेय, अनिल पांडेय, सत्यदेव राय, दिलीप वर्मा, शशिकांत पांडेय, दीनानाथ पांडेय, शक्तिकांत आदि लोग लगे हैं।

पुजारी दशरथ पांडेय ने बताया कि समय के साथ राजा का किला खंडहर में तब्दील होकर मिट्टी में मिल गया, हालांकि गुमो में राजा किला का स्थान आज भी मौजूद है, जो गुमो में सबसे ऊंचा स्थान है। दुर्गा पूजा में कलश स्थापना के दौरान सबसे पहली पूजा के साथ बकरे की बलि राजा गढ़ में दी जाती है। इसके बाद गुमो के दुर्गा मंडप में कलश स्थापना से लेकर नवमी तक पूरे नवरात्र बकरे की बलि दी जाती है।

---

### सच्चे मन से पूजा करने वालों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं भगवती : कृष्ण मुरारी पांडेय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा के पूजन का पर्व शारदीय नवरात्रि की शुरूआत रविवार से कलश स्थापना के साथ शुरू हुई। जिले के कई मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। वहीं झुमरीतिलैया के प्रसिद्ध देवी मण्डप में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ ही कलश स्थापित की गई। इस दौरान लोगों ने भक्ति भाव से मां की आरााना कर सुख शांति की कामना की। वहीं मंदिर के पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय ने बताया कि इस बार देवी दुर्गा हाथी पर सवार होकर आईं हैं, जो भक्तों के लिए काफी शुभ फल देने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की 1925 से ही नवरात्र के समय में देवी मंडप में कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है। पूजन की शुरुआत मंदिर के प्रथम पुजारी टहल नारायण पांडेय ने की थी। यहां की ऐसी मान्यता है की यहां जो भी भक्त भगवती की सच्चे मन से आराधना करते हैं, उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

---

### विधायक ने किया बिल्सी हीरो ऑटोमोबाइल्स शोरूम का उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया टंडवा रोड स्थित बिल्सी पेट्रोल पंप के समीप रविवार को बिल्सी हीरो ऑटो मोबाइल शोरूम का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया गया। शोरूम का उद्घाटन विधायक किशुन कुमार दास, बिल्सी ऑटोमोबाइल के ऑनर कुमार उज्ज्वल पिता निर्मल साव, जिप सदस्य देवनन्दन साहू पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक श्रीदास ने मोटरसाइकिल शोरुम का पल्लवित पुष्पित होने की कामना की। साथ ही कहा कि सिमरिया प्रखण्ड में हीरो मोटरसाइकिल शोरुम की अतिआवश्यक थी। शोरूम खुलने से यहां के लोगों को हीरो की मोटरसाइकिल खरीदने के लिए अन्य शहरों में जाना नही पड़ेगा। शोरूम के ऑनर ने बताया कि शोरूम में हीरो की सभी गाड़ियां उपलब्ध है। जिसमे स्कूटी, मोटरसाइकिल, स्पोर्ट बाइक सहित अन्य गाडियां उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यहां पर मोटरसाइकिल सर्विसिंग की भी व्यवस्था है। ग्राहकों को आसान किस्तों में भी मोटरसाइकिल दिया जाएगा।

---

### कलश यात्रा के दौरान हुआ हादसा नदी में डूबने से युवक की मौत



नदी में शव की तलाश करती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र में शारदीय नवरात्र एक ओर जहां हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुई वहीं दूसरी ओर यह खुशी प्रखंड वासियों के लिए मातम में बदल गई। प्राप्त सूचना के अनुसार पतरिया पंचायत के शिवरी गांव निवासी अरविंद सिंह का 21 वर्षीय पुत्र रवि कुमार सिंह की सोन नद में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना रविवार दोपहर 12 बजे की है। मिली सूचना के अनुसार शिवरी गांव से दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाला गया था। सभी कलशधारी सोन नदी से अपने अपने कलश में अभिमंत्रित जल भर कर वापस लौट ही रहे थे कि मृतक रवि सिंह स्नान करने के लिए वापस नदी की बीच धारा में चला गया और वह बीच धारा में डूबने लगा। परंतु मौके पर ना ही कोई प्रशिक्षित तैराक या गोताखोर था और ना ही प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ देर तक बचाव का प्रयास किया गया परंतु सब विफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही डूमरसोता मुखिया राजेश विश्वकर्मा व कांडी मुखिया विजय राम के द्वारा डूमरसोता गांव के स्थानीय गोताखोर फुलेंद्र चौधरी, नंदन चौधरी, विजय चौधरी, आनंद चौधरी, किरानी चौधरी, सुदामा चौधरी शाम तक प्रयास किये पर विफल रहे। समाचार लिखे जाने तक प्रखंड के ही भजनिया गांव के गोताखोरों को बुलाया गया था।

---

### पूर्व विधायक एवं जनप्रतिनिधि ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत गड़गी पानी टंकी मैदान में आजाद हिंद क्लब गड़गी के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया। उद्घाटन टूर्नामेंट 11 टाइगर क्लब बरकट्ठा हजारीबाग बनाम गझंडी कोडरमा के बीच खेला गया। जिसमे गझंड़ी पहले बल्लेबाजी करते हुए 163 रन बनाई। जवाबी पारी में बरकट्ठा 5 विकेट खोकर 164 रन बनाकर जीत हासिल की।

---

## मरकच्चो में लापता मासूम का शव धुंधी आहर से बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्कमनाय पंचायत से शनिवार से लापता 4 वर्षीय मासूम बच्चे का शव रविवार की सुबह ग्रामीणों ने उसके घर से 500 मीटर दूरी पर स्थित धुंधी आहार तालाब में तैरता हुआ मिला। वहीं मासूम शव की पहचान ग्राम मुर्कमनाय निवासी राहुल गोस्वामी के 4 वर्षीय पूत्र शिव कुमार के रूप में किया गया। मासूम का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई अनिल टोपो, शंभूनाथ मिश्रा अपने दल बल के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल किया एवं ग्रामीणों की सहयोग से मासूम बच्चे का शव तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम की तैयारी में जुट गये परंतु परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को उठाने नही दिया। जिसके बाद इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गयी। सूचना पर डीएसपी प्रवीण पुष्कर घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों व ग्रामीणों को समझा बुझा कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों एवं ग्रामीणों ने बच्चे की हत्या कर शव को तालाब में फेंक देने की आशंका जाहिर की है। मिली जानकारी के अनुसार बच्चा शनिवार को अपने घर के बाहर खेलते हुए अचानक गायब हो गया था, इसके बाद पुलिस बच्चे की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लगातार तलाश कर रही थी। वहीं इस घटना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।





---

## पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें : बीडीओ

सतगावां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में रविवार को बीडीओ सह सीओ बैद्यनाथ उरांव की अयक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने लोगों को दुर्गा पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया। वहीं उन्होंने कहा कि शोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचे। वहीं पूजा के दौरान अश्लील गानों पर पूर्ण पावंदी की बात कही। वहीं बैठक का संचालन कर रहे थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेला के दौरान पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी एवं मेले में अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। साथ ही उन्होंने दोनों पूजा पंडाल कमिटी से पूजा पंडालो में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया। वहीं बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्तओं ने क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं को रखा तथा उसके समााान के लिए सुझाव दिए। मौके पर कृष्णा राम, विजय सिंह, रामावतार चौरी, बिनोद यादव, सुनील यादव, हरि पंडित, महेंद्र यादव, अमर यादव, विनोद यादव, सुनील सिंह, शंकर यादव, मथुरा यादव, श्रवण रविदास, अनिल यादव, बब्लू सिंह, व्यूटी कुमारी, कंचन कुमारी, बालमुकुंद सिंह, रंजीत सिंह, अरविंद चौरी समेत कई समाज सेवी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

### दो पक्षों में मारपीट, चार घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गये। घायलों में प्रथम पक्ष से कृष्णा पासवान, पत्नी सुशीला देवी और 14 वर्षीय पुत्री रेशमा कुमारी तथा दूसरे पक्ष से देवेंद्र राम का नाम शामिल है। घटना शनिवार की रात्रि नौ बजे की है। घायलों को परिजनों ने रात्रि में ही स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सुशीला देवी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य लोगों का इलाज स्थानीय अस्पताल में ही किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय स्तर की एलएलएम परीक्षा में चंदवा की बेटी आयुषी ने लहराया परचम


आयुषी।

**चंदवा।** स्व. दुलीचन्द अग्रवाल के बड़े पुत्र राज अग्रवाल की पुत्री आयुषी अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले एलएलएम की परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर चंदवा प्रखण्ड का नाम रोशन किया है। उक्त परीक्षा वकालत पढ़ने वाले लोगों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले बड़े डिग्री का एक परीक्षा है। जिसे डिग्री ऑफ लॉ कह सकते हैं, जिसकी परीक्षा में चंदवा निवासी राज अग्रवाल उर्फ (राजू) की बेटी ने पास कर ली है। इस परीक्षा के लिए आयुषी ने कड़ी मेहनत की हैं, अपनी पढ़ाई के दौरान शुरू से ही बेहतर करते आई, इसी का परिणाम है की आज यह परिणाम की हकदार बन सकी।आयुषी की पढ़ाई दसवीं वीं सेंट. एनोथेनी रांची, प्लस 2 की पढ़ाई डीपीएस से, बी.कॉम जेवियर रांची कॉलेज, एलएलबी-के.सी, कॉलेज मुंबई, लॉ की प्रैक्टिस तीन साल तक मुंबई उच्च न्यायालय व रांची हाई कोर्ट से ढाई वर्ष तक प्रैक्टिस करने के बाद यह मुकाम हासिल किया। माता पिता ने बताया कि आयुसी बचपन से मेधावी छात्रा रही हैं। बेटी की सफलता से पूरा परिवार प्रसन्न है।

### रेलिंग को तोड़ पुल पर लटका लोहा लदा ट्रक, टला बड़ा हादसा


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के बोरसीदाग दोमुहान पूल पर रविवार के शाम एक लोहा पाइप लदी ट्रक पूल के रेलिंग को तोड़ती हुई पूल पर लटक गई। ट्रक के चालक-खलासी खुशकिस्मत रहे कि इस दुर्घटना में उनकी जान बाल-बल बच गयी। अगर ट्रक पूल के नीचे गिर जाती तो जान माल की भी क्षति उठानी पड़ सकती थी। इधर घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम पूल पर लटक रहे ट्रक को हटाने के प्रयास में जुटे थे। बताया जाता है कि उक्त ट्रक राउरकेला से लोहा पाइप लेकर लखनऊ जा रही थी। इसी दौरान दोमुहान पूल के समीप टर्निंग में ट्रक असंतुलित हो गयी, जिस कारण उक्त हादसा हुआ।

### भाजपा की बूथ समीक्षा बैठक संपन्न


बैठक में शामिल लोग।

**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी चंदवा मंडल कमेटी की बैठक रविवार को बारी पंचायत के बरैनी विवाह मंडप में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक बूथ समीक्षा को लेकर आहूत थी, जिसका अध्यक्षता बारी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष यमुना चौधरी ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बूथ समीक्षा के चंदवा मंडल प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव की उपस्थिति में बारी बनहारदी व चेटर पंचायत का बूथ कमेटी समीक्षा किया गया। मौके पर शंकर साहू, भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंडल उपाध्यक्ष संजय साहू, चेटर पंचायत अध्यक्ष संतन साहू, बनहार्दी पंचायत अध्यक्ष रवींद्र साव, बूथ अध्यक्ष रामनंदन उरांव, सुकू उरांव, महेंद्र उरांव, प्रमोद यादव, रंजन लोहरा, प्रमोद प्रसाद, सुनील उरांव, नीलाम्बर प्रसाद, श्याम ठाकुर, अशोक मेहता, दिलीप उरांव, मणिलाल उरांव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अलग-अलग सड़क हादसे में 4 घायल

**चंदवा।** रविवार के दोपहर बाद चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना एनएच-99 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप हुई जहां बाइक व स्कूटी के बीच जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमें स्कूटी सवार सुरेंद्र बैठा देवी मंडप चंदवा व बाइक सवार नवल मिंज (गेरुआगढ़ा) गम्भीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो के द्वारा दोनो घायलों को आनन-फानन चंदवा सीएचसी लाया गया जहां डॉ मनोज कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सुरेंद्र बैठा की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्राह्मणी के पास हुई जहां एक बाइक अनियंत्रित होकर बस को पीछे से टक्कर मार दी, उक्त दुर्घटना में बाइक सवार गुड्डू कुमार (बन शक्ति चंदवा) व एक अन्य घायल हो गया। दोनो घायलों को 108 एम्बुलेंस से चंदवा सीएचसी लाया गया जहां उनका उपचार चल रहा था।

### कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने सुनी लोगों की फरियाद

**चंदवा।** लातेहार दौरे पर आए मंत्री बादल पत्रलेख के द्वारा शनिवार की देर शाम चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रमागार परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से फरियादियों ने मंत्री बादल पत्र लेख के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। समस्याओं को सुनने के बाद मंत्री श्री पत्र लिखने संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। इस दौरान कामता पंसस अयूब खान ने 31 सूत्री मांग पत्र सौंप कर कामता पंचायत के समस्याओं से अवगत कराया।

## रामायण की हर चौपाई में आदर्श दिखायी देता है, इस आदर्श को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए : वैद्यनाथ राम

# रामराज लाना है तो राम के पदचिह्नों पर चलना होगा : नामधारी

▸▸ श्रीरामचरित मानस पाठ के 50 वर्ष पूरे होने पर अतिथियों को स्मृति चिह्न व शॉल भेंट किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते पूर्व सांसद व विधायक।


पूर्व सांसद को स्मृति चिह्न देते विधायक।

**लातेहार।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह पूर्व सांसद इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि अगर देश में रामराज लाना है तो हमें मयार्दा पुरुषोत्तम राम के पदचिन्हों पर चलना होगा। राम हमारे लिए आर्दश हैं। हमें उनके आर्दशों को अपने जीवन में उतारना होगा। नाममधारी शहर के बीचो बीच स्थित अंबाकोठी में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ के 50 वें अधिवेशन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि आज भाई भाई में जमीन जायदाद के लिए हत्या तक कर दी जा रही है, लेकिन जब भरत को अयोध्या का राज सिंहासन और भगवान श्रीराम को वनवास मिला तो भाई भरत ने अयोध्या का सिंहासन ठुकरा दिया और भगवान के खड़ाउ को सिंहासन में रख कर उसकी पूजा की थी। श्री नामधारी ने आगे कहा कि तुलसीदास ने लिखा है कि रामराज में कोई विषमता नहीं थी और ना ही कोई द्वेष था। आज देश कई भागों में बंटा है। भ्रष्टाचार एवं कदाचार चारो ओर फैली है, ऐसे में रामचरित मानस मे वर्णित श्रीराम के चरित्र का अनुकरण करने की जरुरत है। जिस प्रकार हम धर्म के प्रति निष्ठावान हैं, उसी प्रकार समाज एवं राष्ट्र के प्रति भी निष्ठावान होना होगा।

▸▸ यह आयोजन वर्ष 1973 में प्रारंभ किया गया था अब तक चलते आ रहा हैः महलका

कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका ने कहा कि यह आयोजन वर्ष 1973 में प्रारंभ किया गया था। तब से लकर आज तक बिना विघ्न के यह आयोजन सफल होता आ रहा है। इससे पहले श्री नामधारी एवं विधायक श्री राम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित अनिल शास्त्री एवं अशोक कुमार महलका ने किया। मंच का संचालन विनोद कुमार महलका सुनील कुमार शौंडिक और धन्यवाद डॉ. विशाल शर्मा ने किया। मानस पाठ के 50 वर्ष पूरे होने पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया गया। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, जवाहर प्रसाद अग्रवाल, मदन प्रसाद, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, राजू रंजन सिंह, दुर्गा प्रसाद, जर्नादन प्रसाद, अंकित पांडेय व अश्विनी सिंह, विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

### विगत 50 वर्षों से यह आयोजन यहां होते आ रहा है, आज यह भव्य रूप ले चुका है, यह एकता का मिसाल है : वैद्यनाथ राम

इससे पहले महासमिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि विगत 50 वर्षों से यह आयोजन यहां होते आ रहा है और इसमें आम लोगों की भागीदारी काफी अधिक होती है। उन्होंने कहा कि समिति ने सीमित संसाधनों में यह आयोजन प्रारंभ किया था, लेकिन आज यह आयोजन भव्य रुप ले चुका है। आगे विधायक श्री राम ने कहा कि रामायण धार्मिक और सामाजिक है सभी पाठ आदर्श का रूप है हर एक चौपाई में आदर्श पिता, पुत्र, पत्नी दिखाई देता है यह आदर्श को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यह पाठ के माध्यम से कमेटी का उद्देश्य है कि धार्मिक वातावरण लोगों के बीच बना रहे। इसके साथ उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान हिंदू-मुस्लिम एक साथ पूजा और इबादत करते हैं। इसलिए इस मुहल्ला को सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। हर नवरात्र में राम और रहीम एक साथ पूजा करते हैं। यह सिलसिला 49 वर्षों से बिना किसी विवाद के चल रहा है। जो एक भाईचारा के रूप में प्रतीत होता है।

## बूथ कमेटी को मजबूत बनाना हमारी पहली प्राथमिकता : प्रिंस गुप्ता

# कांग्रेस ने छेंचा में पंचायत और बूथ कमेटी का किया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा और विधानसभा को लेकर जहां सभी राजनीतिक पार्टियां संगठन को मजबूत बनाने में जुटी गई है। वहीं राज्य की सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस ने भी चुनाव को लेकर पूरी तरह कमर कस लिया है, और सदस्यता अभियान की शुरूआत कर दी है। बता दें कि रविवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता के नेतृत्व में प्रखण्ड के छेंचा पंचायत में पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूथ प्रदेश के प्रदेश कॉर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह सहित कांग्रेस के कई नेता उपस्थित हुए। सदस्यता अभियान के दौरान प्रिंस गुप्ता ने पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष का चुनाव किया गया। वहीं संतोष प्रसाद को छेंचा पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसके बाद बूथ कमिटी का गठन किया गया। जिसमें बबलू कुमार को बूथ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सुनील कु.पूर्ति को बनाया गया। प्रिंस गुप्ता ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर सभी पंचायतो में बैठक कर बूथ कमिटी को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बूथ तक पार्टी के सभी नेताओं को जाने की जरूरत है, तभी अंतिम व्यक्ति तक की बातो को सुनने और उसे पूरा कराने का प्रयास किया जा सकता है। बैठक में यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा और सुजीत गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लातेहार में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला का किया गया आयोजन

**लातेहार।** चुप्पी तोड़िए बातें करिए और स्वस्थ रहिए। विश्व हाथ धुलाई के अवसर पर झारखंड के पूर्ववर्ती नवोदय के संगठन नाज (नवोदय एलुमनी झारखंड) ने जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया और सभी छात्रों को इस विषय पर उपयोगी जानकारी दी। साथ ही साबुन से हाथ धोने पर बल दिया। नाज झारखंड द्वारा विभिन्न नवोदय विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य एवम मासिक धर्म की जानकारी की कमी, मिथक व गलत अवधारणा को दूर करने हेतु विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नाज से जुड़े उमाशंकर प्रसाद ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई और नवोदय लातेहार के पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय की सभी छात्राओं को सेनिटरी नैपकिन दिया। पूरे कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन ने पूरा सहयोग दिया वरिष्ठ शिक्षक सुखराम भगत ने जागरूकता टीम का स्वागत किया और वरिष्ठ शिक्षक कमलेश कुमार मिश्र ने,नाज को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों की सख्त आवश्यकता है।

## एक नजर में

### लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस एसो. के जिला अध्यक्ष बने विनोद बिहारी एवं विजय कुमार सचिव


नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**लातेहार।** लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस एसोसियेशन जिला कमिटी लातेहार के चुनाव जिला मुख्यालय स्थित करकट के होटल सेलिब्रेशन में संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी अजय कुमार (मेडिसिन सेंटर चंदवा) एवम सहायक चुनाव अधिकारी रमेश प्रसाद गुप्ता (निशा मेडिकल लातेहार) व धनंजय तिवारी (ज्योति मेडिकल एजेन्सी मनिका) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस चुनाव में झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन प्रदेश कमिटी झारखंड (रांची) (जे सी डी ए)के द्वारा जोन वन के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार उपाध्याय जोन वन के सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव गढ़वा के जिला अध्यक्ष आद्या शंकर पांडेय कोषाध्यक्ष मनिष कश्यप एवम उदय कुमार सिंह को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। होटल सेलिब्रेशन में दिन के एक बजे से लातेहार जिले से आए सभी दो सौ नौ केमिस्ट्स (दवा दुकानदार) ने मतदान चार बजे से दोपहर दो बजे तक अपने अपने मत दान किए। शाम के सात बजे तक मतगणना चला एवम रिजल्ट की घोषणा पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र कुमार उपाध्याय के द्वारा किया गया, एवम सर्वाधिक मत पाकर जीते हुए प्रत्यासी की घोषणा की गई जो इस प्रकार हैं। अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता 148 सुरेश प्रसाद 41 सचिव विजय कुमार निर्विरोध उपाध्यक्ष-संतोष चंद्र गोस्वामी 131 मो तौफिक 52 कोषाध्यक्ष उमाशंकर चैतन्य 139 राकेश कुमार सिंह 40 संगठन सचिव राजीव कुमार निर्विरोध सह सचिवचंद्रकांत प्रसाद 142 मो. अजरूद्दीन 38 वोट प्राप्त किया।

# रिलीज हुई पंकज विश्वकर्मा की देवी गीत माई देदा दर्शनवा


फीता काटकर गाने को रिलीज करते जनप्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** नवरात्री के मौके पर बरवाडीह के भोजपुरी सिंगर और एक्टर पंकज विश्वकर्मा ने नया भोजपुरी देवी गीत रिलीज किया है। रविवार को रिलीज हुई भक्ति रस से सारोबार गीत माई देदा दर्शनवा सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। यह गाना मां के भक्तों को बहुत पसंद आ रहा है। सिंगर पंकज विश्वकर्मा के इस गाने के गीतकार एआर विक्की, संगीतकार दीपक वर्मा और निदेशक चंदन यादव है। गाने को लेकर पंकज विश्वकर्मा ने कहा कि दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर इस गाने को बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ बनाया गया है। ये उनकी तरफ से मां दुर्गा और लोगों को एक छोटी-सी भेंट है। आशा है कि इसके जरिए हमें बहुत सारा प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने ये भी कहा कि यह गाना सभी श्रद्धालुओं को पसंद आएगा। वहीं भक्ति गीत रिलीज के मौके और मौजूद युवा नेता विजय बहादुर सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज और महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक सहित तमाम लोगों ने पंकज विश्वकर्मा और उनकी टीम को बधाई दी। जहां विजय बहादुर सिंह ने कहा कि पंकज विश्वकर्मा ने अपनी गायकी से लातेहार जिले सहित पूरे राज्य का नाम रौशन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पंकज की आवाज हम सबको को अपनी ओर आकर्षित करती है। उन्होंने दुगार्पूजा समितियों से माता के इस भक्ति गीत को पूजा पंडालों में बजाने की अपील की है। मौके पर अनिल सोनी, राजेश यादव, धर्मदेव विश्वकर्मा, रोहित वर्मा, पिंटू सिंह, अनीश कुमार, सतीश कुमार, सोनू कुमार, दीपक सिंह, भास्कर कुमार, मनु उपाध्याय और सोनू ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बारियातू प्रखंड क्षेत्र में विधि-विधान के साथ हुई कलश की स्थापना

खबर मन्त्र संवाददाता


कलश स्थापना में मौजूद श्रद्धालु।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत के देव स्थलों मे दुर्गा पूजा को लेकर विधिवत कलश स्थापना किया गया. बारियातू, फूलसु, गोनिया, भाटचतरा, राजगुरु, डाढ़ा, बालूभाँग, हेसला, साल्वे सहित कई अन्य स्थानों के देवी मंडप, दुर्गा मंदिर के अलावे देव स्थलों मे वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत कलश स्थापित की गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा बाड़ी में आचार्य जनार्दन पांडेय अरविंद मिश्रा, काशी नाथ वैध व पुरुषोत्तम शर्मा ने वैदिक मंत्रों चार के साथ ध्वजारोहण कर कलश स्थापना करवाया।उधर बटहेट ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित नौदिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा पूजा स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए करमा नदी पहुंचे जहां पंडित संदीप मिश्र के द्वारा पुजा अर्चना के पश्चात नदी के पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पहुंची, जहां कलश स्थापित किया गया। आचार्य जनार्दन पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र के पहले दिन देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का दर्शन- पूजन किया जाता है। साथ ही बताया कि बारियातू दुर्गा बाड़ी में पिछले 75 वर्षों से लगातार विधि विधान से नवरात्र का पाठ होता चला आ रहा है। वहीं बारियातू दुर्गा पूजा समिति के द्वारा स्वछता अभियान भी चलाया गया। स्वछता अभियान में मुख्य रूप से पुजा समिति के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, राकेश प्रसाद, अमन कुमार, निक्सन कुमार, मदन कुमार, छोटू कुमार, अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इधर टोटी दुर्गा मंडप मे श्रद्धालुओं ने दुर्गा पूजा को लेकर जल यात्रा निकाला। जहाँ टोटी स्थित घुठी नदी से पंडित जीतेन्द्र पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोचार के साथ श्रद्धालुओं के कलश मे पवित्र जल भरवाया।

### मनिका प्रखंड में आयोजित यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन


विजेता टीमों को पुरस्कृत करते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल खेल के मैदान में आयोजित यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट का समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, समेत कई लोग शामिल हुए। वहीं फुटबॉल टूनामेंट के अंतिम मैच का शुरूआत सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बॉल को किक मारकर किया। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अक्टूबर को स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के 16वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू और सुजीत कुमार साहू के द्वारा यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया था यह मैच लगातार चार दिनों तक चला और चारों दिनों तक काफी रोमांचक रहा जिसे देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में दर्शकों की भीड़ लग रही थी। इस टूनामेंट में पूरे जिले से आए कई टीमों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर अपना प्रदर्शन किया। जिसमें बहेराटांड़ मनिका के टीम विजेता बना। वहीं टूनामेंट में प्रथम पुरस्कार 7100 नगद टी-शर्ट और शील्ड मेडल बहेराटांड़ मनिका, द्वितीय पुरस्कार 5100 नगद टी-शर्ट और शील्ड मेडल मुरु बरवाडीह, तृतीय पुरस्कार 3100 नगद टी-शर्ट और शील्ड मेडल लातेहार, चतुर्थ पुरस्कार 1100 रुपए नगद टी-शर्ट और शील्ड मेडल भवरलगा लातेहार को प्राप्त हुए मौके पर राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू, सुजीत कुमार साहू, अरुण सिंह, सत्यम गुप्ता, दिनेश प्रसाद, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### महुआडांड़ में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ

**महुआडांड।** शारदीय नवरात्रि के इस पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महुआडांड प्रखण्ड में रविवार से कलश स्थापना के साथ नवरात्र पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दुर्गा पूजा को लेकर महुआडांड़, रामपुर, राजडंडा, बोहटा, बराही, नेतरहाट, हामी व चटकपुर मे संबंधित ग्राम के पूजा समितियों के द्वारा माँ दुगा की प्रतिमा को स्थापित कर विधी विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। महुआडांड स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में हर वर्ष की भांति इस बार भी कलश स्थापना के साथ ही नवपराह्न रामायण पाठ प्रारंभ हो गया है। पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि षष्ठी को बेल वरण, सप्तमी को प्राण प्रतिष्ठा, महाअष्टमी को दीप दान, नवमी एवं दशमी को हवन एवं एकादशी को शोभायात्रा निकाल कर मुर्ति विसर्जन किया जायेगा। महुआडांड में कार्यक्रम को सफल बनाने में हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, मुख्य संरक्षक बृजमोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### महुआडांड़ हिंदू महासभा का किया गया विस्तार


मौके पर मौजूद लोग।

**महुआडांड।** महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष श्री मनोज जायसवाल के द्वारा रविवार को हिन्दू महासभा समिति का विस्तार किया गया साथ ही समिति के कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समिति से निष्कासित भी किया गया है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि उपरोक्त निर्णय समाज हित मे लिया गया है। हिन्दू महासभा समिती में भानू प्रसाद, शंभू प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता (खाद्य दूकान), आनंद नाथ शाह, सत्यनारायण प्रसाद, दिलीप कुमार गुप्ता, बलराम प्रसाद, बिरेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि को शामिल किया गया है। दुर्गा पूजा को बृहत रूप से मनाने को लेकर नई कमेटी की बैठक होगी शाम सात बजे। नई कार्यकारणी समिती के गठन के बाद आज रविवार को स्थानीय दूर्गा बाड़ी परिसर में हिन्दू महासभा समिति की बैठक होगी। जिसमें कई अहम निर्णय लिये जायेंगे। विस्तार के उपरांत हिन्दू महासभा समिती महुआडांड इस प्रकार से है। मुख्य संरक्षक-बृजमोहन जायसवाल, अध्यक्ष-मनोज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष-शंभू प्रसाद, उपाध्यक्ष-संतोष प्रसाद, महामंत्री-बिजय प्रसाद, महामंत्री-भानू प्रसाद, कोषाध्यक्ष-मनोज कुमार गुप्ता (खाद्य दूकान), मंत्री- मनोज जायसवाल (किराना), दिलीप कुमार गुप्ता, प्रशांत सिंह, सुनील कुमार (छायावाणी), राजीव कुमार (स्वीट पैलेस), संगठन मंत्री रमेश जायसवाल, गणेश प्रसाद (पार्ट्स), हीरालाल प्रसाद (मामा), मिडिया प्रभारी देवानंद प्रसाद, उत्तम कुमार को बनाया गया है इसके अलावे कई लोगों को प्रभारी बनाया गया।

## पूजा पंडालों से निकाली गयी कलश यात्रा, पहले दिन विधि विधान के साथ हुई मां शैलपुत्री की आराधना

# कलश स्थापना के साथ चंदवा में शारदीय नवरात्र प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** मां दुर्गा की अराधना का पवित्र पर्व शारदीय नवरात्रि रविवार से प्रारम्भ हो गयी। नवरात्रि को लेकर लोगों में उत्साह अभी से देखने को मिल रहा है। लोग घर की साफ सफाई में लग गए हैं। रविवार को कलश स्थापना के साथ चंदवा प्रखण्ड के दुबेजी का गोला, बुध बाजार, हरैया कामता, थाना टोली, आन शिव मंदिर, महुआमिलान स्टेशन, रक्सी जमीरा, टोरी स्टेशन, समेत सभी 22 पूजा पंडालों में मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गयी। पहले दिन भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि विधान के साथ पूजन किए। कलश स्थापित होने के बाद प्रतिदिन मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की अराधना की जाएगी।

इधर कलश स्थापना से पूर्व प्रखण्ड के चेतर पंचायत अंतर्गत शिव मंदिर व लुकुईया पूजा पंडाल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आन शिव मंदिर से निकली कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए घघरी नदी पहुंची जहां पुरोहित रामदेव पांडेय व विवेक पांडेय के वैदिक मंत्रोचार के बीच मुख्य यजमान राजन भगत, रविन्द्र प्रसाद, अमित कुमार सपत्नीक के द्वारा घघरी नदी से कलश में जल ग्रहण किया गया। जल को लेकर मुख्य अजमान मंडप पहुंचे जहां विधिवत पूजन व वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश को मंडप में स्थापित किया गया। इधर गांव में हो रही मातेश्वरी की पूजा को लेकर भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। पूजा समिति के लोग व ग्रामीण भव्य पंडाल निर्माण के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने में पूरी तन मन के साथ लगे हुए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा प्रसाद भगत, आदित्य प्रसाद, लक्ष्मण यादव, मंगलेश्वर भुइयां, कमलेश यादव, राजेश भुइयां, लाल बिहारी यादव, राहुल कुमार, कृष्ण प्रसाद, ललन यादव, श्रवण यादव, शुभम कुमार, सत्यनारायण सिंह समेत काफी संख्या में धर्म प्रेमी लगे हुए हैं।

स्पीड न्यूज

## पूनम देवी को मिला सरकारी सहयोग



**झरिया।** सचेतक (सत्तारूढ़ दल) सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने आज शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन भौरा 07 नंबर निवासी श्री धर्मेंद्र वर्मा की पत्नी पूनम देवी के उपचार हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी के विवेकानुंदन निधि से प्राप्त पचास हजार (50,000/-) का डिमांड ड्राफ्ट रघुकुल आवास पर सौंपा।विदित हो की धर्मेंद्र वर्मा की पत्नी पूनम देवी रोग से ग्रस्त है तथा इनका शल्य चिकित्सा सीएमसी वेल्लोर में निर्धारित है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण इन्होंने माननीय विधायक जी से आर्थिक सहायता हेतु गुहार लगाई थी। तत्पश्चात माननीय विधायक जी ने मरीज के शल्य चिकित्सा हेतु 50 हजार की सहायता राशि आज मरीज के पति को श्री धर्मेंद्र वर्मा को सौंपा। इस कार्य के लिए धर्मेंद्र वर्मा में माननीय विधायक के प्रति आभार जताया।

## नृत्य नाटिका 'कंगालीर मां' का हुआ आयोजन

**धनबाद।** महालया के शुभ अवसर पर लिंडसे क्लब एवं लाइब्रेरी द्वारा शनिवार की शाम रंगारंग नृत्य नाटिका 'कंगालीर मां' का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिंफर के पूर्व निदेशक एवं लिंडसे क्लब एवं लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमलेंदु सिन्हा व क्लब के अन्य पदाधिकारीयो ने दीप जलाकर किया। श्री सिन्हा ने सभी दर्शकों को दुर्गा पूजा की शुभकामना देते हुए इस बर्ष क्लब की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की घोषणा की। कंगालीर मां नृत्य नाटिका में कोयलांचल के लगभग 50 छोटे बड़े कलाकारों ने मंचन किया, जिनकी प्रस्तुति देखकर दर्शकों मंत्र मुग्ध हो गए एवं उन्हें खूब सराहा, पूरे टीम ने इसी तरह के कार्यक्रम आयोजन करने की घोषणा की।

## सिंदरी में दो बाइक की भिड़ंत, मामला दर्ज

**सिंदरी।** सिंदरी कुँवर सिंह चौक पर शनिवार की शाम लगभग छः बजे दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में बुलेट सवार बाप बेटे ने दूसरे मोटरसाइकिल सवार भाई बहन को जमकर पीटा। पिटाई के बाद कांड्रा मुसाबनी कालोनी निवासी अनुप्रिया कुमारी (24) और उसका भाई रवि साव ने सिंदरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना के संबंध में गौशाला ओपी क्षेत्र के कांड्रा मुसाबनी कालोनी निवासी पोरेस चंद्र साव की सुपुत्री अनुप्रिया कुमारी ने बताया कि वे अपने भाई के साथ स्पलेंडर मोटरसाइकिल संख्या जे एच 10 एल 6442 से घर से शहरपुरा बाजार आ रही थी। तभी दूसरी ओर से आ रही बुलेट संख्या जे एच 10 ए डब्ल्यू 3226 से आ रहे लड़के ने कुंवर सिंह चौक पर गाड़ी में टक्कर मार दी। इसके कारण भाई बहन दोनों जमीन पर गिर गए। उधर से बुलेट सवार युवक के पिता रॉंगामाटी निवासी भूलन चौधरी ने आते ही भाई रवि साव तथा बहन अनुप्रिया को पीटा।

## झरिया में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

**झरिया।** झरिया में सड़क जाम की समस्या से लोग त्रस्त हैं। आए दिन लोगों को सड़क जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। दुर्गा पूजा को लेकर दूर दराज से लोग खरीदारी करने झरिया बाजार आ रहे है। लेकिन शहर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क किनारे ही अपनी वाहन लगा रहे है जिस कारण लोगों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर रविवार को झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में झरिया को जाम मुक्त कराने की मुहिम का शुरूआत किया गया। झरिया थाना प्रभारी दल बल के साथ लक्षमनिया मोड़ से सब्जी मंडी , बाटा मोड़, देशबंधु सिनेमाघर व बस स्टैंड तक कि अतिक्रमित सड़को को थाना प्रभारी द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 5000 किलो जावा महुआ नष्ट 250 लीटर चुलाई शराब जब्त

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**तेतुलमारी।** दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर उत्पाद विभाग और तेतुलमारी पुलिस ने महुआ शराब बनाने वाले लोग के ठिकाने पर छापेमारी कर महुआ शराब बनाने वाले सामान को किया है। बताते चले गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई । तेतुरमरी थाना प्रभारी रोशन कुमार ने कहा कि किसी कीमत पर अवैध शराब का कारोबार चलने नहीं दिया जाएगा। तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तीलाटांड़ और नायकडीह में आज सुबह गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग और तेतुलमारी थाना ने संयुक्त छापेमारी की जहां से भारी मात्रा में अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया है। साथ ही देसी शराब बनाने वाली भट्ठी को ध्वस्त किया गया है उत्पाद विभाग के सहायक उत्पाद निरीक्षक सह अंचल प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि धनबाद के सहायक उत्पाद आयुक्त संजय मेहता के निर्देश पर तीलाटांड और नायकडीह में छापामारी की गई जहां घर के पीछे अवैध भट्ठी बनाकर महुआ शराब निर्माण किया जा रहा था।छापेमारी में जहां 5000 किलो जावा महुआ नष्ट की गई वहीं मौके से 250 लीटर चुलाई शराब जप्त किया गया है।

### कुमारधुबी चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे

**कुमारधुबी।** रविवार को कुमारधुबी चौक पर चार सीसीटीवी कैमरा लगाया गया। जिसका उद्घाटन कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप कुमार यादव व कुमारधुबी के समाजसेवी पप्पू यादव ने नारियल फोड़ कर इसका शुभारंभ किया गया। वही कुमारधुबी ओपी प्रभारी ने कहा कि राहगीरो व जनता की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।वही प्रभारी संदीप यादव ने कहा कि यह चार सीसीटीवी कैमरा समाजसेवी पप्पू यादव ने लगवाया है। इससे आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले लोग बच नहीं पाएंगे।

# उपायुक्त ने रक्तदान कर रोटरी ब्लड कलेक्शन वैन का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज रोटरी क्लब ऑफ धनबाद की रोटरी ब्लड कलेक्शन वैन का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर लगाने में वैन कारगर सिद्ध होगा। इसमें रक्तदान करने, रक्त को स्टोर करने सहित अन्य सारी सुविधाएं उपलब्ध है। वैन की सराहना करते हुए कहा कि वैन रक्त संग्रह के लिए आवश्यक सभी नवीनतम चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है। ऐसे लोग जो प्रचलित मिथकों के कारण रक्तदान करने से घबराते हैं वे इस वैन को अपने निकट के क्षेत्रों में देखकर प्रोत्साहित होंगे। रोटरी धनबाद के अध्यक्ष नंद लाल अग्रवाल ने बताया कि उपायुक्त ने नवरात्रि के उपवास के बावजूद प्रथम रक्तदान करके एक मिसाल पेश की। उन्होंने बताया कि वैन को मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में रक्तदान शिविर के लिए लॉन्च किया जा रहा है जो दूर-दराज में है और बड़े शिविरों के लिए अव्यवहार्य हैं। वैन को धनबाद और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में जाने के अलावा समय-समय पर नेक काम के लिए किसी भी आवासीय परिसर, कॉलेज, बाजार, मॉल में पार्क किया जा सकता है। कोई भी संस्था संपर्क कर इस वैन को रक्तदान शिविर के लिए ले जा सकते है। मौके पर रोटरी क्लब धनबाद ने गिफ्ट ऑफ लाइफ कार्यक्रम की भी घोषणा की। जिसके तहत 6 महीने से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय सर्जरी अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि, केरल में की जाएगी। कार्यक्रम में डीआईजी सीआईएसएफ विनय कजला, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए के सिंह, कमल संघवी, रोटरी धनबाद के अध्यक्ष नंद लाल अग्रवाल, सचिव संजीव बीयोत्रा, राजन गंडोत्रा, रविप्रीत सिंह, गगन दूधानी, पार्थो सिन्हा, कानन वोरा, चरणप्रीत सिंह, कनव बाली, राजीव गोयल, विकास शर्मा, नीरज बुबना, सोनल संघवी, पोलोमी सिन्हा, अंजू गण्डोत्रा, वीरेश दोषी, राजेश मटालिया मौजूद थे।

# खमारगोड़ा में 3 करोड़ 33 लाख की लागत से बनेगा पुल



**कतरास।** विशेष प्रमण्डल के तहत जमुआटांड पंचायत खमारगोडा कतरी नदी विशेष प्रमण्डल कोष से लगभग तीन करोड 33 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य का शिलान्यास बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी एवं जमुआटांड मुखिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुखिया निरंजन गोप ने बताया कि इस पुल के बनने से खमारगोडा रघुनाथ पुर पंचायत, झारखोर के ग्रामीणों का परसों पुराना सपना पूरा होगा। पुल की लंबाई 51 मीटर एवं चौड़ाई 7:30 मीटर है। मौके पर बाघमारा शरद महतो जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह जमुआटांड के मुखिया निरंजन गोप सुभाष रवानी सुशील सिंह शनिवार सिंह गोविंद रवानी मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** शारदीय नवरात्र के शुभारंभ पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के पर्यावरण संरक्षकों द्वारा संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में बोकारो के सिटी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई तथा प्रातः भ्रमण कर रहे लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। मौके पर श्री मुकुल ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। देश में स्वास्थ्य के मद में हर वर्ष सरकार का लगभग सात हजार करोड़ का बजट होता है साथ ही साथ आम जन का भी लगभग इतना ही अपनी जेब से खर्च होता है जिसका बहुत बड़ा हिस्सा स्वच्छता के माध्यम से बचाया जा सकता है जो देश के अन्य विकास मद में खर्च कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा मुकुल जिला पशुपालन पदाधिकारी डा मनोज कुमार मानी शैलेंद्र तिवारी आर के प्रसाद बबलू पांडेय ऋषभ महतो सोनू महतो आयुष मिश्र राम सिंह राजपूत कुशेश्वर नाथ मिश्र जे प्रसाद श्याम बिहारी सिंह मयंक कुमार सिंह राहुल गोस्वामी और रित्विक कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

## एक नजर में

### एसवीएम 3सी में प्रांतीय संस्कृति महोत्सव

**बोकारो।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर 3सी में विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव सह प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड से लगभग 1200 प्रतिभागी भैया बहन भाग लेने वाले हैं। एक प्रेस वार्ता में विद्यालय के सचिव व कार्यक्रम के संयोजक एसएन दास ने बताया कि इस कार्यक्रम में विज्ञान वैदिक गणित संगणक अंग्रेजी संस्कृत और संस्कृति बोध आदि प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं के साथ साथ भाषण कथा कथन आचार्य पत्र वाचन मूर्ति कला और लोकगीत एवं नृत्य की भी प्रतियोगिताएं होंगी। मौके पर 9डी विद्या मंदिर के सचिव निरंजन कुमार सिंह 2ए विद्यालय समिति के सदस्य शिवकुमार सिंह विद्या मंदिर 3सी के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह मौजूद थे।

### बीडीओ से मिला मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल पोंडा मुखिया हारू रजवार के नेतृत्व में कसमार प्रखंड ने नव पदस्थापित बीडीओ अनिल कुमार से मिला। इस दौरान पंचायत से संबंधित योजना मनरेगा 15 वें वित्त पीएम आवास सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। मुखिया संघ ने बीडीओ से सहयोग की अपेक्षा की तो बीडीओ ने भी मुखियों से सहयोग की अपेक्षा जतायी। बीडीओ ने मुखिया व पंचायत सचिव व रोजगार सेवक के साथ मिलकर योजनाओं को गति देने का कहा। इस दौरान मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल नव पदस्थापित सीओ सुरेश कुमार सिन्हा से भी मिला। आमलोगों से जूड़े कार्यों को ससमय पुर्ण कराने का आग्रह किया। दाखिल.खारिज भू स्वामित्व प्रमाण पत्र जाति आय आवासीय प्रमाण पत्र आपदा राहत की योजनाओं को ससमय लोगों उपलब्ध कराने आदि बातों पर चर्चा हुई। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष हारू रजवार अमरेश कुमार महतो चंद्रशेखर नायक राजेन्द्र महतो चंद्रशेखर हेंब्रम सुमित्रा देवी बबीता देवी सरिता देवी मंजू देवी गीता देवी आदि मौजूद थे।

### बोकारो में मेरी माटी मेरा देश अभियान का समापन



**बोकारो।** केंद्र सरकार के नवीन नवाचार के तहत आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का विधिवत समापन नवीन को ऑपरेटिव में हुआ। बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी नौ मंडलों के अध्यक्ष द्वारा एकत्रित मिट्टी का कलश सौंपा गया। कार्यक्रम में बोकारो विधायक बिरंची नारायण शशिभूषण ओझा कमलेश राय लीला देवी एवं कार्यक्रम प्रभारी संजय त्यागी उपस्थित थे। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह अभियान उन वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए शुरू किया गया है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। कार्यक्रम प्रभारी संजय त्यागी ने बताया कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी नौ भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकताओं ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी एकत्रित की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी राज्यों से एकत्रित मिट्टी से राष्ट्रीय स्तर पर अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। इस दौरान महेन्द्र राय पन्नालाल कान्दू हरिश्चंद्र सिंह विनय किशोर पीयूष आचार्या अनिल सिंह टिंकू तापड़िया बैधनाथ प्रसाद उपस्थित थे।

# धनबाद : विभाग ने की लापरवाही, भुगत रहे हैं मासूम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** हम बात कर रहे हैं आरटीआई के तहत बीपीएल नामांकन प्रक्रिया कि जो मामला अब भी विवादों पर है। और थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे कई स्कूल है जिन्हें लिस्ट तैयार कर भेज दिया गया है, पर स्कूल प्रिंसिपल इस लिस्ट से संतुष्ट नहीं है, जिसके कारण अभी भी स्कूल में नामांकन प्रक्रिया अधर पर है। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से किसी को आश्वासन तो किसी को फटकार दिया जा रहा है। गरीब बच्चों के परिवार को फटकारा जा रहा है, और बोला जा रहा है कि अभी नामांकन प्रक्रिया बंद है। वहीं पैरवी से आने वाले बच्चों को आश्वासन दिया जा रहा है, कि उनका नामांकन हो जाएगा। सरकार की यह योजना बीपीएल परिवार से आने वाले कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना थी। जिसमें पानी फिरता दिखाई दे रहा है।उपायुक्त एवं अपर समाहर्ता ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए बीपीएल में नामांकन नहीं लेने संबंधी शिकायतें को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित भी कर दिया । लेकिन इसका कितना फायदा गरीब परिवार से आने वाले बच्चों का होगा यह बता पाना मुश्किल है ।

### बीपीएल बच्चों से होता है भेदभाव

जनता दरबार में बीपीएल कोटे में बच्चों के एडमिशन, का मामला नया नहीं है। कई बार इस मामले की निष्पक्ष जांच एवं बीपीएल परिवार से आने वाले कमजोर वर्ग के बच्चों को नहीं लिए जाने की शिकायत काफी दिनों से आ रही है। कई बच्चे ऐसे हैं जिनके सर से उनके पिता का साया भी छिन चुका है, तो कई बच्चे ऐसे हैं जिनके माता-पिता अपाहिज है। तो कई बच्चे ऐसे हैं, जो कम दूरी पर है और अधिक दूरी वाले बच्चों को नामांकन ले लिया गया है। पर शिक्षा विभाग की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही है।

## संत जेवियर्स स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**बोकारो।** संत जेवियर्स विद्यालय के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी एवम आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एसपी प्रियदर्शी आलोक अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों के अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्हें सलाह दी कि अपने बच्चों को संस्कार से सुशोभित करें जिससे वो जिंदगी के हर मुकाम को हासिल कर सके। मुख्य अतिथि ने समय के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने अनुभवों को साझा किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के हर सेक्शन के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने मॉडल्स को प्रस्तुत किया। इसमें कुल 102 स्टाल लगाए गए।

# झरिया : अग्रसेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** अग्रोहा नरेश महाराजा अग्रसेन की जयंती झरिया कोयला अंचल में धूमधाम से आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम झरिया स्थित अग्रसेन भवन में हुई जहां महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित है। मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल जी ने विधि-विधान पूर्वक महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की मौजूद सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। वही अपने सम्बोधन मे राजकुमार अग्रवाल जी ने कहा की महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईंट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। महाराजा अग्रसेन समाजवाद के प्रवर्तक, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थक एवं महादानी थे। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुए। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया।

### पेट्रोल में मिला पानी शिकायत पर पैसे वापस

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड के कुरपनिया पंचायत स्थित कुरपनिया मुख्य बाजार में स्थापित पेट्रोल पंप मे उस समय ग्रहकों का हो हल्ला मच गया जब कुछ बाइक चालक बोतलो मे बाइक से निकाले पेट्रोल के कर पंप पर पहुचे और पेट्रोल मे पानी मिला होने की शिकायत करने लगे। जिसके बाद सभी शिकायत कर्ताओं के पेट्रोल के पैसे वापस कर मामले को रफादफा कर दिया गया।

# शारदीय नवरात्र पर तेनुघाट में कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** शारदीय नवरात्र को लेकर तेनुघाट एफ टाईप दुर्गा पूजा समिति की ओर से ढोल.नगाड़े व गाजे.बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गईए जो सार्वजनिक दुर्गा मंडप प्रांगण से ई टाईप कॉलोनी होते हुए दामोदर नदी कैनाल पहुंची । वहां आचार्य बालदेव मिश्राए पंडित शशी शंकर और पंडित सीताराम पाण्डेय ने मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि.विधान से पूजा.अर्चना कराते हुए कलश में जल भरवाया । इसके बाद श्रद्धालुगण कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुऐ दुर्गा मंडप पहुंचे । यहां आचार्य बालदेव मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित करवाया गया । इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिला.पुरुष श्रद्धालु केसरिया झंडे के साथ चल रहे थे ।इसके साथ ही माता की पूजा प्रारंभ हो गई । इस दौरान पंडित जी ने कहा कि आज शारदीय नवरात्र का प्रथम दिवस है इसको लेकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप से जल यात्रा निकाली गईए जहां दामोदर नदी के कैनाल से मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर लाया गया और कलश स्थापित की गयी । वहीं बताया की आज प्रथम शैलपुत्री माता का पुजन होगी जो नौ दिनों तक लगातार माँ की अराधना पुजा की जाएगीण साथ ही साथ बताया की लगभग पचास वर्षों या उससे भी अधिक समय से यहां पूजा होती आ रही है । यहां की पूजा में अत्यधिक शक्ति है जो भी मनत लोग मांगते है वो पूरी होती है । वहींए श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत पूरी होने पर अपनी ओर से कुछ न कुछ चढ़ावा चढ़ाया जाता हैए जो साफ तौर पर शक्ति की महत्ता को बताता है। साथ ही तेनुघाट बड़ा चौक दुर्गा पूजा समिति के भक्त कलश यात्रा निकाली।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

मौके पर आनंद श्रीवास्तवए शुभम श्रीवास्तवए देवनन्दन प्रसादए शालीग्राम प्रसादए बम्बी सिन्हाए राजा बाबूए गोपाली सिन्हाए प्रशांत पालए मुन्ना कुमारए महावीर कुमारए अंशु कुमारए दीपक ठाकुरए कुंदन झाए सुजय आनंदए विजय अम्बष्ठए छोटू कुमारए संजय शर्माए अरविन्द कुमारए अनु कुमारए मुकेश कुमारए महादेव रामए अशोक पाठकए बबलू झाए रणधीर सिंहए पंकज पाठक सहित श्रद्धालु लोग मौजूद थे ।

# मुरुबंदा में जनता दरबार में मंत्री योगेंद्र महतो ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** मुरुबंदा स्थित आवास में रविवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में माननीय मंत्री;दर्जा प्राप्तद्ध योगेंद्र प्रसाद महतो से कपूर्री विचार मंच ललपनिया के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। माननीय मंत्री जी से ज्र्न्ै ललपनिया स्थित कपूर्री ठाकुर चौक में जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा लगवाने एवं सुंदरीकरण कराने की मांग की। मंच के सदस्यों ने माननीय मंत्री जी को कहा कि पूरी स्थिति से आप वाकिफ हैं और इस मामले में मंच को आपसे काफी उम्मीदें हैं। माननीय मंत्री जी ने भरोसा दिया कि वे इसमामले पर सार्थक पहल करेंगें।दूसरी ओर जनता दरबार मे पहुंचकर राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मंत्री;दर्जा प्राप्तद्ध योगेंद्र महतो से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने माननीय मंत्री जी को अपनी पांच सूत्री मांगों से अवगत कराया एवं मांग पत्र भी सौंपा। माननीय मुख्यमंत्री जी से संघ के 15 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल की वार्ता कराने का अनुरोध किया गया।पंचायतीराज में समायोजन या पंचायतराज कर्मी का दर्जा दिलानेएस्थाई करनेए नियमित मानदेय लागू कराने एवं पंचायत स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक कराने की मांग की है। माननीय मंत्री जी ने भरोसा दिया है कि संघ की मांगों से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराएंगे एवं मामले में सकारात्मक प्रयास करेंगें। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# सिंदरी को विश्व पटल पर नाम देनेवाली बस्ती गुमनाम नहीं रहेगी

- भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह के सामने ग्रामीणों ने जाहिर की अपनी पीड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी शहर को दुनिया के पटल पर नाम देनेवाली बस्ती आज खुद बदहाल जिंदगी जीने को विवश है। सिंदरी बस्ती में रहनेवाले निवासी एफसीआईएल सिंदरी के निर्माण के विस्थापित हैं। इसका लाभ लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उठानेवाले जनप्रतिनिधि भी इनको कोई लाभ नहीं पहुँचा सके। पानी और सड़क पर जिंदगी बर्बाद करने वाली उठ रही धूल के कारण उन्होंने भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह के सामने अपनी पीड़ा जाहिर की। इसको लेकर उपाध्यक्ष ने रविवार को सिंदरी बस्ती मल्लिक टोला में प्रेसवार्ता आयोजित कर नगर निगम को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि गुमनाम की जिंदगी सिंदरी बस्ती निवासी नहीं जीएँगे। उन्होंने बताया कि सिंदरी बस्ती निवासियों को विस्थापन प्रमाणपत्र जारी नहीं होने के कारण ग्रामीण आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य केन्द्र की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को धैर्य रखने के साथ कहा कि जल्द ही पानी की किल्लत और उड़ती धूल के लिए नगर निगम से बात की जाएगी। उन्होंने ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि आजतक किसी भी सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस बस्ती की ओर मुड़कर भी नहीं देखा है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

मौके पर जितेन मलिक, अरविंद कुमार पांडे, प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार, सुधीर सिंह, मिथुन वाल्मीकि, ललित चौबे, महेश्वर बाउरी, गुड्डू मल्लिक, पलटू मल्लिक, जगन्नाथ मल्लिक, अष्टमी देवी, बालिका देवी, सोनोका मल्लिक, तुलसी मल्लिक आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# गाजा में दूध के लिए तरस रहे मासूम, खाने के पड़े लाले

**एजेंसी**

**गाजा।** इजराइल-हमास के बीच जारी जंग से बदतर हो गए हैं। इजराइल के लगातार हमले और गाजा छोड़कर जाने के ऐलान के बाद से वहां भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं। वहां बच्चे दूध के लिए तरस रहे हैं, आम लोगों की रोजमर्रा की चीज जैसे ब्रेड, अंडे तक नसीब नहीं हो रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों को पीने के पानी की भी कमी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने से फोन तक चार्ज नहीं हो पा रहे। हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा में खाद्य आपूर्ति रोकने और बिजली काटने के लिए संपूर्ण नाकाबंदी कर दी है।

**इजराइल-हमास युद्ध**

**आम लोगों को ब्रेड-अंडे तक नहीं हो रहे नसीब**

इसके कारण दुकानों में कई सामान खत्म हो रहे हैं। दक्षिण गाजा के खान यूनिस में मौजूद इयाद अबू मुतलक ने कहा कि यहां बिजली, भोजन और पानी हर चीज की दिक्कत है। ऊपर वाला ही इस समस्या को सुलझा सकता है। उन्होंने कहा कि वह चार बेकरी देखकर यहां आए हैं। कहीं तो ब्रेड नहीं है तो कहीं इतनी लंबी कतार है कि इसका मिलना मुश्किल लग रहा है। दक्षिणी गाजा में लोगों की बाढ़ सी आ गई है, क्योंकि



इजरायल ने शुक्रवार को कहा था कि गाजा के उत्तर में रहने वाले दक्षिण में चले जाएं। खान यूनिस में मौजूद अम सलेम ने कहा कि यहां भोजन के लिए तरस रहे हैं। अंडा, चावल, केन फूड कुछ भी नहीं मिल रहा है। यहां तक की बच्चे का दूध भी नसीब नहीं हो रहा है। वहीं, इजरायल ने कहा है कि उसने लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए उत्तर छोड़ने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि वे संघर्ष में न फंसें। इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल से गाजा में मानवतावादी कदम उठाने का आग्रह किया है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के कमिश्नर जनरल फिलिप लाजारिनी ने कहा कि लोगों के लिए पानी आखिरी लाइफ लाइन है। मैं अपील करता हूं कि मानवीय सहायता के लिए अब घेराबंदी हटाया जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो लोग डिहाइड्रेशन से मरने लगेंगे। इनमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री ने नवरात्र की दी शुभकामनाएं शेयर किया गरबा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नवरात्रि के मौके पर उनके द्वारा लिखा एक गरबा साझा किया और इस पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गरबा वीडियो का यूट्यूब लिंक साझा करते हुए लिखा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर, मुझे पिछले सप्ताह लिखा एक गरबा साझा करते हुए खुशी हो रही है। उत्सव की यह धुन सभी को सराबोर करें। मैं इस गरबा को आवाज और संगीत देने के लिए मीत ब्रदर्स, दिव्या कुमार को धन्यवाद देता हूं। गुजरात में खासतौर पर नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा नृत्य किया जाता है।

## स्पीड न्यूज

### नेपाल के एक छात्र को हमास ने बनाया बंधक

**काठमांडू।** इजराइल के एक फार्म पर हमास के हमले के बाद लापता हुए एक नेपाली छात्र को इस फलस्तीनी चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बना लिया गया है और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मदद से उसे ढूंढने के प्रयास जारी हैं। नेपाल सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। हमास ने शनिवार को दक्षिणी इजराइल में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए थे, जिसमें 10 नेपाली छात्रों की मौत हो गई थी। छह छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया था, जबकि एक छात्र लापता है। ये 17 नेपाली छात्र 'लर्न एंड अर्न' योजना के अंतर्गत फार्म में प्रशिक्षु के रूप में कार्य कर रहे थे।

### पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिल का निधन

**नयी दिल्ली।** पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त मनोहर सिंह गिल का रविवार को दक्षिणी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। उनके करीबी लोगों ने यह जानकारी दी। वह 86 वर्ष के थे। गिल के परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। उन्होंने बताया कि गिल का अंतिम संस्कार सोमवार को यहां किया जाएगा। गिल दिसंबर 1996 और जून 2001 के बीच मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) रहे थे।

### गुजरात में बंगाल के दो कारीगरों की हत्या

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट शहर में चांदी के आभूषण बनाने वाली एक इकाई में चोरी के संदेह में पश्चिम बंगाल के दो कारीगरों की कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को अपराध के संबंध में फैक्टरी के मालिक और आठ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया तथा मामले में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

### राजौरी में बारूदी सुरंग में धमाका, जवान घायल

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा(एलओसी) के नजदीक रविवार को बारूदी सुरंग में हुए धमाके में सेना का एक जवान घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राइफलमैन गुरुचरण सिंह नौशेरा सेक्टर के कलसियान गांव में गश्त पर थे, तभी उनका पैर गलती से बारूदी सुरंग पर पड़ गया।

### पंजाब के फिरोजपुर में मिला ड्रोन

फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट धान के खेत में एक ड्रोन मिला है । बीएसएफ के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक गोपनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ जवानों ने शनिवार शाम चक भांगे वाला गांव के बाहरी इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

### बंगाल में आग से तीन लोगों की मौत

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक मकान में आग लगने से एक साल की बच्ची सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ऐसा संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।

### मणिपुर में हड़ताल से जनजीवन प्रभावित

**इंफाल।** भारत में मणिपुर के विलय के खिलाफ विभिन्न उग्रवादी संगठनों की ओर से आहूत हड़ताल के कारण राज्य में रविवार को जनजीवन प्रभावित रहा। हड़ताल के चलते व्यावसायिक प्रतिष्ठान और बाजार बंद रहे तथा कुछ निजी वाहनों को छोड़कर सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियां सड़कों पर नहीं दिखीं। सार्वजनिक परिवहन भी बंद रहा।

## हमास पर हमले के दूसरे चरण की तैयारी शुरू, नेतन्याहू बोले

# दुश्मनों को माफ नहीं करेंगे

**एजेंसी**

**यरुशलम।** इजराइल पर हमास के हमले से भारी जानमाल के नुकसान से आक्रोशित इजराइल ने गाजा पर कहर बरपाने के बाद दूसरे चरण के हमले की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश दुश्मनों केभयानक कृत्यों को कभी नहीं भूलेगा और उन्हें माफ नहीं करेगा। इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कानरिकस ने कहा कि गाजा के आसपास अभियान के अगले चरण के लिए इजरायली रिजर्व सैनिक तैयार हो रहे हैं। वे गाजा के चारों ओर-दक्षिण में, केंद्र में और उत्तर में हैं। उन्हें जो भी लक्ष्य या जिम्मेदारी मिलती है वे इसके लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जोनाथन ने कहा कि इस युद्ध का अंतिम परिणाम यह होगा कि हम हमास और उसकी सैन्य क्षमता को नष्ट कर देंगे। हम स्थिति को मौलिक रूप से बदल देंगे, ताकि हमास फिर कभी इजरायली नागरिकों या सैनिकों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम नहीं हो सके।

**गाजा के बाहर सैनिकों से मिले प्रधानमंत्री नेतन्याहू, कहा-अगले चरण के लिए रहें तैयार**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को गाजा के बाहर सैनिकों से मुलाकात की। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो में उन्हें यह कहते हुए दिखाया गया है- आप अगले चरण के लिए तैयार हैं, अगला चरण आ रहा है। वीडियो में सैनिकों को उनके सवाल के जवाब में सिर हिलाते हुए दिखाया गया है। उधर, तेल अवीव में सुरक्षा मूल्यांकन के बाद अपने संबोधन में नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश अपने दुश्मनों द्वारा किए गए भयानक कृत्यों को कभी नहीं भूलेगा और उन्हें माफ नहीं करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल अपने दुश्मनों पर पूरी ताकत से हमला कर रहा है, जिन्होंने इसकी कीमत चुकानी शुरू कर दी है। इजरायली पीएम ने कहा कि हम सभी एकजुट हैं। दर्द और शोक के इन काले दिनों में हमारे लोगों के वीरतापूर्ण कृत्यों की कहानियां, उस शापित शनिवार की कहानियां। इजरायल के इतिहास का एक अभिन्न अंग बन जाएगा। हम अपने दुश्मनों द्वारा किए गए भयानक कृत्यों को कभी नहीं भूलेंगे।

इजरायल की सेना ने कम से कम 10 लाख फलस्तीनियों को उत्तरी गाजा को खाली करके सुदूर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया, जिसके बाद लोगों ने बड़ी संख्या में क्षेत्र से पलायन शुरू कर दिया है। नागरिकों से निकलने के लिए इजरायल की चेतावनी के बीच, जमीनी कार्रवाई की आशंका बढ़ गई है। इजरायल ने इंटरनेट मीडिया पर और हवा से गिराए गए पर्चों में फिर से गाजा निवासियों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा है, जबकि हमास ने लोगों से अपने घरों में रहने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता समूहों ने कहा है कि इतनी तेजी से पलायन से अत्यधिक मानवीय पीड़ा होगी। अस्पताल के मरीज और अन्य लोग स्थानांतरित होने में असमर्थ होंगे। हजारों फलस्तीनी पहले ही दक्षिण की ओर जा चुके हैं। लेकिन आबादी का बड़ा हिस्सा 20 किलोमीटर दूर तक फैला हुआ है। हवाई हमलों से कई सड़कें ध्वस्त हो गईं और ईंधन की भी कमी हो गई है। हजारों लोग निकासी क्षेत्र के दक्षिण में दीर अल-बलाह में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूल-आश्रय में गए हैं।



## इजराइल से दो विमानों से 471 भारतीय लौटे

**नयी दिल्ली।** तेल अवीव से 471 भारतीयों को लेकर दो विमान रविवार सुबह दिल्ली पहुंचे। इनमें से एक उड़ान एअर इंडिया और दूसरी उड़ान स्पाइस जेट की थी। ऑपरेशन अजय के तहत कुल चार उड़ानें संचालित की गई हैं। सरकार ने यह अभियान उन भारतीयों के लिए शुरू किया है जो हमास की ओर से इजराइल पर किए गए हमले के बाद इजराइल से वापस आना चाहते हैं।

## अरब देश के नेताओं से मिले अमेरिका के विदेश मंत्री

**एजेंसी**

वाशिंगटन। इजराइल और हमास युद्ध के बीच अमेरिका एक्टिव हो गया है। उनके प्रतिनिधि अलग-अलग अरब देशों से मुलाकात कर रहे हैं, ताकि इस युद्ध पर विराम लगाया जा सके। अमेरिका यह नहीं चाहता है कि मध्य पूर्व और खाड़ी के देशों में नाराजगी बढ़े। मिस्र के अधिकारियों ने युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में मानविय सहायता की अनुमति देने के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों और अन्य देशों के नागरिकों और घायल फिलिस्तीनियों को सीमा पर करने

**सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मिले एंटनी ब्लिंकन**



की अनुमति देने पर इजरायल, अमेरिका और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूहों के साथ बातचीत जारी रखी। मिस्र के दो अधिकारियों ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानवीय सहायता के काफिले, जिनमें तुर्की और जॉर्डन के शिपमेंट भी शामिल हैं, गाजा तक डिलीवरी के लिए क्रॉसिंग पॉइंट के पास इंतजार कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात के बाद रियाद, सऊदी अरब में होटल लौट आए। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ब्लिंकन और क्राउन प्रिंस ने रविवार को राजधानी के बाहर निजी फार्म पर एक घंटे से भी कम समय तक बात की। यह पूछे जाने पर कि बैठक कैसी रही, ब्लिंकन ने कहा कि बहुत सार्थक। उन्होंने बातचीत के बारे में कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया।

# अयोध्या : रामलीला में वेदवती बनेंगी भाग्यश्री

**अयोध्या।** बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री इस साल रामलीला में वेदवती की भूमिका में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने पिछले साल कुछ समय के लिए सीता की भूमिका निभाई थी। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, वेदवती देवी सीता का पिछला जन्म है, जिन्होंने रावण को श्राप दिया था कि वह दूसरे जन्म में उसकी मृत्यु का कारण बनेगी। आयोजकों के मुताबिक, अयोध्या रामलीला के निर्देशक बॉबी मलिक ने कहा, रामलीला के प्रत्येक एपिसोड का यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा, जबकि दिल्ली और मुंबई के कई वरिष्ठ कलाकार यहां प्रदर्शन करेंगे। 11 दिवसीय कार्यक्रम में कई राज्यों से राजनीतिक और बॉलीवुड



हस्तियां आएंगी। मलिक ने दावा किया कि इस बार बॉलीवुड निर्माता बोनी कपूर दर्शकों के बीच होंगे।

## राकांपा के पूर्व सांसद की 315 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** इडी ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र से राकांपा के एक पूर्व सांसद, उनके परिवार तथा कारोबारी प्रतिष्ठानों के खिलाफ धनशोधन से जुड़ी कथित बैंक धोखाधड़ी की जांच के क्रम में 315 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त राकांपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य ईश्वरलाल शंकरलाल जैन ललवानी (77) राजमल लखीचंद ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वेलर्स के प्रवर्तक हैं। कंपनियों के बैंक धोखाधड़ी मामले में कुल 315.60 करोड़ रुपये मूल्य की कुछ पवनचक्की, चांदी तथा हीरे के आभूषण, ईंट और भारतीय मुद्रा के अलावा जलगांव, मुंबई, ठाणे, सिलोड (महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में) और कच्छ (गुजरात) में 70 अचल संपत्तियां कुर्क करने के लिए शुक्रवार को एक अस्थायी आदेश जारी किया था।

## तीन राज्यों के लिए कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों के लिए रविवार को क्रमशः 144, 30 और 55 उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें कमलनाथ, भूपेश बघेल और ए रेवंत रेड्डी समेत कई बड़े चेहरे शामिल हैं। पार्टी ने नवरात्रि के पहले दिन इन तीनों राज्यों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश विधानसभा की जिन 144 सीटों के लिए रविवार को उम्मीदवार घोषित किए, उनमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से ही चुनाव लड़ेंगे। टेलीविजन धारावाहिक में भगवान हनुमान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विक्रम मस्ताल को कांग्रेस ने प्रदेश

**▸▸ मप्र में सीएम शिवराज के खिलाफ बुधनी से अभिनेता विक्रम मस्ताल को दिया टिकट**

के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।

मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए जिन 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, उनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री बघेल पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे, जहां भाजपा के उम्मीदवार और उनके रिश्तेदार विजय बघेल उन्हें चुनौती देंगे।

# छह कंपनियों का मार्केट कैप 70,527 करोड़ बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 70,527.11 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि हुई, वहीं इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) तथा बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत घट गई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 287.11 अंक या 0.43 प्रतिशत के लाभ में रहा।

सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन



22,191.43 करोड़ रुपये बढ़कर 15,90,408.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 17,222.5 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,04,326.62 करोड़ रुपये रही।

भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 16,953.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,36,035.96 करोड़ रुपये तथा आईटीसी का 7,607.26 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,59,071.10 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 4,581.64 करोड़ रुपये बढ़कर 6,66,639.07 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 1,971.27 करोड़ रुपये बढ़कर 11,65,135.58 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 19,403.04 करोड़ रुपये घटकर 5,94,252 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस की

**हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आइसीआइसीआइ बैंक आइटीसी और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में हुई वृद्धि**

बाजार हैसियत 18,258.67 करोड़ रुपये के नुकसान से 13,06,391.11 करोड़ रुपये पर आ गई। एसबीआई का मूल्यांकन 16,019.67 करोड़ रुपये घटकर 5,14,191.52 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 7,137.72 करोड़ रुपये के नुकसान से 4,87,746.65 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## विशाल मैसूरु दशहरा उत्सव का हुआ आगाज

**मैसूरु।** प्रसिद्ध संगीतकार हम्सलेखा ने रविवार को ऐतिहासिक मैसूरु दशहरा उत्सव का उद्घाटन किया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार व मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों के अलावा, सांसद प्रताप सिम्हा और अन्य विधायक उद्घाटन के दौरान मौजूद रहे। दस दिवसीय उत्सव के भव्य उद्घाटन से पहले अन्य मंत्रियों के साथ सिद्धरमैया ने यहां देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। चामुंडेश्वरी को समर्पित है, जिन्हें मैसूरु शहर और मैसूरु वाडियार शाही परिवार की प्रमुख देवी माना जाता है। इस उत्सव को देवी चामुंडेश्वरी की असुर महिषासुर पर जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। महिषासुर को पराजित करने के बाद देवी ने एक पहाड़ी को अपना निवास स्थान बनाया, जिसे चामुंडी पहाड़ी के नाम से जाना जाता है।




Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX CASIO PAiSTe Fender Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Zildjian Roland Hertz Epiphone Cort Gibson stranger TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# आ गया नौ शक्तियों का मिलन पर्व

योगेश कुमार गोयल

**नौ दिन** तक चलने वाले नवरात्रि पर्व की शुरूआत हो चुकी है। आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के इस पावन पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। नवरात्रि के ये नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है।




नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार **शैलपुत्री** के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप **ब्रह्मचारिणी** को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है **चंद्रघंटा।** शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीश पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है **कुष्मांडा।** देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है **स्कन्दमाता।** भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है **कात्यायनी।** यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें **शुभंकारी** भी कहा जाता है। कालरात्रि केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्ज्वल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली ह्यमहागौरीह्न सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नौवीं शक्ति **सिद्धिदात्री** सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

# अस्तित्व को मां रूप में देखना आनंददायी

हृदयनारायण दीक्षित

**देवी** उपासना के उल्लासधर्मा उत्सव चल रहे हैं। यह प्रकृति की आराधना है। प्रकृति मां है। हम सब इसी के अंश हैं, इसी में पलते हैं। प्रकृति गर्भ से अरबों जीव आ चुके। प्रतिपल आ रहे हैं। सतत अविरल। पुनर्नवा। फूल, फल वनस्पति, प्राणी। प्रश्न उठते हैं कि बार-बार क्यों होता है ऐसा सृजन? वैसी ही नन्ही चिड़िया, गाय का निर्दोष बछड़ा। निष्कलुष, अनासक्त, लोभ मुक्त शिशु। जीवन अद्वितीय है। मां का ही प्रसाद है। प्रकृति सृजनरत है। यह संभवतः कोई गीत रच रही है-अनंतकाल से। अपूर्ण गीत को फिर-फिर संशोधित करती है। छन्दबद्ध करती है। लय देती है। प्रकृति लालित्य रस से भरी-पूरी है। सृजन रहस्यपूर्ण है 'ऊधो कहि न जाय का कहिए/देखत अति विचित्र रचना यह समुझि मनै मन रहिए।' यह जीर्ण शीर्ण को निरस्त करती है बार-बार। फिर नूतन प्रवाह और बार-बार सृजन।

प्रकृति माता है। हम सबको सींचती है प्रतिपल। वनस्पतियां आकर्षित करती हैं। वे हमारी प्राण ऊर्जा की पूरक हैं। कीट पतंग विविध परिधान में घूमते हैं। प्रकृति दशों दिशाओं से अनुग्रह की वर्षा करती है। हमारा अनुगृहीत भाव स्वाभाविक है। यहां समूची प्रकृति के प्रति धन्यवाद भाव है। वह हमारी माता है। दिव्यता के कारण देवी है। जननी होने के कारण माता है। यह जीवन प्रकृति का ही उपहार है। प्रकृति का पोषण, संवर्द्धन मां की ही सेवा है। व्रत आदि आस्था के विषय हैं। मुख्य बात है-प्रकृति में मां देखने की अनुभूति। यह अनुभूति 'सर्वभूतेषु मातृरूपेण' प्रतीति है।

प्रकृति स्वयंभू है,सदा से है। सभी रूप प्रकृति के ही रूप हैं। प्रकृति को मां देखते ही हमारी जीवनदृष्टि बदल जाती है। हम अपनी सुविधा के लिए उन्हें अनेक नाम देते हैं। दुर्गा, काली, सरस्वती, शाकम्भरी, महामेधा, कल्याणी, वैष्णवी, पार्वती आदि आदि। नाम स्मरण आंतरिक बोध में भी सहायक हैं। मूलभाव है-मां। या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमो नमः। प्रकृति को दिव्य मां देखना अंधविश्वास का प्रश्न नहीं। प्रकृति अखण्ड इकाई है। इस अखण्ड इकाई का नाम क्या रखें? नाम रखते ही रूप का ध्यान आता है। रूप की सीमा है। प्रकृति अनंत है। असीम और अव्याख्येय। इसे मां कहने में आह्लाद है।

सम्प्रति भारत का मन भावप्रवण है। भावप्रवण चित्त में ही शिवसंकल्प उगते हैं। दुनिया का सारा सुन्दर भावप्रवण लोगों ने गढ़ा है। सुन्दर काव्य या सुन्दर ऊक्त-सूक्त। कला सहित सारे सृजन। प्रकृति प्रत्यक्ष भाव बोध में माता है। माता देवी है। देवी माता है। देवी उपासना मां और संतान के अविभाज्य और अनिवर्चनीय प्रेम का चरम है। दुर्गा सप्तशती में भी यही अनुभूति है। यह मां सर्वभूतेषु उपस्थित है। मां मां है। मां न स्त्री है और न पुरुष। वह देवी है, दिव्य है, देवता है। प्रणम्य है। मां उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये तीन देवियां कही गयी हैं-इडा, सरस्वती, मही तिस्त्रो देवीर्मयो भुव।' (1.13.9) एक मंत्र (3.4.8) में 'भारती को भारतीभिः कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः।' मां हरेक क्षण स्तुत्य है। दुख और विषाद में मां आश्वस्तिदायी है तो प्रसन्नता और आह्लाद में भी मां की उपस्थिति जरूरी है। इसलिए 'भारती' को नेह-न्योता है। भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। ऋग्वेद में ऊषा भी देवी हैं। एक सूक्त (1.124) में 'ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं।' (वही मन्त्र 2) ऊषा, 'सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं।' (वही, 6) सबको समान दृष्टि से देखती हैं। ऋग्वेद में जागरण की महत्ता है। इसलिए 'सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैं।' (1.123.2) प्रार्थना है कि 'हमारी बुद्धि सत्कर्मों की ओर प्रेरित करे।' (वही, 6) ऊषा सतत प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी।' ऋग्वेद में मन की शासक देवी का नाम 'मनीषा' है। मनीषा और प्रज्ञा पर्यायवाची हैं। ऋषि आवाहन करते हैं 'प्र शुकैतु देवी मनीषा'। (7.34.1)

ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, 'श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नः'-हम प्रातःकाल श्रद्धा का आह्वान करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आह्वान करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) श्रद्धा प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) ऋग्वेद में जल को भी मां देखा गया है। वे 'जल माताएं' आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। मां ही जन्म देती है। मां नहीं तो सृष्टि विकास नहीं। ऋग्वैदिक ऋषियों की अनुभूति में संसार के प्रत्येक तत्व को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैं-विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बहुत बड़े देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया है: तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6) ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वाणी की शक्ति अपरिमित है। वाग्देवी (ऋग्वेद वाक्सूक्त 10.125) कहती हैं-'मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूं। मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूं। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूं आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3) हम सबने भारत को भी भारत माता जाना।

मां सर्वोत्तम अनुभूति है, प्रकृति की आदि अनादि अनुभूति। जीवन के हरेक स्पंदन में मां है। हम विराट का अंश है। मां भी विराट का अंश है। विराट अपने अंश हममें प्रकट करता है। मां को माध्यम बनाता है। हम 9 माह गर्भ में रहते हैं। मां की सांस हमारी सांस बनी रहती है। मां जागती रहती है, हम सो सकते हैं। वह सोई हो, तो भी हम जागते रह सकते हैं। गर्भ में हम ईर्ष्या राग द्वेष से मुक्त रहते हैं। भोजन, पानी और पोषण की चिन्ता से भी मुक्त। मां का गर्भ सर्वोत्तम सुरक्षा, सर्वोत्तम आनंद आश्रय और विकास के अवसर देता है। हम गर्भ से बाहर आते हैं, संसार में। उस समय मां असह्य और दुर्निवार व्यथा में होती है लेकिन हमारे संभवन को संभव बनाती है। वह हमारे होने, विकसित होने और सक्षम होने में अपनी भूमिका निभाती है।

श्रीकृष्ण या श्रीराम को ईश्वर का अवतार कहा जाता है। वे भी मां के माध्यम से ही यहां आए। अस्तित्व को मां रूप में देखना आनंददायी है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी मां है। ऋग्वेद माता की गहन अनुभूति से भरापूरा है। ऋषि आनंद उल्लास और आश्वस्ति के हरेक प्रतीक में मां देखते हैं। पृथ्वी माता है। कहते हैं 'माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वर्षा के जल से अपने अंतस ओज से वनस्पतियां धारण करती है।' ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं 'वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं।' (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। देवरूप मां की उपासना अतिप्राचीन है।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

# बंगाल में नवरात्रि की धूम, आखिरी के 4 दिन मां दुर्गा की विशेष पूजा

**सनातन** धर्म में सभी त्योहारों पर चमक और रौनक दिखाई देती है। वहीं शारदीय नवरात्रि की शुरूआत 15 अक्टूबर 2023 से हो रही है। हिन्दू धर्म में शारदीय नवरात्रि के महापर्व को बड़े त्योहारों में से एक माना जाता है। नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्रि का यह त्योहार पूरे 9 दिन तक मनाया जाता है, लेकिन बंगाल में नवरात्रि की अलग ही धूम देखने को मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बंगाल की दुर्गा पूजा की विशेषता के बारे में बताने जा रहे हैं।



बंगाल में नवरात्रि के आखिरी 4 दिन काफी धूमधाम से मनाए जाते हैं। नवरात्रि के इन चार दिनों में बंगाल की महिलाएं पारंपरिक साड़ी पहनकर ढाक की धुन पर एक प्रकार का नृत्य करती हैं। इसके अलावा बंगाल जगह-जगह पर भव्य पंडाल लगाए जाते हैं। मां दुर्गा को तमाम तरह को पकवान अर्पित किए जाते हैं। साथ ही कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

## विशेष होती है बंगाल की दुर्गा पूजा

दुर्गा पूजा का महापर्व पश्चिम बंगाल में बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस दौरान यहां पर बड़े-बड़े पंडाल सजाए जाते हैं। साथ ही मां दुर्गा की पूजा-आरती बड़े विधि विधान से की जाती है। लोग दूर दूर से बंगाल की दुर्गा पूजा देखने के लिए यहां पहुंचते हैं। बंगाल में नवरात्रि के छठें दिन से दुर्गा पूजा शुरू होती है और दस दिन तक चलती है। बंगाल के हिन्दुओं के लिए मां दुर्गा और काली की आराधना सबसे बड़ा पर्व है। बंगाल में दशहरे का पर्व भी सबसे ज्यादा अलग होता है

## दुर्गा पूजा 2023

पितृ पक्ष के खत्म होते ही शारदीय नवरात्र शरू हो जाते हैं। बंगाली भक्त नवरात्रि में दुर्गा पूजा की शुरूआत षष्ठी तिथि से होती है। बता दें कि बंगाल में इस साल दुर्गा पूजा की शुरूआत 20 अक्टूबर 2023 से शुरू होकर 24 अक्टूबर 2023 तक चलेगी। पांच दिन का यह त्योहार बंगालियों के लिए काफी अहम होता है। बंगाल के लोग नवरात्रि में प्रतिपदा तिथि से पंचमी तिथि तक मां दुर्गा की मूर्ति को सजाते और तैयार करते हैं। फिर छठें दिन से मां दुर्गा की उपासना करने का मान्यता है।

## दुर्गा पूजा की विशेषता

पंचमी तिथि से दशमी तक बंगाल में विशेष तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। इन पांच दिनों में बंगाल में कई तरह के अनुष्ठान जैसे, महालया, चाला, पुष्पांजलि, सिंदूर खेला, धुनुची नृत्य और पारा और बारिर का आयोजन किया जाता है।

# शारदीय नवरात्रि में 9 दिन मां दुर्गा को लगाएं विशेष भोग, जानिए पूजा का विधान

अनन्या मिश्रा

**मां दुर्गा** के भक्तों के लिए नवरात्रि के 9 दिन बहुत ही खास होते हैं। इस बार शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर 2023 से शुरू हो रहे हैं। इन 9 दिनों में मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा बड़े विधि विधान से होती है।

नवरात्रि के पहले दिन में मां दुर्गा की मूर्ति के सामने घट स्थापना की जाती है। नवरात्रि के इन 9 दिनों को पूरे नियम के साथ मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है और व्रत भी रखा जाता है।

**मां शैलपुत्री**

शारदीय नवरात्रि का पहला दिन मां शैलपुत्री का दिन माना जाता है। मां दुर्गा ने हिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया था। हिमालय पर्वत की पुत्री होने के कारण इनको शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। अगर कोई व्यक्ति माता शैलपुत्री का पूरे मन से ध्यान लगाता है तो उसके जीवन में अच्छे बदलाव होते हैं। माता शैलपुत्री के भक्त उनकी पूजा धन, रोजगार और निरोगी होने के लिए करते हैं। नवरात्रि के इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनने चाहिए। सनातन धर्म के लोग पीले रंग को बहुत महत्व देते हैं।

नवरात्रि के इस दिन की पूजा के बाद माता शैलपुत्री के चरणों में गाय के घी का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को निरोगी होने का आशीर्वाद मिलता है।

भोग- घाय के घी का भोग, रंग- पीला, मंत्र- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शैल पुत्री नमः

**मां ब्रह्मचारिणी**

शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से जीवन में सिद्धि और सफलता प्राप्त होती है। मां ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में कमंडल और दूसरे हाथ में जप माला है। मां ब्रह्मचारिणी प्यार और बलिदान प्रतीक हैं। मां ब्रह्मचारिणी को पूजा के बाद शक्कर का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से आपके घर वालों की उम्र लंबी होगी।

भोग- शक्कर का भोग, रंग- हरा, मंत्र- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं भ्रामचारिह्य नमः

**मां चंद्रघंटा**

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है। मां चंद्रघंटा अपने मस्तक पर अर्धचंद्र धारण करती हैं। यह बुरे कुकर्मों और पापों से मुक्ति भी दिलाती हैं। नवरात्रि के इस दिन भूरे या ग्रे रंग के कपड़े पहनना चाहिए। ऐसे वस्त्र बुराई को नष्ट करते हैं और दृढ़ संकल्प को जगाते हैं। मां चंद्रघंटा की पूजा से सकारात्मकता महसूस होती है। मां चंद्रघंटा को खीर या दूध से बनी कोई भी मिठाई का भोग लगाकर ब्राह्मणों को खिलाना चाहिए। ऐसा करने से मां चंद्रघंटा आपके सभी दुख दूर करेंगी।

भोग- दूध, मिठाई, खीर का भोग, रंग- भूरा या ग्रे, मंत्र जाप- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चंद्रघंताये नमः

**मां कुष्मांडा**

मां कुष्मांडा की पूजा नवरात्रि के चौथे दिन की जाती है। अगर भक्त इस दिन नारंगी रंग के कपड़े पहनकर पूजा करते हैं तो माता प्रसन्न होती हैं और आशीर्वाद देती हैं। यह रंग खुशी और सकारात्मकता का प्रतीक होता है। मां कुष्मांडा को सिद्धि की देवी कहा जाता है। इनके चेहरे पर सदैव मुस्कान दिखाई देती है। माता कुष्मांडा की पूजा करने से हमारे जीवन के दुख दूर हो जाते हैं। मालपुओं का भोग लगाकर मंदिर में बांटना चाहिए। ऐसा करने से माता खुश होती हैं और हमें बुद्धि देती हैं।



भोग- मालपुओं का भोग, रंग- नारंगी, मंत्र- ओम ऐं ह्रीं क्लीं कुष्मांडाये नमः

**मां स्कंदमाता**

शारदीय नवरात्रि के इस पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मां स्कंदमाता के चार हाथ और तीन आंखें हैं। मां स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय की माता हैं। मां दुर्गा के इस स्वरूप में यह हमें खुशी, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्त कराती हैं। इनकी पूजा के बाद केले का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से हमारा शारीरिक स्वास्थ्य हमेशा स्वस्थ रहता है।

भोग- केले का भोग, रंग- सफेद, मंत्र- ओम ऐं ह्रीं क्लीं स्कंध मताय नमः

**मां कात्यायनी**

शारदीय नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा होती है। माँ कात्यायनी के चार हाथ हैं और वह अपने हाथों में तलवार लिए हैं। मां कात्यायनी बाघ की सवारी करती हैं। इनकी पूजा करने से बीमारी और भय दूर होते हैं। नवरात्रि के इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनकर पूजा करनी चाहिए। मां कात्यायनी की पूजा के बाद शहद का भोग लगाना चाहिए।

भोग- शहद का भोग, रंग- लाल, मंत्र- ओम ऐं ह्रीं क्लीं कात्यायनि नमः

**मां कालरात्रि**

शारदीय नवरात्रि का सातवां दिन मां कालरात्रि का दिन माना जाता है। मां कालरात्रि का यह रूप सबसे अक्रामक है। मां कालरात्रि ने अपना यह रूप दुश्मनों के लिए धारण किया था। मां कालरात्रि की पूजा से जीवन के आर्थिक कष्ट दूर होते हैं और साथ ही नकारात्मक शक्तियां दूर भागती हैं। मां कालरात्रि की पूजा के बाद गुड़ का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से अचानक आने वाले संकट दूर हो जाते हैं।

भोग- गुड़ का भोग, रंग- नीला, मंत्र- ओम ऐं ह्रीं क्लीं कलरत्रिय्या नमः

**मां महागौरी**

नवरात्रि का यह आंठवां दिन मां महागौरी को समर्पित होता है। नवरात्रि के इस दिन पूजा गुलाबी रंग के वस्त्र पहनने चाहिए। माता महागौरी की पूजा करने से जीवन के सभी दुख, दरिद्रता से मुक्ति मिलती है और इनकी श्रृद्धापूर्वक अर्चना करने से निःसंतानों को संतान सुख मिलता है। यह हमारे जीवन में धन, स्वास्थ्य, नाम और सभी तरह की खुशियों को देती हैं। माता महागौरी के पूजन के बाद नारियल का भोग लगाना चाहिए और नारियल दान भी करने चाहिए।

भोग- नारियल का भोग, रंग- गुलाबी, मंत्र- ओम ऐं ह्रीं क्लीं महा गौरिये नमः

**मां सिद्धिदात्री**

शारदीय नवरात्रि का यह नौवां और आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री को समर्पित होता है। मां सिद्धिदात्री के चार हाथ हैं और यह कमल पर बैठी हैं। माता सिद्धिदात्री के पूजन से हमारे जीवन में सभी सिद्धियां आती हैं। मां सिद्धिदात्री की पूजा से हमारे जीवन के सभी रोग चुटकियों में ठीक हो जाते हैं। नवरात्रि के आखिरी दिन में बैंगनी रंग के कपड़े पहनकर माता सिद्धिदात्री की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन माता सिद्धिदात्री को तिल का भोग लगाने से अनहोनी से छुटकारा मिलता है।

भोग- तिल का भोग, रंग- बैंगनी, मंत्र- ओम ऐं ह्रीं क्लीं सिद्धिदात्रिये नमः

# गरबा में स्त्री पुरुष के साथ-साथ डांस पर रोक

**मंदिर** प्रांगण में महिलाओं और पुरुषों के लिए गरबा खेलने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। जानकारी के मुताबिक चाचरचौक में सिर्फ महिलाएं गरबा करेंगी जबकि पीतल गेट के बाहर पुरुष गरबा कर सकेंगे। मंदिर समिति नहीं है नियम महिलाओं की गरिमा को ध्यान में रखते हुए बनाए हैं।



गुजरात समेत देशभर में नवरात्रि का त्योहार 15 अक्टूबर से धूमधाम के साथ शुरू हो गया है। नवरात्र के दौरान गरबा खेलने के लिए लोगों में बेहद उत्साह देखने को मिलता है। इसी बीच गुजरात के अंबाजी मंदिर में गरबा को लेकर कुछ खास नियम मंदिर समिति ने बनाए हैं। इस नियम में प्रमुख नियम यह है कि मंदिर में पुरुष और महिलाएं गर्भ एक साथ नहीं खेल सकेंगे।

यानी मंदिर प्रांगण में महिलाओं और पुरुषों के लिए गरबा खेलने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। जानकारी के मुताबिक चाचरचौक में सिर्फ महिलाएं गरबा करेंगी जबकि पीतल गेट के बाहर पुरुष गरबा कर सकेंगे। मंदिर समिति नहीं है नियम महिलाओं की गरिमा को ध्यान में रखते हुए बनाए हैं।

मंदिर समिति द्वारा लिए गया फैसला बदला नहीं जाएगा। वही जो भक्त गरबा खेलने या गरबा देखने आना चाहते हैं उन्हें मंदिर आने पर आई कार्ड दिखाना जरूरी होगा। चाचा चौक में प्रवेश करने के लिए आधार कार्ड लाइसेंस के अलावा कोई भी सरकारी दस्तावेज दिखाकर ही प्रवेश मिल सकेगा। सूत्रों के मुताबिक यह फैसला जिला कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख की ओर से लिया गया है।

पूरे गुजरात में नवरात्रि के दौरान बेहद उत्साह और धूम देखने को मिलती है। राजकीय हर शहर व हर नुक्कड़ पर गरबा का आयोजन किया जाता है। हालांकि कुछ व सामाजिक तत्व गरबे के दौरान और सांस्कृतिक कृषि भी करते हुए नजर आते हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी कई स्थानों पर लगातार जांच करते रहेंगे। वही चाचा चौक में गरबा खेलने और गरबा देखने के लिए प्रवेश पाने के लिए लोगों को अपना आईडी कार्ड दिखाना जरूर होगा। सुरक्षा के लिए हास्य महिला और पुरुषों की एंट्री भी अलग-अलग गेटों से की गई है।

स्पीड न्यूज

## कलश यात्रा के साथ दुर्गोत्सव का शुभारंभ

**हिरणपुर (पाकुड़ )।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति के द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ दुर्गोत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा में जय माता दी के नारों से माहौल बिल्कुल भक्तिमय हो गया। जिसके बाद छठ पोखर से कलश में जल भरकर पूजा पंडाल में स्थापित की गई। कलश यात्रा में शामिल दसाई दोन की टीम ने अपनी कलाकारी दिखाई। कलश यात्रा के उपरांत मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। पुरोहित सुजय पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान भानु साहा सह दंपति से पूजा-अर्चना कराया।

## कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

**अमड़ापाड़ (पाकुड़ )।** स्थानीय बाजार स्थित वैष्णवी माता मंदिर परिसर में रविवार को शारदीय नवरात्र व्रत के प्रथम दिन कलश स्थापन के साथ शैलपुत्री माता की पूजा अर्चना की गई वही बनारस से आए आचार्य नागेश मिश्र व आचार्य सुनील मिश्र यजमान पूजा समिति के अध्यक्ष बबलू भगत के द्वारा वेदी पूजा-पाठ अर्चना किया गया। सभी देवी देवता का आह्वाहन कर पूजन किया गया। मंदिर में आए नवरात्र व्रत के उपवास किए हुए सभी श्रद्धालुओ को नवरात्र व्रत का संकल्प करवाया गया। संकल्प के बाद पाठ पररम्भ किया गया।

## शैलपुत्री का आह्वान कर पूजा-अर्चना

**दुमका।** दुमका सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का अनुष्ठान शुरू हो गया है। यहां के दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। इस मौके पर सुबह से ही दुर्गा स्थान, धर्मस्थान सहित शहर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा स्थलों पर अब नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कुष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाएगी।

## हवनकुंड में वर्ष में चार बार होता है नवरात्र

**जरमुंडी।** प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित हवन कुंड में कलश स्थापन के साथ रविवार को शारदीय नवरात्रि की पूजा प्रारंभ हुई। यहां वर्ष में चार बार शारदीय, बासंतिक व आषाढ़ी सहित माघी गुप्त नवरात्रि में कलश स्थापित कर आद्याशक्ति दुर्गा माता की पूजा का आयोजन होता है। आदिशक्ति मां दुर्गा की यह पूजा यज्ञकुंड में पुराने समय से हो रही है। यूं तो बाबा नागेश बासुकीनाथ मंदिर में आदिशक्ति की पूजा-अर्चना और साधना भक्तों द्वारा वर्षभर की जाती है। यहां मां पार्वती परामबा भगवती नागेश्वरी के रूप में भोलेनाथ के संग विराजमान हैं। माता पार्वती भगवान बासुकीनाथ की शक्ति हैं।

## कलीसियाई समुदाय ने शांति व अमन को लेकर निकाली विशाल रैली

**दुमका।** शहर के दुधानी स्थिति कैथोलिक चर्च के द्वारा रविवार को मूल कलीसियाई समुदाय कन्वेंशन के तत्वावधान शांति और अमन चैन को लेकर विशाल रैली निकाली गई। जिसमें बिहार, बंगाल, झारखंड से करीब पांच हजार ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए। धर्माध्यक्ष जुलियास मरांडी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ईश्वर से हमे शक्ति मिले, वरदान मिले। उनकी उपासना करे वह महान है, वह पवित्र है। हमे पवित्र होने के लिए चाहिए अपने पापों को स्वीकार करें। इस कन्वेंशन का मुख्य उद्देश्य किस तरह अपने तंबू को बढ़ायेंगे, आस पड़ोस के साथ अच्छा संबंध बढ़ायेंगे और एक दुसरे को अपना समझकर सहयोग की भावना से व्यवहार करेंगे। जिससे शांति का माहौल बन सके। धर्माध्यक्ष जुलियास मरांडी समेत इस कन्वेंशन में रांची के विशपों ने भाग लिया। इसके बाद में संत पॉल महागिरिजा घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों के शांति के लिए प्रार्थना किया। कार्यक्रम सिस्टर खीस्तन एचसी नेशनल सर्विस टीम की सदस्या कोलकाता एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य शामिल हुए।

# आज चलेंगी तेज हवाएं, कल बारिश के आसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बिहार में अगले 10 दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। पिछले 24 घंटे की बात करें तो राजधानी पटना समेत प्रदेश के 22 जिलों और शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट और 09 जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, पटना के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बता दें कि इस दौरान पटना का अधिकतम तापमान 34 डिग्री रिकार्ड किया गया।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर जिलों में सोमवार को बादल छाए रहने के आसार हैं। इस दौरान कुछ जगहों पर हल्की से मध्य स्तर की बारिश भी होने की संभावना है। रविवार दोपहर के समय पटना का अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इस दौरान 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं आर्द्रता लगभग 44% तक बनी रहेगी। जबकि, शाम के समय पटना का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाएगा। साथ ही हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। रात को पटना का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और हवा की गति 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक रहने की उम्मीद है। पटना में शनिवार को पूरे दिन कड़ी धूप खिली रही। इस दौरान आसमान बिल्कुल साफ रहा। हालांकि, गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। पिछले 24 घंटे के दौरान पटना का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि, शुक्रवार के मुताबिक शनिवार के तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मानसून सीजन के जाते ही ठंड की दस्तक शुरू हो गई है। पर चिंता की ये बात है कि ठंड की दस्तक के साथ शहरी हवा की सेहत भी बिगड़ने लगी है। बीते शनिवार को राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक के मुताबिक पटना का सूचकांक 213 पहुंच गया। ऐसी स्थिति करीब दो महीने बाद बनी है। मानसून के दौरान हवा में धूलकण की मात्रा में काफी कमी आयी थी और वायु गुणवत्ता सूचकांक संतोषजनक श्रेणी में था।

## मोरडीहा ग्राम में पिछले 32 वर्षों से बड़े धूमधाम तरीके से की जाती है दुर्गा पूजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित मोरडीहा गांव में सबसे अधिक भीड़ वाली दुर्गा पूजा होती है।और भव्य मेला भी लगती है।दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जयकांत यादव ने बताया कि पिछले32 वर्षों से लगातार इस गांव में प्रतिमा स्थापित कर मंदिर में भक्ति ,भावना, आस्था ,विश्वास, हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा पाठ कराई जाती है।और भव्य मेला भी लगती है।साथ ही साथ आदिवासी और देसी दोनों प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते रहा है।32 वर्षों पूर्व इस गांव के ग्रामीण मंडरो,भगैया,चपरी मेहरमा आदि जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन करने और मेले का लुत्फ उठाने के लिए जाते थे।लेकिन वर्षा के समय में भारी परेशानी होती थी।क्योंकि मोरडीहा गांव के चारों दिशा की ओर कुछ ही दूरी पर कोवा नदी स्थित है।उस समय किसी भी नदी के ऊपर ऊंचा पुल नहीं बना हुआ था। जिसके चलते की नदी में बाढ़ आने के कारण कई ग्रामीण और खासकर महिला और बच्चे प्रतिमा का दर्शन करने और मेले का लुत्फ उठाने नहीं जा पाते थे। इसी समस्या को देखते हुए ग्रामीण नवयुवकों ने एकाएक मन बनाया और दुर्गा मां के मंदिर की नींव की खुदाई अपने से करना शुरू किया।उस समय बजरंग दल नमक नवयुवकों की एक कमिटी बनाई गई।और फिर दुर्गा पूजा समिति के साथ-साथ दुर्गा मंदिर निर्माण समिति का भी अलग से गठन किया गया। इस निर्माण समिति के सहारे धीरे-धीरे मंदिर का भी निर्माण किया जाने लगा और अब 10 वर्षों पूर्व ही भव्य और आकर्षक मंदिर का निर्माण हो चुका है। दुर्गा पूजा समिति के कई वर्षों तक सचिव रहे और अभी के सम्मानित सलाहकार राजेंद्र प्रसाद वर्मा और शुरू से अबतक कोषाध्यक्ष रहे पूणानंद पंडित आदि ने बताया करीब तीन वर्षों तक सिर्फ बांस बल्ले के सहारे छोटा पंडाल खड़ा कर प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा पाठ की जाती थी।और उसी बांस बल्ले के पंडाल के अंदर ग्रामीण नवयुवक और स्कूली बच्चे नाटक भी खेला करते थे। उस समय करीब दो-तीन वर्षों तक बाहर के कलाकार प्रतिमा निर्माण करते थे।लेकिन अब मोरडीहा गांव के ही नामी ग्रामी प्रचलित कलाकार लाखपति पंडित आकर्षक प्रतिमा का निर्माण करते हैं।बीच में इसके बड़े भाई गजाधर पंडित भी कई वर्ष प्रतिमा का निर्माण कर चुके हैं।प्रत्येक वर्ष इस गांव में प्रथम पूजा से लेकर नवमी तिथि तक दुर्गा सप्तदशी पाठ पूजा कराई जाती है। नवमी तिथि को हवन होता है।दशमी तिथि को देसी मेला लगती है।और 11वीं तिथि को आदिवासी मेला के रूप में यहां प्रचलित है।प्रखंड क्षेत्र के अलावे गोड्डा जिले के कई प्रखंड और साहिबगंज जिले के कई प्रखंडों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य बिहार के भी कई जिलों के आदिवासी कलाकार आकर अपने बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हैं।इस वर्ष भी देसी और आदिवासी दोनों प्रकार का मेला लगेगा।भव्य पंडाल का भी निर्माण कराया जा रहा है।10वीं और 11वीं तिथि की रात्रि पश्चिम बंगाल के प्रचलित कलाकारों द्वारा भक्ति,शक्ति जागरण आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति की जाएगी।पश्चिम बंगाल के डिजाइन के तर्ज पर ही इस बार प्रतिमा और पंडाल का भी निर्माण कराया जा रहा है। करीब ?400000 खर्च होने का अनुमान बताया जा रहा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पिछले कई वर्षों से मंदिर और मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया जाता रहा है और इस वर्ष भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सभी कार्य होगा मोतिया पंचायत के विभिन्न गांव के करीब 100 से अधिक नवयुवक को स्वयंसेवक के रूप में बहाल किया जाता है जो मंदिर सांस्कृतिक मंच मेला परिसर आदिवासी मेला परिसर तोरण द्वार से लेकर गांव के विभिन्न मार्गों और प्रचलित प्रशिक्षित चौक तक भी तैनात रहते हैं साथ ही साथ ग्रामीण पुलिस और ठाकुरगंज थाना की पुलिस और पदाधिकारी भी उपस्थित रहते हैं हालांकि किसी प्रकार की कभी यहां गड़बड़ी नहीं होती है पिछले 32 वर्षों से अब तक बिल्कुल ही शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में पूजा और मेला संपन्न होते रहा है। सभी प्रकार के कार्यों में युवा शक्ति संघ के नवयुवक भी बढ़-कर कर भाग लेते हैं और बेहतर सहयोग करते रहे हैं।दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जयकांत यादव, उपाध्यक्ष मुखिया सबिता देवी,पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार साह, पंचायत समिति सदस्य सजमीरा बीबी, राजकुमार चौधरी सचिव नरेंद्र कुमार आजाद उर्फ डुग्गु,राजकुमार पासवान,प्रीतम यादव,रवि पासवान ,ज्योतिष कुमार साह,कोषाध्यक्ष पूणानंद पंडित,अजय कुमार साह सहित युवा शक्ति संघ सभी आठ दर्जन सदस्य मोरडीहा पंचायत के सम्पूर्ण ग्रामीण सहयोग करते रहे हैं।

## विधिक जागरूकता व विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रविवार को जिले के विभिन्न प्रखंडो में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता मेला का आयोजन किया। जागरूकता मेला नालसा, दिल्ली व झालसा, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। कार्यक्रम में जिले के सभी न्यायधीश अलग-अलग सभी दस प्रखंडो मे कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। साथ ही प्राधिकार के तहत मुफ्त कानूनी सेवा का विस्तार से जानकारी देकर लोगों को इसका लाभ उठाने की सलाह दी। इस दौरान दुमका, मसलिया, रानेश्वर,जरमुंडी, जामा, सरैयाहाट, शिकारिपाड़ा, काठीकुंड, गोपीकांदर आदि प्रखंडो मे लाखों रुपए का परिसम्पतियों का वितरण लाभुकों के बीच किया। इधर शिकारिपाड़ा मे जिला सत्र एवं अपर न्यायधीश-प्रथम, रमेश चंद्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान न्यायधीश ने 15,545 लाभुकों के बीच 5,01,59,200 रुपए का परिसम्पति का वितरण किया। प्रखंड द्वारा स्वीकृति मे से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पैशन के 396, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन 23, मुख्यमंत्री विधवा सम्मान पेंशन 113, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वालंवण 55, मुख्यमंत्री कन्यादान 49, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना 3087, प्रधानमंत्री बन्दना 1189, दिव्यांग यन्त्र 13, आदि वितरण किया गया। न्यायधीश श्री चंद्रा ने सांकेतिक रूप से 03 अम्बेडकर आवास, 05 को पेंशन, जेएस पी एल के द्वारा सखी मंडल महिला ग्रुप को करीब 6 लाख का चेक, 03 लाभुक को बिरसा सिंचाई कूप मिशन प्रमाण पत्र, 05 को जॉब कार्ड दिया गया। वहीं अंचल कार्यालय से आपदा राहत मे वज्रपात से हुई गाय की मौत से लाभुक को 30000 रुपया जबकि बाल विकास परियोजना कार्यालय से 01 को ट्राइसाईकिल और माताओ को गोद भराई और बच्चों का अन्नाप्राशन किया गया। इस मौके पर न्यायधीश रमेश चंद्रा ने कहा कि आज के समाज मे महिलाओ की भागीदारी जरुरी है इसके लिए महिलाओ को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाए चलाती है। इसका लाभ उठाने पर जोर दिया।

# 45 लाख की लागत से पदाधिकारियों के लिए बनेगा आवास, हुआ शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** ठाकुर गंगटी प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट स्थित पुराने थाना के पीछे विधायक दीपिका पांडे सिंह ने रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास, अंचलाधिकारी आवास, पर्यवेक्षकीय आवास, तृतीय वर्गीय, चतुर्थ वर्गीय आवास निर्माण कार्य का सिलनास किया। ग्रामीण कार्य विभाग के संवेदक द्वारा पांच करोड़ 45 लाख 12000 की लागत से उक्त आवास संबंधी भवन का निर्माण होगा। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करती हुई विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि करीब 33 वर्ष बीत चुका लेकिन अब तक प्रखंड अंचल के अधिकारियों और कर्मियों को रहने के लिए आवास नहीं था। जिसके चलते काफी परेशानी हो रही थी। आवश्यकता को देखते हुए इस भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलवाई गई। बताई कि कोरोना काल के वजह से भले ही करीब दो वर्ष तक काफी परेशानी रही लेकिन अभी मात्र दो वर्ष के अंतराल में ही काफी तेजी से विकास कार्य की गाड़ी दौड़ी है। हर क्षेत्र में काम हो रहा है।हरि देवी रेफरल अस्पताल में जल्द ही दो चिकित्सक को पदस्थापित कराया जाएगा।रामेश्वर ठाकुर जनजातिय महाविद्यालय भतखोरिया में जल्द ही डिग्री की पढ़ाई शुरू होगी।प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के विभिन्न गांव के आवश्यक जगह पर हाई मास्क लाइट लगवाया जा रहा है। पूर्व में भी कई जगहों पर हाई मास्क लाइट लगाया जा चुका है। अभी दुर्गा पूजा के समय में रोशनी की आवश्यकता के मध्येनजर काफी तेजी से लाइट लगाने का कार्य जारी है।साथ ही साथ कई जगहों पर मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण का कार्य भी हो चुका है। और अभी वर्तमान में भी कई जगहों पर जारी है। जो सड़के बहुत आवश्यक थी ऊसका निर्माण और मरम्मतीकारण भी करा दिया गया है।शेष बचे जर्जर सड़कों की भी जल्द मरमती कराई जाएगी।आवश्यकता के अनुसार चेक डैम,तालाब में घाट,तालाब खुदाई,जीर्णोद्धार, गाइड बॉल के साथ-साथ जरूरतमंद संबंधी भवन का भी निर्माण और जिर्णिद्धार हो रहा है। ग्रामीणों को और जो भी आवश्यकता होगी उसके अनुसार विकास का कार्य किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में क्षेत्र के ग्रामीणों को समस्या से जूझने नहीं दिया जाएगा।चाहे वह शिक्षा हो, स्वस्थ हो, बेरोजगारी हो, सड़क हो, बिजली हो या अन्य कोई समस्या या साधन हो। हर समस्या का निदान करते हुए आवश्यक साधन उपलब्ध कराया जाएगा किसी भी ग्रामीणों को कोई बात रखनी हो तो वह स्वतंत्र है।सीधे मिलकर बात कर सकते हैं।या फोनिक और व्हाट्सएप के माध्यम से भी अपनी समस्या और साधन की जानकारी दे सकते हैं। निश्चित रूप से समस्या का निदान किया जाएगा और साधन उपलब्ध कराया जाएगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर,उप प्रमुख कुंदन कुमार महतो, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष इग्नाशियश मुर्मू,मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल महतो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यकर्ता मिहिर महतो ने संचालन का कार्य किया। मुखिया मनोज कुमार यादव, महफील अंसारी, प्रतिनिधि निक्कू उर्फ प्रीतम कुमार झा,रंजन कुमार ठाकुर, गोविंद चनानी, माधव शुक्ला, राजेश रंजन कई वरिष्ठ कार्यकर्ता के अलावे कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**हंसडीहा।** हंसडीहा स्थित पगवारा गांव में शारदीय नवरात्र को लेकर दुगार्पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा एवं आकर्षक झांकी के साथ हुआ। भक्तिमय माहौल में लोगों ने जगह-जगह कलश शोभा यात्रा का स्वागत किया। सुबह पगवारा दुगार्मंदिर से 251 कलश शोभायात्रा निकाल धनवै रोड स्थित बुढ़ियारी बांध से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा देवघर मुख्य मार्ग होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विधिवत कलश को स्थापित किया गया।यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। सैकड़ों महिलाओं एवं कन्याओं ने मंगल गीत गाते हुए कलश धारण कर परिभ्रमण किया।

# शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें विजयदशमी : पाकुड़ पुलिस

### पुलिस की सोशल मीडिया पर है पैनी नजर, आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** नवरात्रि के मद्देनजर पाकुड़ जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट सतर्क है। इस संदर्भ में पाकुड़ पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय उत्सव है। हर वर्ग के लोग पूरी शांति और सोहद्रपूर्ण वातावरण में आपसी सद्भावना से उत्सव को संपन्न करने में सहयोग दें। सामाजिक और सांप्रदायिक व्यवस्था बनाए रखें। पाकुड़ पुलिस दिन-रात आपकी सेवा में उपस्थित है। किसी भी विषम परिस्थिति घटना की जानकारी तुरंत अपने नजदीकी थाने अथवा दी गई नंबर पर करें। हर हाल में आपकी पहचान गोपनीय रहेगी। पाकुड़ पुलिस ने अपील की है पंडाल के आसपास



किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, समाज को ठेस पहुंचाने वाला तथा अभद्र गीत संगीत न बजाए , साथ साउंड सिस्टम 40 से 50 डेसिमल से अधिक ना हो। किसी भी शर्त पर भ्रामक,तथ्यहीन, सूचना, फोटो, वीडियो एवं धर्म पर आधारित आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर ना करें। कम उम्र को बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से दूर रखें। सभी सोशल मीडिया ग्रुप, पेज, हैंडलर के एडमिन अपने-अपने ग्रुप पेज हैंडलर पर किसी प्रकार का आनावश्यक मैसेज पोस्ट ना करें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भड़काऊ एवं धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाले आदि जैसे पोस्ट या फॉरवर्ड ना करें। यह एक कानूनी और दंडनीय अपराध है। ऐसी अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी और पेनी निगाह बनी हुई है ।उसके खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।किसी भी अपात या विषम स्थिति में सीडीपीओ पाकुड़ मोबाइल नंबर 9470 59 1070, डी वाई एसपी 9470 5911 05, एसपी पाकुड़ 94 31 13 7400 संपर्क किया जा सकता है। पुलिस की सोशल मीडिया से संबंधित सभी अकाउंट पर नजर रखी जा रही है।

## महाकाल शक्तिपीठ में भव्य कलश यात्रा के साथ कलश स्थापना

**पाकुड़।** कलश स्थापना के प्रथम दिवस महा नवरात्रि के पावन अवसर पर कलश स्थापना के पूर्व शिवपुरी कॉलोनी(तलवाडांगा) स्थित महाकाल शक्तिपीठ महालय के प्रांगण से महाकाल शक्तिपीठ के संस्थापक स्वामी सिद्धार्थ परमहंस जी के नेतृत्व में विधिवत पूजन के प्रसाद कलश यात्रा को प्रारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं तथा बच्चियों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर महाकाल शक्तिपीठ के संरक्षक अनुग्राहित प्रसाद साह, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, प्रधान यजमान अनय कुमार, दुर्गा पूजा के प्रभारी अश्वनी झा,प्रशासक कुणाल प्रियदर्शी, धीरज कुमार सहित अनेक श्रद्धालु एवं शिष्य गण उपस्थित थे। कलश यात्रा को सफल बनाने में हीरानंदनपुर पंचायत के मुखिया नीपु सरदार, प्रवीण कुमार मंडल,उत्तम पाल सहित कई नौजवान कार्यकताओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया।

## कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गई। नवरात्रि के प्रथम दिन लोगों ने अपने-अपने घरों में विद्वत मंत्र उच्चारण के साथ कलश स्थापित कर जगत जननी मां दुर्गा का आह्वान किया।

# सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध



गढ़देवी मंदिर में तैनात पुलिस।

**गढ़वा।** दुर्गा पूजा के मौके पर मां गढ़देवी मंदिर सहित सभी पूजा पंडालों की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मां गढ़देवी मंदिर सहित विभिन्न पूजा पंडाल व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की तैनाती की गई है। साथ ही शहर में विभिन्न इलाकों में पुलिस गश्ती तेज कर दी गई है। ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। साथ ही विभिन्न पूजा पंडाल से पुलिस समन्वय स्थापित कर हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

# भ्रष्टाचार पर करो प्रहार बंद करो झूठा प्रचार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज रविवार को सीपीआईएमएल के जिला सचिव गोड्डा रामदास ने अपने समर्थकों के साथ गोड्डा की मुख्य सड़कों पर मार्च किया ।उनके समर्थकों में अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाए और पुरुष थे जो सरकार से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे, केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता राशि प्रधान मंत्री आवास योजनाओं में भी जनप्रतिनिधि और सरकारी पदाधिकारी मिल कर कमीशन ले लेते हैं ऐसा आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार के पदाधिकारी खुद इस कमीशन खोरी में शामिल हैं तो इनकी जांच यही पदाधिकारी करेंगे तो परिणाम शून्य होगा। इसकी जांच केंद्रीय सरकार की जांच टीम



द्वारा जमीनी स्तर पर कराई जाने की मांग करते हैं। इनकी वाजिब मांगों के साथ कुछ राजनीति से प्रेरित मांगो की तख्तियां भी कुछ लोगों के हाथ में थे जिनमे टैक्स की मार पूंजीपतियों की मोदी सरकार, यूपीए के तहत पत्रकारों की गिरफ्तारी बंद करो जैसी मांगें थी जो इनकी सादगी और भोले पन का लाभ उठाकर इनके राजनीतिक गुरु द्वारा इनसे अपनी बात कहना चाहते थे। भ्रष्ट्राचार का मुद्दा एक कटु सत्य है जो आज निचले स्तर से ऊपर तक सर्व व्याप्त है। ईडी, सीबीआई, की जांच और छापे में बड़ी बड़ी मछलियां फस रही जिसमेमंत्री, विधायक, पदाधिकारी सब मिले होते हैं और जांच और छापे में घरों से करोड़ों अरबों रुपए निकलते हैं। आई ए एस पदाधिकारी मंत्री ,मुख्यमंत्री तक पर भ्रष्ट्राचार का आरोप हो पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप लगे हो उसपर भी सबकुछ ठीक है कहा नही जा सकता। कार्यालय में एक पिऊन से लेकर पदाधिकारी तक जब लूट और कमीशन खोरी में शामिल हैं। आम जनता के पाकेट से दिन दहाड़े रुपया निकाले जा रहे हैं मजबूरी में उन्हे देना पड़ता है। कुकिंग गैस वाले पर्ची से अधिक रकम ले रहे जिनकी शिकायत वर्तमान एसडीओ गोड्डा और बीडीओ गोड्डा को भी गई लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। आखिर फरियाद करे भी तो किससे करे।

## ग्रामसभा आयोजित कर पुलिस ने दी नसीहत

**पाकुड़।** पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के निदेर्शानुसार मुफस्सिल थाना अंतर्गत गंधाईपुर पंचायत स्थित ग्राम हरिगंज मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोबेशनर डीएसपी, पुलिस निरीक्षक उमाशंकर जी , थाना प्रभारी सतीश कुमार, पाकुड़ (मु०) प्रभाग महोदय, थाना प्रभारी पाकुड़ (मु०) उपस्थित रहे। ग्राम सभा में पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि अवैध शराब, जुआ, लॉटरी एवम अन्य मादक पदार्थ का बेचना एवं सेवन गैर कानूनी है। इसे रोकने हेतु ग्राम वासियों का सहयोग जरूरी है ,साथ ही इस तरह के कार्य में लिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु लोगों से पुलिस की सहायता हेतु अपील की गई।